सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 06 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 64, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स ने लगायी 740 अंक की छलांग

शेयर बाजार में जोरदार तेजी आयी और दोनों सूचकांक ने लंबी छलांग लगायी। सेंसेक्स 740 अंक चढ़ा, वहीं निफ्टी में 10 दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा। } 14

## किसी को अपनी कार्य-पद्धति तय करने की न दें अनुमति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों को सलाह दी कि वे किसी को भी अपनी कार्य-पद्धति तय करने की अनुमति न दें और असफलता से नहीं डरें। } 16



### संक्षेप

## यूपी में 41 पीसीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। राज्य सरकार ने बुधवार को 41 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गौरव श्रीवास्तव को एडीएम ;प्रशासनद्ध देवरिया से एडीएम (वि/रा) सिद्धार्थनगर, ममता मालवीय अपर नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ से एडीएम (वि/रा) मुरादाबाद व जैनेंद्र सिंह उप निदेशक मंडी परीषद लखनऊ से एडीएम (प्रशासन) देवरिया बनाया गया है। दिनेश को एडीएम (प्रशासन) बरेली से मुख्य राजस्व अधिकारी मऊ, पूर्णिमा सिंह उप निदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी से एडीएम (प्रशासन) बरेली, भानु प्रताप यादव को संयुक्त निदेशक पिछड़ा वर्ग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फाइनल में भारत न्यूजीलैंड की भिड़ंत

लाहौर। आज चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड से हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र और केन विलियमसन की शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 312 रन बना सकी। इस तरह मिचेल सैंटनर की टीम ने यह मैच 50 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब टीम का सामना चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भारत से होगा। यह मैच नौ मार्च को दुबई में खेला जाएगा। बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र और केन विलियमसन की शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए। (विस्तृत खबर भीतर)

## यूपी पुलिस के 3480 आरक्षी हुए प्रोन्नत

लखनऊ। यूपी के डीजीपी के निर्देश पर प्रदेश भर में 3480 पुलिस आरक्षी का प्रमोशन कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय नें आज प्रमोशन सूची जारी कर दी गईं है प्रमोशन सूची जारी होनें के बाद 3480 आरक्षी मुख्य आरक्षी बना दिए गये है। यूपी पुलिस मुख्यालय से जारी की गईं सूची में प्रदेश भर के आरक्षी के नाम शामिल है। प्रमोशन सूची जारी होनें के बाद प्रोन्नत आरक्षियों में खुशी देखने को मिली है।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:21 | 4:55 | 6:11 | 5:09 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- पिछले 7-8 वर्षों में यूपी में आया बड़ा परिवर्तन (पृष्ठ-02)
- विस में पान, पान मसाला या गुटखा पर प्रतिबंध (पृष्ठ-02)
- रेल क्षेत्र की अन्य कंपनियों को भी दे सकेंगे वित्त (पृष्ठ-14)
- नये ऑर्डर मिलने से सेवा क्षेत्र में आयी तेजी (पृष्ठ-14)
- तेजस पायलटों के जीवन रक्षक प्रणाली का परीक्षण(पृष्ठ-14)


## हवाई अड्डे पर 14.2 किलो सोने के साथ कन्नड़ अभिनेत्री गिरफ्तार




एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव के पास से 14.2 किलोग्राम सोने की छड़ें जब्त की गई हैं, जिनका अनुमानित मूल्य 12.56 करोड़ रुपये है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री रान्या राव भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने बताया कि रामचंद्र राव वर्तमान में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत जल्द बनेगा 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था

### युवाओं को दे रहे रोजगार, बजट में 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीट की घोषणा की : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने सभी हितधारकों से रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास और नवोन्मेषण में निवेश करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ऐसा करना जरूरी है।

बजट के बाद आयोजित एक वेबिनार में मोदी ने कहा कि सरकार ने 2014 से तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करने और पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का फैसला भी किया गया है। मोदी ने कहा कि क्षमता निर्माण और प्रतिभा पोषण राष्ट्रीय विकास के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करते हैं। विकास के अगले चरण में इन क्षेत्रों में अधिक निवेश जरूरी है। उन्होंने कहा लोगों में निवेश की दृष्टि तीन स्तंभों-शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को आगे आना चाहिए, क्योंकि वे भारतीय अर्थव्यवस्था की सफलता की कुंजी हैं। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय



मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक (2015-2025) में 66 प्रतिशत बढ़ी है। भारत वर्तमान में 3,800 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है।

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं, जब देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा। उन्होंने अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी रखने के लिए सही दिशा में सही निवेश करने के महत्व पर भी जोर दिया। मोदी ने कहा कि सरकार ने युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल देने के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की है। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर स्तर पर व्यवसाय इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लें। इस साल के बजट में, हमने 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीट की घोषणा की है। अगले पांच साल में चिकित्सा क्षेत्र में 75,000 और सीट जोड़ने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने के सरकार के फैसले के बारे में भी बात की और कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने उद्योग जगत से स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया और रोजगार सृजन के लिए चिकित्सा पर्यटन की संभावनाओं पर भी जोर दिया। मोदी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत तक योगदान करने और करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार देने की क्षमता है। उन्होंने कहा पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में 50 ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ ने दुनिया को दिया नया संदेश

## जिसकी जैसी दृष्टि, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली : मुख्यमंत्री योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दावा किया कि 45 दिनों का महाकुंभ आयोजन अपराधमुक्त रहा और उन्होंने यह भी पूछा कि यह सामाजिक अनुशासन नहीं है तो और क्या है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज महाकुंभ में देखने को मिली।

मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आये और इन 45 दिनों (प्रयागराज में महाकुंभ की आयोजन अवधि) मे प्रयागराज हो, उत्तर प्रदेश हो, कहीं कोई लूट की घटना नहीं हुई, कोई अपहरण की घटना नहीं हुई। कोई दुष्कर्म व बलात्कार की घटना नहीं हुई, कोई भी छेड़छाड़ नहीं हुई, कोई भी ऐसी घटना नहीं हुई जिसके बारे में कोई अपने आप को शर्मिंदा महसूस करे। यह सामाजिक अनुशासन नहीं है तो और क्या है? उन्होंने कहा एकात्मता का इससे अच्छा उदाहरण और क्या हो सकता है। जाति की सारी सीमाएं टूट गई। कोई जाति का भेद नहीं, कोई पंथ का भेद नहीं, संप्रदाय का भेद नहीं, कोई क्षेत्र का भेद नहीं, देश की सीमाओं को भी लांघने वाले वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को जागृत करने वाले महाकुंभ ने एक नया संदेश दुनिया को दिया है। आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जब महाकुंभ का आयोजन हो रहा था उस समय हम लोग इस बात का अनुभव कर रहे थे कि बहुत सारे ऐसे माननीय सदस्य थे, या ऐसी पार्टियां थीं, ऐसे संगठन थे जो तमाम तरह के अनर्गल प्रलाप कर रहे थे लेकिन उस सबसे इतर रहकर के हम लोग उन सभी घटनाओं के मौन साक्षी बनकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने भी श्रीमद् भागवत गीता में इस बात का उल्लेख किया है कि मुझे जो जिस रूप में स्मरण करता है मैं उसी रूप में उसको दिखाई देता हूं। मुझे लगता है कि जिसकी जैसी दृष्टि थी उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली। आदित्यनाथ ने कहा कि कुंभ के बारे में चर्चा वही कर सकता है जिसने महाकुंभ का दर्शन किया हो। मुख्यमंत्री ने एक लेख को उद्धत करते हुए किसी का नाम लिये बगैर कहा, क्या पता कि ऐसे ही निंदकों के प्रतिकार में इस महाकुंभ में इतने रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु आए ताकि दुनिया जान ले कि समस्त हिंदू समाज एक है। उन्होंने कहा जो लोग कभी प्रदूषण को लेकर, कभी व्यवस्था को लेकर, कभी किसी अन्य छोटी खबर को लेकर तमाम प्रकार से इस महाकुंभ के आयोजन को किसी न किसी प्रकार से हतोत्साहित करना चाहते थे लेकिन उन सब निंदकों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जनता जनार्दन प्रतिकार के रूप में भी वहां पर उपस्थित होती दिखाई दी।

आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में नमामि गंगे परियोजना से पहले उत्तर प्रदेश में बिजनौर से बलिया तक एक हजार किलोमीटर के प्रवाह क्षेत्र में कानपुर में पिछले 125 वर्षों से सीसामऊ में चार करोड़ लीटर सीवर जल प्रतिदिन गंगा में घोला जाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा को अवसर मिला तो सरकार ने सीसामऊके उस सीवर प्वाइंट को सेल्फी प्वाइंट बनाने का काम किया और आज कानपुर में सीवर की एक भी बूंद गंगा में नहीं जाती है। उन्होंने प्रयागराज संगम पर पानी की शुद्धता को लेकर उठे विवाद की तरफ इशारा करते हुए कहा, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जो भी नमूने लिए जाते थे वह दूसरों ...शेष पृष्ठ 14 पर



## लोहिया के रास्ते से भटकी सपा औरंगजेब को बना रही आदर्श

विशेष संवाददाता

लखनऊ। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले बयान ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। बुधवार को विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर फटकार लगाई। योगी ने सपा से अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करने और उसे उत्तर प्रदेश भेजने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ विधानसभा व परिषद का प्रथम सत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के वर्ष 2025 का प्रथम सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। वहीं विधान परिषद में उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक 2025 समेत तीन विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुए। राष्ट्रगान के बाद नेता सदन के प्रस्ताव पर सदन की बैठक को सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया।

विधानसभा की कार्यवाही में कुल समयावधि 72 घंटे 56 मिनट रही। दस उपवेशनों के सत्र में स्थगन रहित समयावधि 69 घंटे 20 मिनट रही। जबकि सदन की कार्यवाही 3 घंटा 36 मिनट के लिए स्थगित हुई। 18वीं विधान सभा के लिए गत 18 फरवरी से 5 मार्च तक के बजट सत्र में नियम-300 के अंतर्गत कुल प्राप्त सूचनाओं की संख्या 18, सुनकर अग्राह की गयी सूचना, 5, तथा अस्वीकार की गई सूचनाओं की संख्या 13 रही। नियम-301 के तहत कुल 695 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें 346 स्वीकृत एवं 349 अस्वीकृत हुई। कार्यवाही के दौरान कुल प्राप्त प्रश्न-2747, स्वीकृत तारांकित प्रश्न-549, अतारांकित प्रश्न-1568 रहे।

## अमेरिका भारत पर लगायेगा जवाबी शुल्क

### दो अप्रैल से चीन के खिलाफ भी ठोस कदम उठायेंगे ट्रम्प

एजेंसी



न्यूयॉर्क /वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने की आलोचना की और इसे बेहद अनुचित करार दिया। ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अगले महीने से जवाबी शुल्क लगाए जाएंगे।

राष्ट्रपति ने जवाबी शुल्क को लेकर अपना पक्ष रखा और कहा कि ये दो अप्रैल से लगाए जाएंगे। वह अन्य देशों से आयात पर वही शुल्क लगाना चाहते हैं, जो वे देश अमेरिका से होने वाले निर्यात पर लगाते हैं। ट्रंप ने मंगलवार रात कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ शुल्क लगाए हैं और अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल करें। यूरोपीय संघ (ईयू), चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है। ऐसे अनेक देश हैं जो हमारी तुलना में हमसे बहुत अधिक शुल्क वसूलते हैं। यह बिल्कुल अनुचित है। व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में अपने दूसरे कार्यकाल में कांग्रेस को पहली बार संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो शुल्क वसूलता है। फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन जल्द भारत और चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगा, उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भी यह कहा था। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को यह स्पष्ट कर दिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आज उत्तराखण्ड दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल छह मार्च को एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड की यात्रा पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के इस दौरे से उत्तराखंड में धार्मिक पयर्टन व शीतकालीन पयर्टन को संजीवनी मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल हर्षिल-मुखवा की शीतकालीन धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। शासकीय सूत्रों से उपलब्ध करायी गयी जानकारी में बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी छह मार्च गुरुवार को सुबह 9.30 बजे हर्षिल-मुखवा पहुंच कर मां गंगा की पूजा व दर्शन करेंगे। यात्रा कार्यक्रम तय हो गया है। इसके बाद सुबह 10.40 बजे आईटीबीपी, सेना,निम के जवानों बाईक रैली को हरी झंडी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हाथरस भगदड़ : आयोजक व पुलिस प्रशासन जिम्मेदार

### न्यायिक जांच आयोग ने विधानसभा व परिषद के पटल पर रखी रिपोर्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। हाथरस में 2 जुलाई 2024 को सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट बुधवार को विधानसभा व विधान परिषद के पटल पर रखी गई। रिपोर्ट में घटना के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयोजकों को भी जिम्मेदार ठहराया गया है।

जांच में सामने आया कि कार्यक्रम की अनुमति देने में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं बरती और केवल कागजी खानापूर्ति की गई। रिपोर्ट में घटना में भोले बाबा की भूमिका को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। गौरतलब है हाथरस की सिकंदराराऊ तहसील के गांव फुलरई




मुगलगढ़ी में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खासकर सिकंदराराऊ के तत्कालीन एसडीएम, सीओ, प्रभारी निरीक्षक और पूरा कचौरी पुलिस चौकी के इंचार्ज की लापरवाही का उल्लेख किया है, जिन्होंने कार्यक्रम के बारे में उच्चाधिकारियों को सूचित नहीं किया और मार्गदर्शन नहीं लिया। आयोग ने जांच में पाया कि पुलिस और प्रशासन के किसी भी अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** एलएचडीसी के तहत सस्ती जेनरिक पशु चिकित्सा दवाओं की आपूर्ति पर मंत्रिमंडल की मुहर

## केदारनाथ-हेमकुंड साहिबजी रोपवे परियोजना को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को उत्तराखंड में दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनमें सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किलोमीटर) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं, जिनपर कुल 6,811 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं एक अन्य निर्णय में 3,880 करोड़ रुपये के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में बदलाव को मंजूरी देकर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण का रास्ता साफ कर दिया।

इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समयसीमा चार से छह




वर्ष निर्धारित की गई है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) के निर्णयों की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबे रोपवे का निर्माण डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) प्रारूप पर किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपये होगी।

रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) प्रौद्योगिकी पर आधारित होगा, जिसके तहत प्रति घंटे हर ओर 1,800 यात्री यात्रा कर सकेंगे। रोपवे के जरिये प्रतिदिन 18,000 यात्री यात्रा कर सकेंगे। वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी प्रारूप पर विकसित किया जाएगा, जिसपर कुल लागत 2,730.13 करोड़ रुपये आएगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आखिरकार लखनऊ में पकड़ा गया बाघ

### ग्रामीणों ने ली राहत की सांस, 90 दिन की मशक्कत के बाद हुए सफल

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। काकोरी में रहमानखेड़ा और पास के गांवों में 90 दिन से घूम रहा बाघ आखिर कार बुधवार को पकड़ा गया। बेंगलुरु से आये डाक्टरों ने बाघ को ट्रेंकुलाइज मारकर पकड़ा।

वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद बाघ पकड़ में नही आ रहा था। बाघ को पकड़ने के लिए अब तक लगभग 90 लाख रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं। बाघ के पकड़े जाते ही ग्रामीणों ने राहत कि सांस ली। बुधवार को पूरे क्षेत्र में चाय के स्टॉलों, ढाबों पर सिर्फ बाघ की ही चर्चा होती रही। रहमानखेड़ा के जंगलों में पांच दिन बाद सोमवार रात लौटे बाघ ने संस्थान के जंगल में पुराने कमांड सेंटर के पास



बंधे पड़वे का शिकार कर मार डाला था। पड़वे की रेंकने की आवाज सुनकर मचान पर बैठे डॉक्टरों ने बाघ को ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास करते हुए गन से डॉट फायर किया लेकिन डॉट बाघ को नहीं लगा था। इसके बाद बाघ शिकार छोड़कर जंगल में भाग निकला था। थर्मल ड्रोन कैमरे से बाघ की तलाश की गई लेकिन बाघ नहीं दिखा। मंगलवार की सुबह ट्रैकिंग के दौरान बाघ के पगचिन्ह संस्थान के कैथा बाग में पाए गए। मृत पड़वे के शरीर को रख कर वन विभाग बाघ के आने का इंतजार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विस में पान, पान मसाला या गुटखा खाने पर प्रतिबंध

## अब अप्रैल से आरएफआईडी प्रवेश पत्र विधायकों को दिये जायेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बजट सत्र के अंतिम दिन सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान, पान मसाला या गुटखा खाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की साथ ही विधायकों को निर्गत होने वाले वाहन प्रवेशपत्रों में नई नियमों की सूचना दी। उन्होंने अपनी व्यवस्था देते हुए कहा कि अब यदि कोई विधानसभा में पान, पान मसाला या गुटखा खाते हुए पाया जाता है। तो उससे पांच सौ रूपए का जुर्माना लिया जाएगा।

- **बागपत के धार्मिक आयोजन में मारे गये लोगों को भी मिले पचास-पचास लाख का मुआवजा**
- **कोरोना काल में महामारी एक्ट के तहत दर्ज किये गये मुकदमों में दायर चार्जशीट वापस लिये जाने की मांग**

विधानसभा अध्यक्ष की यह व्यवस्था तब आई जब बुधवार को किसी सदस्य ने सदन के परिसर में पान की पीक थूक दी थी। उन्होनें सीसीटीवी फुटेज के जरिए उस सदस्य को चिन्हित भी कर लिया था लेकिन उन्होंने उस सदस्य का नाम सार्वजनिक नहीं किया। उन्होंने इस बारे में सदस्यों को चेतावनी देते हुए ऐसा दुबारा न करने की चेतावनी दी। आज ही विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों को निर्गत होने वालें प्रवेशपत्रों के दुरूपयोग होने का उल्लेख करते हुए नई व्यवस्था दी। उन्होंने इस बावत एक घटना का उल्लेख करते हुए कि पिछले दिनों हिट एंड रन के मामले में पुलिस को एक वाहन पर विधायक का फर्जी आईडी पास लगा मिला था। इसके अलावा विधानसभा परिसर में भी एक वाहन पर फर्जी पास इस्तेमाल की सूचना पुलिस द्वारा दी गई है। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि यह अत्यंत गंभीर मामले हैं। सुरक्षा के जुड़े हुए इस प्रकरण में यह महत्वपूर्ण हो गया है कि नई व्यवस्था के तहत नए पास जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि अब अप्रैल से आरएफआईडी प्रवेश पत्र विधायकों को दिए जाएंगे। उन्हें सिर्फ दो वाहन पास मुहैया कराए जाएंगे। विधायक अपने कार्यकर्ताओ समर्थकों के लिए वाहन पास के लिए सचिवालय प्रशासन से संपर्क करें। विधायकों को भी अलग से पास देने के लिए सचिवालय प्रशासन अधिकृत है। सचिवालय प्रशासन द्वारा पास अलग से जारी किए जा सकेंगे।



इसी के साथ उन्होंने सदन को यह भी सूचित किया कि विधायकों के डिजिटल पास बन चुके हैं और पटल पर उपलब्ध हैं, वे प्राप्त कर लें और विधानसभा की सुरक्षा बनाए रखने में विधानसभा सचिवालय प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने विधायकों को आश्वस्त किया कि वे प्रयास करेंगे कि संसद की तर्ज पर विधायकों को वाहन प्रवेशपत्र निर्गत किए जाएं। आज ही सपा के सदस्य कमाल अख्तर तथा इंजीनियर सचिन यादव ने एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा पर विधायकों का अपमान करने का मामला उठाया। कमाल अख्तर ने कहा कि टोल पर कर्मचारियों के चरित्र की जांच करवा ली जाए। उनके आपराधिक चरित्र के बारे में देखा जाए। उन्होंने कहा कि टोल कर्मचारियों का विधायकों के प्रति व्यवहार काफी अपमान जनक होता है। सपा के ही इंजीनियर सचिन यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारी और आईएएस तो अपने परिवारीजनों के लिए भी पास अलग से बनवाते हैं। अधिकारियों को टोल वाले खुलेआम जाने देते हैं। उन्हें कोई रोक-टोक नहीं है। अगर विधायक के पास गनर न हो तो और भी दिक्कतें हैं। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए नियम हैं लेकिन यह ध्यान रखें कि पास विधायकों के लिए हैं कर्मचारी रिश्तेदारों के लिए नहीं। यह व्यवस्था हर सरकार में रही है। भाजपा के एक सदस्य विपिन वर्मा ने आज अधिकारियों के कक्ष में विधायकों का प्रवेश आम नागरिकों की तरह कराए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जब किसी अधिकारी के यहां कोई दूसरा अधिकारी जाता है तो उसके प्रवेश के लिए मुख्यद्वार खोला जाता है जबकि जनप्रतिनिधियों को आम नागरिकों की तरह स्टाफकक्ष से प्रवेश दिया जाता है। इस पर विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कमार खन्ना को निर्देश दिया वे मुख्यसचिव से बात करके यह सुनिश्चित कराएं कि जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों की तरह सम्मान के साथ प्रवेश दिया जाए। सपा के सदस्य अतुल प्रधान ने बड़ौत में जैन समाज के एक धार्मिक आयोजन में हुई भगदड़ के मामलें में नौ लोगों के मारे जाने का मामला उठाते हुए कहा कि सरकार द्वारा न तो मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी न ही उनके परिजनों को आर्थिक सहायता दी गयी। उन्होंने कहा जिस तरह कुंभ में मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख का मुआवजा दिया गया उसी तरह बागपत के धार्मिक आयोजन में मारे गए लोगों को भी पचास-पचास लाख का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री एक आयोजन में बागपत गये भी थे लेकिन उन्होंने वहां जाकर मृतकों के परिजनों के लिए कोई घोषणा नहीं की। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि संबधित घटना के सिलसिले में एडीएम की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर दी गयी है। जहां तक मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिए जाने का प्रश्न है तो मुख्यमंत्री के विवेक पर निर्भर है। इस बारे में उनसे बात करके कोई निर्णय लिया जा सकेंगा। संसदीय कार्यमंत्री के इस जवाब से अंसतुष्ट होकर सदस्य अतुल प्रधान से सदन से वाकआउट किया। आज ही सपा के फहीम इरफान कोरोना काल में महामारी एक्ट के तहत दर्ज किए गए मुकदमों में दायर चार्जशीट वापस लिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा जिस तरह सरकार दूसरे मामलों में आपराधिक मामलों में मुकदमें वापस ले रही उसी तरह उसे महामारी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमें वापस लेने चाहिए। सत्र के अंतिम दिन प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधायकों के वेतनवद्धि के संबध में एक समिति गठित किए जाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कल ही कांग्रेस की सदस्य आराधना मिश्रा मोना ने विधायकों की वेतनव्रद्धि का मामला उठाया था। सत्र के अंतिम दिन विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने अपने संबोधन में इस बात का जिक्र भी किया कि यूपी की विधानसभा का शुमार आज देश की आदर्श विधानसभा के रूप है। इसके लिए उन्होंने सदन के सभी सदस्यों का आभार जताया। 18 फरवरी से शुरू हुए विधानसभा के बजट सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

# हर विधायक विधानसभा का ब्रांड अम्बेसडर : महाना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रदेश की विधानसभा अब एक नए स्वरूप में समाज के हर वर्ग तक अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है। यह सकारात्मक परिवर्तन सदन के प्रत्येक सदस्य के प्रयासों का परिणाम है, जिसके लिए वे सभी प्रशंसा के पात्र हैं। महाना ने कहा, कि विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस सदन का ब्रांड एम्बेसडर है। यह विधानसभा हम सबकी है, और यहां हर सदस्य मेरे लिए सम्माननीय है।

बजट सत्र के समापन अवसर पर सदन को संबोधित करते हुए श्री महाना ने कहाए 'हमारी विचारधाराएं भिन्न हो सकती हैं, हमारे मत अलग हो सकते हैं, लेकिन हम सभी का उद्देश्य एक ही है जनसेवा। जनता अब पहले से अधिक जागरूक है और अपने प्रतिनिधियों से यह जानना चाहती है कि उन्होंने उनके लिए क्या कार्य किए हैं।' उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा की कार्यवाही को लेकर नकारात्मक चर्चाएं अधिक होती थीं, लेकिन अब परिस्थितियां बदली हैं। प्रत्येक विधायक को यह स्मरण रखना चाहिए कि उनके क्षेत्र की जनता उनकी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखती है। अब मतदाता यह तक जानने को उत्सुक रहते हैं कि उनका प्रतिनिधि सदन में कहां बैठा था और किन मुद्दों पर उसने अपनी आवाज बुलंद की। सोशल मीडिया के इस युग में विधानसभा की कार्यवाही जन-जन तक सहजता से पहुंच रही है, अतः प्रत्येक विधायक को अपने आचरण एवं भूमिका को उसी गंभीरता से निभाना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन का आधिकारिक मोबाइल ऐप लॉन्च हो चुका है, जिसमें इसकी स्थापना से लेकर अब तक के सभी महत्वपूर्ण भाषण एवं जानकारियां उपलब्ध हैं। उन्होंने विधायकों से आग्रह किया कि वे इस ऐप का अवश्य उपयोग करें और अपने क्षेत्र की जनता को विधानसभा का भ्रमण कराकर इसकी कार्यप्रणाली से परिचित कराएं, जिससे विधायिका के प्रति जनमानस का दृष्टिकोण और अधिक सकारात्मक बन सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश विधानसभा को एआई से लैस किया जाएगा, जिससे प्रत्येक विधायक की संपूर्ण जानकारी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होगी। अपने संबोधन के अंत में महाना ने संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना सहित समस्त मंत्रिमंडल एवं विपक्षी दलों के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने सभी को आगामी होली एवं रमजान की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आएं।

# मुजफ्फरनगर का नाम बदलने का मामला परिषद में उठा

## बीजेपी एमएलसी की विप में मांग, केशव प्रसाद का मिला समर्थन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। यूपी की योगी सरकार पूर्वांचल के कई जिलों का नाम बदल चुकी है। अब पश्चिमी यूपी के एक जिले का नाम बदल सकता है। इलाहाबाद का नाम प्रयागराज, फैजाबाद का नाम अयोध्या, मुगलसराय का नाम पंडित दीनदयाल नगर करने के बाद अब मुजफ्फरनगर का नाम बदलने की मांग विधान परिषद में बीजेपी एमएलसी और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने की है।

बेनीवाल ने मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने की मांग की है। बेनीवाल की मांग का समर्थन प्रदेश सरकार में सबसे कद्दावर मंत्री डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने भी कर दी है।विधान परिषद में भाजपा एमएलसी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने महाभारतकालीन शुकतीर्थ एवं धार्मिक धरोहरों का हवाला देते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद का नाम मुगल शासक मुजफ्फर अली के नाम से होना उचित नहीं है। हमारी परम्पराओं के प्रति सम्मान के लिए हमारी भूमि/नगरों के नाम भी सभ्यता/परंपरा के अनुरूप हों। विधान परिषद अध्यक्ष के माध्यम से उन्होंने कहा कि महाभारतकाल से जुड़े जनपद मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने की मांग करता हूं। यह केवल नाम बदलने का प्रश्न नहीं है, बल्कि हमारे सांस्कृतिक गौरव, सभ्यता के पुनर्जागरण व ऐतिहासिक सत्य की पुनर्स्थापना का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर कोई साधारण भूमि नहीं है, महाभारत काल से जुड़ें हुए इसी जनपद के शुक्रताल में राजा परीक्षित ने ऋषि शुकदेव से भागवत पुराण का ज्ञान प्राप्त किया था। ऐसे में इस पवित्र स्थान का एक मुगल शासक मुजजफ्फर अली के नाम से जाना उचित नहीं होगा? यह क्षेत्र कृषि, व्यापार व आर्थिक सम्पन्नता के साथ गुड़ की मिठास का भी केंद्र है। लक्ष्मीनगर नाम क्षेत्र की आर्थिक प्रगति का प्रतीक बनेगा। यह नाम गंगा के निर्मल प्रवाह जैसा परिवर्तनकारी होगा जो हमारी सभ्यता व सांस्कृतिक गौरव को पुनः स्थापित करते हुएए इस क्षेत्र की पहचान को दिशा देगा। बेनीवाल की मांग पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि किसी मुद्दे को लेकर चर्चा की जा सकती है और जनता की भावनाओं के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। मुजफ्फरनगर का नाम बदलने की मुहिम काफी समय से चल रही है। कई संगठन मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मी नगर करना चाहते हैं। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने कार्यक्रमों और कामकाज में मुजफ्फरनगर की जगह लक्ष्मीनगर का ही उपयोग करता है।

# भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था ध्वस्त

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कहा है कि भाजपा सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था बर्बाद हो गयी है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। आठ वर्ष से बजट की लूट चल रही है। विकास कार्य ठप है। किसान, नौजवान, महिलायें, व्यापारी सब परेशान है। सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से असफल है। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठ बोलने के अलावा भाजपा के पास कुछ नहीं रह गया। भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली और नीतियों से हर वर्ग परेशान है।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों के लिए पहले खाद-बीज और कीटनाशक नहीं मिलता, जब फसल तैयार हो जाती है तो उन्हें फसलों की सही कीमत नहीं मिलती। गन्ना, आलू, गेहूं सभी फसलों के किसान परेशान है। भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। बिचौलिए मुनाफा कमा रहे हैं। सरकार खुद मुनाफाखोरी और महंगाई को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रदेश में हर गांव-शहर में पढ़े-लिखे बेरोजगार नौजवानों की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रदेश में इतनी बेरोजगारी कभी नहीं थी। एक तरफ बढ़ती महंगाई दूसरी तरफ रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुकी बेरोजगारी ने सबकों तबाह कर रखा है। भाजपा सरकार में व्यापारी दोषपूर्ण जीएसटी से परेशान है। व्यापारियों पर छापे डलवाकर भाजपा सरकार उन्हें प्रताड़ित करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद खराब है। हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। कोई सुरक्षित नहीं है। महिलाओं के साथ अपराध की घटनाओं में उत्तर प्रदेश नम्बर एक है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में प्रदेश नम्बर एक है। भाजपा सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया है। उत्तर प्रदेश पर नौ लाख करोड़ रुपये का कर्ज कर दिया है। भाजपा सरकार में प्रदेश में प्रति व्यक्ति पर 36 हजार रुपए का कर्ज हो गया है। प्रदेश की जमीनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। सरकार निवेश के नाम पर झूठ बोल रही है। सरकार का दावा है कि 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ था लेकिन जमीन पर कोई निवेश नहीं दिखाई दे रहा है। निवेश के नाम पर फर्जी निवेशक पकड़े जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने झूठे आश्वासन और जनता को गुमराह करने के सिवाय आठ वर्ष में कोई उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं किया।

# सरकार महिला प्रधानों को बनायेगी सशक्त : मुख्य सचिव

## महिला प्रधानों के लिए 'ऊर्जा, विकास की बात: महिला प्रधान के साथ' विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने महिला प्रधानों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला प्रधानों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और पहल को लागू कर रही है, जिससे वे अपने क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और महिला अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने महिला प्रधानों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य सचिव बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष्य में महिला प्रधानों के लिए 'ऊर्जा, विकास की बातः महिला प्रधान के साथ' विषयक आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला का उदघाटन कर रहे थे। इस मौके पर सी 3 की कार्यकारी निदेशक डॉ. अपराजिता गोगोई ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए, महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने में संस्था के प्रयासों पर प्रकाश डाला। इसके बाद महिला सशक्तिकरण से संबंधित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें महिला प्रधानों ने अपने अनुभव, चुनौतियां और उपलब्धियां साझा कीं। इस चर्चा में महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन और पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों के लिए 'ओपन हाउस' सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें खुलकर अपने विचार साझा करने का अवसर मिला। कार्यशाला के दौरान मुख्य सचिव ने ग्राम प्रधानों के लिए विशेष रूप से तैयार 'ग्राम पंचायत विकास योजना व सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण' से संबंधित संसाधन सामग्रियों का विमोचन किया और महिला प्रधानों को उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचायती राज मंत्रालय के निर्देशानुसार किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिला प्रधान के नेतृत्व को प्रोत्साहन देना और सशक्त बनाना ताकि वह अपने ग्राम पंचायत के विकास और सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन और आगामी कार्य योजनाओं की चर्चा के साथ हुआ। इस पहल से महिला प्रधानों को न केवल नई जानकारियां और संसाधन प्राप्त हुए, बल्कि उन्हें नीति-निर्माताओं एवं विशेषज्ञों के साथ संवाद करने का अवसर भी मिला। यह कार्यशाला राज्य में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगी और ग्राम पंचायतों में महिला नेतृत्व को और मजबूती देगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार, निदेशक पंचायती राज राजेश कुमार त्यागी वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश में दलितों के खिलाफ बढ़ रही बर्बरता : तनुज पुनिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन, सांसद तनुज पुनिया ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश में लगातार दलितों के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न/अपराधों पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रो. आरबी बौद्ध, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा, सिद्धिश्री मुख्य रूप से मौजूद रही।

- **उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन सांसद तनुज पुनिया ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना**



तनुज पुनिया ने प्रेसवार्ता की शुरूआत मशहूर कवि अदम गोंडवी जी की लाइनों से की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों के खिलाफ बर्बरीयत बढ़ती जा रही है। सच तो यह है कि योगी सरकार में दलित होना अपराध हो गया है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आकड़ों के मुताबिक प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। एनसीआरबी के हालिया आकड़े के अनुसार वर्ष 2022 में अनुसूचित जातियों के लिए कानून के तहत 51656 मामलों में से, उप्र में 12287 मामले दर्ज हुए थे।

तनुज पुनिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ जो जघन्य अपराध हो रहे हैं वो तो न सिर्फ बदस्तूर जारी हैं, बल्कि बढ़ते जा रहे हैं और दुर्भाग्य देखिये कि जो सामाजिक अपराध होने बंद हो चुके थे, वह इस सरकार में पुनः होने लगे हैं। उन्होंने अभी हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ कुछ प्रमुख अपराध की घटनाओं का जिक्र किया। तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में एक तरफ जहां दलित अपनी राजी -रोटी के लिए परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण पर भी इस सरकार की कुदृष्टि है।

69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में जिस प्रकार आरक्षण के नियमों का उल्लंघन हुआ और कोर्ट के दो-दो आदेशों के बावजूद सरकार द्वारा उनका पालन न करना दलित एवं आरक्षण विरोधी मंशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि दलितों के हितों का झूठा दावा करने वाली यह सरकार न तो उन्हें रोजगार दे पाई, न सुरक्षा दे पायी और न ही उनकी अस्मिता बचा पायी।

# चच्चू-चच्चा को लेकर शिवपाल ने सीएम योगी पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तो माता प्रसाद पांडेय हैं लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव को निशाने पर लेते रहते हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का चाचा होने के कारण शिवपाल यादव को सीएम योगी चच्चू और चच्चा कहकर पुकारते हैं। कभी-कभी ही शिवपाल यादव का नाम लेते हैं।

सीएम योगी की इसी अदा को लेकर अब शिवपाल यादव का गुस्सा फूटा है। बुधवार को विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत में शिवपाल ने कहा कि उन्हें (सीएम योगी) को केवल नाम बदलना आता है। आप लोग देखते ही हैं, हमेशा चच्चू चच्चू चच्चा चच्चा कहते रहते हैं। ऐसा न हो किसी दिन आप लोगों का भी नाम बदल दें।



शिवपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और किसानो की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ का नाम लिये बगैर उन्होंने कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा कि संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिये काला धब्बा साबित होगी। शिवपाल ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट भी किया है। लिखा कि विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात। जनता देख रही ये खेल निराला, मुद्दों से भागने का अंदाज निराला। सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा, पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा। चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे, या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे। राम का नाम लेकर राज पा लिया, पर जनता को क्या असल इंसाफ दिला दिया। चाचा-भतीजा के पीछे वक्त गंवा रहे हो, मुद्दों पर बोलने से क्यों घबरा रहे हो।

# अंसल के बैंक खातों पर रोक, आवंटियों के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी

## मकान, फ्लैट व प्लॉट बुक कराने वालों का जुटाया जा रहा रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण) की ओर से नियुक्त रिसीवर ने कार्रवाई करते हुए बैंक खातों पर रोक लगा दी है। रिसीवर ने बुधवार को खातों के संचालन पर रोक का पत्र दे दिया है।

अब अंसल के अधिकारी बैंक से पैसा नहीं निकाल सकेंगे। बैंकों में लेनदेन के लिए रिसीवर नए खाता संचालक नियुक्त करेगा। रिसीवर की टीम मकान व प्लॉट बुक कराने वालों का रिकॉर्ड जुटा रही है। आवंटियों के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। आवंटियों को दावा पत्र जमा करने में परेशानी न हो इसके लिए नया फार्म भी बनाया गया है। एनसीएलटी की वेबसाइट पर आनलाइन दावा दर्ज किया जाएगा। अंसल के ऑफिस के गेट पर 44 सवालों और उनके जवाबों का नोटिस चस्पा किया गया है। बुधवार को भी अंसल ऑफिस पहुंचकर लोग अपने प्लॉट-दुकान से जुड़ी जानकारी लेने का प्रयास करते रहे। अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी पर राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की ओर से की गई कार्रवाई के मामले में नियुक्त रिसीवर (आईआरपी) नवनीत गुप्ता ने कंपनी की वेबसाइट को बंद कर दिया है।

इसके साथ ही निवेशकों को क्लेम के लिए अप्लाई करने के लिए वेबसाइट भी जारी की गई है। निवेशकों की सहूलियत के लिए वेबसाइट जारी की है। नोटिस में लिखा है- क्लेम के लिए अप्लाई करने वालों को बताया जाता है कि वे इसे केवल ऑनलाइन ही अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग श्रेणी के अलग फॉर्म हैं। जैसे इंडिविजुअल क्लेम के लिए फॉर्म डी भरना है। एनसीएलटी के रिसीवर नवनीत गुप्ता मंगलवार को पुलिस सुरक्षा के बीच लखनऊ पहुंचे थे और अंसल के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया था। उन्होंने फाइनेंस से जुड़े दस्तावेजों की मांग भी की।

### दो साल से लेकर दस साल तक की सजा का प्राविधान

मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद एलडीए ने अंसल के पास बंधक 411 एकड़ जमीन को फर्जीवाड़े से बेचने के मामले में अंसल, उसके प्रमोटर्स प्रणव अंसल, सुनील अंसल, फ्रेंसेटी पैट्रिका अटकिशन और डायरेक्टर विनय कुमार सिंह के खिलाफ गोमतीनगर थाने में मंगलवार को एफआईआर दर्ज कराई है। सीएम योगी के आदेश के 24 घंटे बाद ही लखनऊ विकास प्राधिकरण के अमीन अर्पित शर्मा ने मुकदमा दर्ज करा दिया। बीएनएस 316(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 352, 351(2) और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 के तहत केस दर्ज हुआ है। इन सभी धाराओं में दो साल से लेकर दस साल तक की सजा है।

### पांच राज्यों में 21 से ज्यादा टाउनशिप बनायी

1967 में अंसल एपीआई नाम से रियल स्टेट कंपनी रजिस्टर्ड हुई। 2025 तक 7000 से ज्यादा निवेशकों ने इसमें रुपया लगाया है। राजधानी लखनऊ, दिल्ली-एनसीआर समेत पांच राज्यों में अंसल एपीआई ने अपनी 21 से ज्यादा टाउनशिप बनाई। कम दाम में फ्लैट, जमीन, मकान खरीदने का वादा करने वाले अंसल के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच चल रही है। अलग-अलग जिलों में सैकड़ों मुकदमे दर्ज हैं। मौजूदा समय में लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में निवेश करने वालों का कहना है कि अंसल ने यूपी के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला किया है।

### एलडीए को भेजा पत्र, संपत्तियों और दस्तावेजों की मांगी जानकारी

मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिवालिया घोषित किए जाने की समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को लेकर एनसीएलटी की ओर से एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। रिसीवर नवनीत कुमार गुप्ता की ओर से यह पत्र भेजा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पत्र के जरिये रिसीवर ने एलडीए से कहा है कि एनसीएलटी की ओर से अंसल को दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 7 के तहत कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत रिसीवर को कॉरपोरेट देनदार के लिए सीआईआरपी के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एजेंसी ने प्राधिकरण से अंसल से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। जानकारी मांगी गई है कि देनदार यानी अंसल के खिलाफ मुकदमा, लंबित मुकदमों की कार्यवाही, जिसमें किसी भी न्यायालय, न्यायाधिकरण, मध्यस्थता पैनल या अन्य प्राधिकरण में किसी भी निर्णय, डिक्री या आदेश का निष्पादन शामिल है। प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि बिना किसी बाधा के देनदार की भूमि के बारे में सभी डेटा और जानकारी प्रदान करें। इसके अलावा एनसीएलटी के आदेश के अनुसार आईआरपी को कॉरपोरेट देनदार की सभी संपत्तियों और दस्तावेजों की जानकारी और डेटा प्रदान करें। कहा गया है कि आईआरपी अपने सभी कार्यों को संहिता की धारा 17, 18, 20 और 21 के अनुसार करेगा। इसके अतिरिक्त, आईबीसी की धारा 18 के अनुसार, आईआरपी को कॉरपोरेट देनदार की सभी संपत्तियों का नियंत्रण और हिरासत लेने का अधिकार है। इसके अलावा, धारा 25 के अनुसार, समाधान पेशेवर कॉरपोरेट देनदार की संपत्तियों को संरक्षित और सुरक्षित रखने और इसके संचालन का प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार है। यह भी कहा गया है कि प्राधिकरण के पास अगर कोई कॉरपोरेट देनदार के खिलाफ कोई दावा है, तो जल्द से जल्द आईआरपी के पास अपने दावे प्रस्तुत करें।

# मेट्रो रेल कॉरिडोर के पास भवन बनाना होगा महंगा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश में मेट्रो रेल कॉरिडोर में भवनों का नक्शा पास कराने वालों को अब 25 फीसदी अतिरिक्त विकास शुल्क देना होगा। इसे सुख सुविधा शुल्क नाम दिया गया है। प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद ने उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विशेष सुख-सुविधा शुल्क का निर्धारण व वसूली) नियमावली जारी कर दी है।

प्रदेश के पांच शहरों में मेट्रो रेल व रैपिड रेल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके आसपास जमीनों की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं और व्यवसायिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। इससे इन भवनों में आने-जाने वाले लोगों की संख्या में इजाफा तेजी से हो रहा है। इस कॉरिडोर के दायरे में रहने वाले सुख-सुविधाएं तो ले रहे हैं, लेकिन इसके एवज में कुछ दे नहीं रहे हैं। इसीलिए इसके दायरे में नक्शा पास कराने वालों से सुख-सुविधा शुल्क के एवज में 25 प्रतिशत अतिरिक्त विकास शुल्क लेने का फैसला हुआ है। यह शुल्क उन सभी विकास प्राधिकरणों में वसूला जाएगा, जहां पर मेट्रो रेल या फिर रैपिड रेल जैसी सुविधाएं हैं। 10 हजार वर्ग मीटर से बड़े भूखंड स्वामी इस शुल्क को एक साथ भी दे सकेंगे और किस्तों में भी इसका भुगतान कर सकेंगे। इसे साधारण ब्याज की 12 प्रतिशत वार्षिक दर से अधिकतम दो साल की अवधि में वसूला जाएगा। समय से न दे पाने पर 15 प्रतिशत ब्याज लिया जाएगा।

# गरीबों के फ्लैटों में 15 प्रतिशत की छूट देगा आवास विकास

## सात को निदेशक मण्डल की बैठक में लाया जा रहा प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद अपनी विभिन्न योजनाओं में रिक्त फ्लैटों में 15 प्रतिशत की छूट देने जा रहा है। होली के अवसर पर आवास चाहने वालों के लिए यह अच्छी खबर हो सकती है। आवास विकास ने पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत 143 फ्लैट ही बेचे हैं। हाल यह है कि दुर्बल आय वर्ग के 5757 फ्लैट और अल्प आय वर्ग श्रेणी फ्लैट्स के लगभग 3228 फ्लैट नहीं बिक सके हैं इससे लगभग दो हजार करोड़ रुपये फंसे हैं।

अब इन फ्लैटों को बेचने के लिए छूट की योजना से सम्बंधित प्रस्ताव परिषद की आगामी 7 मार्च को बोर्ड बैठक में लाया जा रहा है। परिषद की विभिन्न योजनाओं में विभिन्न श्रेणी के लगभग 11676 फ्लैट्स जिनमें से लखनऊ जोन के अन्तर्गत बहुमंजिले एवं जी+3 के अन्तर्गत लगभग 1411 दुर्बल आय वर्ग फ्लैटस रिक्त हैं जिसके सापेक्ष लगभग 247.45 करोड़ रुपये फंसे हैं। इसी प्रकार अल्प आय वर्ग फ्लैट्स लगभग 2097 रिक्त हैं जिसके सापेक्ष लगभग 731.26 करोड़ रुपये फंसे हैं। मेरठ जोन के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग के 4223, अल्प आय वर्ग के 740 फ्लैट रिक्त हैं। बरेली जोन के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग के 123, अल्प आय वर्ग के 62 फ्लैटस रिक्त हैं आगरा जोन में अल्प आय वर्ग के लगभग 78 फ्लैट्स रिक्त हैं। कानपुर जोन में अल्प आय वर्ग के 248 फ्लैटस रिक्त हैं। अब अनिस्तारित फ्लैटस के संबंध में समीक्षा करते हुए प्रस्ताव प्राप्त किए गए जिसमें सर्वसम्मति से निर्धारित किया गया कि दुर्बल आय वर्ग (जी+3 एवं बहुमंजिले) एवं अल्प आय वर्ग 3 एवं बहुमंजिले) श्रेणी के फ्लैटस के मूल्य में कुछ छूट दी जाए। 31 मार्च तक होली के शुभ अवसर पर एक विशेष आफर लाया जाए जिसमें दर्बल आय वर्ग एवं अल्प आय वर्ग श्रेणी के फ्लैट्स के मूल्य में 15 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाए। वर्तमान में 60 दिन के अन्दर पूर्ण भुगतान करने पर सम्पत्ति के कुल मूल्य पर 05 प्रतिशत की छूट देने की व्यवस्था है। उक्त में आंशिक संशोधन करते हुए दुर्बल आय वर्ग श्रेणी के फ्लैटों की कीमत का पूर्ण भुगतान 90 दिन में करने पर छूट का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

इसके अतिरिक्त लखनऊ स्थित आम्रपाली योजना में बने समाजवादी आवास योजना के निरस्तीकरण का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है। अधीक्षण अभियन्ता की ओर से भेजे जा रहे प्रस्ताव के तहत आधे अधूरे निर्माण से परिषद को कई करोड़ का नुकसान होने की सम्भावना जताई गयी है। यहां पांच ब्लाकों के 660 भवनों का निर्माण अभी शुरूआती चरण में है। इस लिए उक्त ब्लाको का निर्माण कार्य को निरस्त कर खाली भूमि पर नयी योजना लाए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। जबकि पूर्व से बने तीन ब्लाकों के भवनों की निविदा कराकर आवासों का कार्य जल्द से जल्द से पूर्ण करा कर आंवटियों को कब्जा देने का कार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद की मण्डोला योजना में बने खण्डर हो रहे 1856 फ्लैटों को जहां है जैसे है की स्थिति में बेचने के लिए भी प्रस्ताव लाया जा रहा है।

# जीएम मेट्रो, सचिव एलडीए और मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी तलब, कमता चौराहे पर जाम का मामला

विधि संवाददाता

लखनऊ। कामता चौराहे पर जाम की समस्या से निजात पाने को लेकर, एक जनहित याचिका पर हो रही सुनवायी में, हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मेट्रो रेल कॉपोरेशन के महाप्रबंधक/प्रबद्ध निदेशक, सचिव एलडीए व मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी को अगली सुनवायी पर कोर्ट के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया है।

मामले की अगली सुनवायी 6 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने अवध बार एसोसिएशन की वर्ष 2017 की एक जनहित याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवायी के दौरान ही न्यायालय ने कहा था कि मेट्रो रेल कॉपोरेशन का कोई जिम्मेदार अधिकारी भी ट्रैफिक समस्या से निजात का हल तलाशने वाली कोर टीम में होना चाहिए ताकि भविष्य में मेट्रो रेल को लेकर कोई बाधा उत्पन्न ना हो। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवायी पर न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा था कि शहीद पथ से कामता पर आने वाली ट्रैफिक के सर्विस लेन पर शिफ्ट हो जाने और सर्विस लेने के संकरे हो जाने कारण जो अव्यवस्था फैलती है उसके समाधान की आवश्यकता है, कामता चौराहे पर शहीद पथ, एयरपोर्ट पॉलिटेक्निक से अयोध्या रोड आदि का पूरा ट्रैफिक आकर मिलता है जिसकी वजह से यह चौराहा बॉटलनेक में तब्दील हो जाता है। वहीं एलडीए के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि कमता चौराहे पर एक ओवरहेड ब्रिज का प्रस्ताव है लेकिन बिना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से सलाह मशविरा किए, इस प्रस्ताव पर आगे नहीं बढ़ा जा सकता। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त तीनों अधिकारियों को हाजिर होने का आदेश दिया।

### मेट्रो के नाम पर फर्जी भर्ती से रहें सावधान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) लगातार भर्तियां निकालता रहा है। कुछ जालसाज इसका फायदा उठाकर फर्जी भर्तियों का विज्ञापन निकाल कर आवेदकों के साथ ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं। यूपीएमआरसी की ओर से साफ किया गया है कि कंपनी में कोई आधिकारिक भर्ती, परीक्षा एवं उनके परिणाम की जानकारी सिर्फ यूपीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा यूपीएमआरसी भर्तियों की जानकारी अखबारों में नोटिफिकेशन के माध्यम से भी प्रकाशित कराता है।

# मायावती ने रणधीर बेनीवाल को बनाया बसपा का राष्ट्रीय समन्वयक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपने छोटे भाई आनन्द कुमार के स्थान पर दल के वरिष्ठ नेता रणधीर बेनीवाल को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक की जिम्मेदारी दी है।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बुधवार को यह ऐलान करते हुए कहा, कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर (राष्ट्रीय समन्वयक) भी बनाया गया था, ने पार्टी के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। मायावती ने आगे कहा, कि ऐसे में आनन्द कुमार पहले की ही तरह बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। अब उनकी जगह उप्र के जिला सहारनपुर निवासी रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा, कि इस प्रकार, अब रामजी गौतम, राज्यसभा सासंद व रणधीर बेनीवाल ये दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर मेरे दिशा-निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# खादी केवल वस्त्र नहीं, एक विचारधारा : सचान

## मंत्री ने होली पर्व पर 5 दिवसीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। खादी और ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है, जिससे युवाओं में इसकी लोकप्रियता बढ़ी है।

उन्होंने यह भी बताया कि खादी उत्पादों का निर्माण अब फिट जैसी वैश्विक संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खादी तथा ग्रामोद्योग मंत्री ने बुधवार को खादी भवन, डालीबाग, लखनऊ में 'होली के शुभ अवसर पर 5 दिवसीय लघु खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। उन्होंने मुख्य द्वार पर फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 मंडलों में खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया है, जिसमें 2372 स्टाल लगे और 4423.67 लाख रुपये की बिक्री हुई। प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित खादी स्टालों पर 13.84 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में पहली बार बोर्ड परिसर में यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है। मंत्री ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग विभाग स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित 'खादी महोत्सव-2025' में 133 इकाइयों ने भाग लिया और 2.54 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की। उन्होंने उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश में खादी से जुड़े लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं और सरकार इस क्षेत्र में और अधिक संभावनाएं तलाश रही है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी 9 मार्च 2025 तक खादी भवन परिसर में चलेगी, जहां आगंतुक खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। 35 स्टालों पर स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में लखनऊ मंडल के विभिन्न जनपदों के उद्यमियों द्वारा अपने उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसमें हर्बल गुलाल, पापड़, बरी, नमकीन, शहद, आंवला उत्पाद, खादी वस्त्र, रेशमी व शिल्क साड़ियां, तौलिये, कुर्ता-पायजामा और हस्तकला उत्पाद शामिल हैं। खादी बोर्ड जनसामान्य तक योजनाओं को पहुंचाने और न्यूनतम पूंजी निवेश में अधिक रोजगार उत्पन्न करने के लिए कार्यरत है। प्रदर्शनी का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद स्थानीय कलाकारों ने होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

# 7-8 वर्षों में यूपी में आया बड़ा परिवर्तन : मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में बड़ा परिवर्तन आया है, जिससे यह रेवेन्यू सरप्लस राज्य के रूप में उभरा है और प्रदेश में एक सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हुआ है।

उत्तरप्रदेश की कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है। इस प्रगति ने वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की छवि को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। मुख्य सचिव बुधवार को भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा एक स्थानीय होटल में आयोजित वार्षिक सत्र-2025 में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर रहे थे। वार्षिक सत्र में 'प्रदेश की परिवर्तनकारी सफलता: उत्तर प्रदेश भारत के विकास के इंजन के रूप में उभरती अर्थ व्यवस्था' विषयक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में उत्तरप्रदेश की राष्ट्रीय आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा में लगभग 8 लाख 8 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट पेश किया गया, जो देश का सबसे बड़ा बजट है। उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। इन सब के पीछे इंडस्ट्रीज का अहम योगदान है। आज प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज लग रही है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के अभूतपूर्व सफल आयोजन ने यह प्रमाणित किया कि उत्तर प्रदेश बड़े पैमाने पर वैश्विक आयोजनों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम है। उत्तर प्रदेश में महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमें विश्व के कोने-कोने से लोग स्नान करने आए। लगभग 66 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। महाकुम्भ में 60 प्रतिशत लोगों की उम्र 40 वर्ष से कम थी। महाकुंभ में आने के लिए युवाओं में भारी उत्साह था। उन्होंने बताया कि हाल ही उनके द्वारा जेवर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया गया, वहां पर विकास कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। एयरपोर्ट के आसपास का औद्योगिक विकास सराहनीय है, जो राज्य की बुनियादी ढांचा-केंद्रित विकास नीति को दर्शाता है। इस वर्ष के राज्य बजट में नए एक्सप्रेस-वेज की घोषणा और उत्तर प्रदेश बायोप्लास्टिक नीति को एक गेम चेंजर बताते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश के भविष्य को बेहद संभावनाशील बताया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार प्राचीन शहरों जैसे मथुरा, कानपुर और मेरठ की भव्यता को पुनः स्थापित करने के लिए बुनियादी ढांचा सुधारों और विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने सम्बोधन में सीआईआई के सहयोग की सराहना की और यूपीजीआईएस तथा वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम जैसी प्रमुख पहलों में सीआईआई की महत्वपूर्ण भागीदारी की प्रशंसा की।

# वार्षिक सड़क एवं परिचालन कार्य सम्मेलन का आयोजन

## आईटीबीपी और अन्य सहित एजेंसियों ने लिया भाग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने 5 मार्च, 2025 को लखनऊ में सीमा सड़क महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन की उपस्थिति में वार्षिक सड़क एवं परिचालन कार्य सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें आईटीबीपी और अन्य हितधारकों सहित कई एजेंसियों ने भाग लिया।

सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में परिचालन तैयारियों को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सीमा सड़कों और बुनियादी ढांचे की प्रगति की समीक्षा की गई। माना हिमस्खलन में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए डीजीबीआर ने आपदा के दौरान सेना की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए आर्मी कमांडर को धन्यवाद दिया। उन्होंने परियोजनाओं के कार्यान्वयन की गति में सुधार के लिए शीर्ष स्तर पर विभिन्न पहलों को भी रेखांकित किया।

आर्मी कमांडर ने सभी हितधारकों के परामर्श से एकीकृत योजना बनाने और वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के बड़े पैमाने पर उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण इलाकों और कामकाजी परिस्थितियों में उनके प्रयासों के लिए सीमा सड़क संगठन के सभी कर्मियों की भी सराहना की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रथम अपराजिता सम्मान समारोह का आयोजन

नई दिल्ली। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित गैर-लाभकारी संगठन किसान ट्रस्ट को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि वह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 पर प्रथम अपराजिता सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन 8 मार्च को दोपहर 4:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक हाउस नंबर 25, तुगलक रोड, नई दिल्ली में होगा। इसमें महिलाओं की दृढ़ता और उपलब्धियों का सम्मान किया जायेगा। साथ ही विशेष रूप से एसिड अटैक पीड़िताओं के पुनर्वास और समाज में पुनः एकीकरण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। इस आयोजन में दो प्रमुख पैनल चर्चा होंगी, जिनमें विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और समाज में बदलाव लाने वाले प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारी रहेगी। पहली चर्चा में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार किया जाएगा और दूसरी चर्चा डिजिटलीकरण महिलाओं के जीवन को कैसे बदल रहा है, इस विषय पर केंद्रित होगी। किसान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ चर्चाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। अपराजिता सम्मान समारोह के माध्यम से हम न केवल महिलाओं के योगदान का जश्न मना रहे हैं, बल्कि उन साहसी महिलाओं के साथ खड़े हैं, जिन्होंने कठिनाइयों का सामना करते हुए अटूट साहस दिखाया है। किसान ट्रस्ट का मानना है कि वास्तविक सशक्तिकरण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। अपराजिता सम्मान समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो उन महिलाओं को पहचानने और समर्थन देने के लिए समर्पित है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

# रोड किनारे सो रहे चार गरीबों को कार ने रौंदा, दो की मौत

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** टाटा सूमो ने डिवाइडर पर सो रहे 4 लोगों को कुचल दिया। 2 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर हैं। टायर फटने पर एसयूवी टाटा सूमो बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के वक्त स्पीड 100 से अधिक थी। आखिरी में लोहे के पोल से टकराने पर रुकी। हादसा मंगलवार देर रात 1 बजे हसनगंज इलाके के नदवा रोड पर हुआ।

हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। गाड़ी के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था।

**शादी-बारात में कैटरिंग का करते थे काम :** घायल राजेश सोनी नेपाल के कपिलवस्तु के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया की सभी लोग इलाके के ही रहने वाले हैं। शादी-बारात में कैटरिंग और सीजन के बाद होटल पर काम किया करते थे। जिस जगह हादसा हुआ है घटना के बाद सबसे पहले रिक्शा चलाने वाले आशीष टंडन पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को अस्पताल भेजने में मदद की। घटना देखने वाले दूसरे व्यक्ति राजू का कहना है कि गाड़ी में चार युवक थे। एक्सीडेंट के बाद गाड़ी रुकी तो चारों उतर कर भाग गए। गाड़ी सवार एक युवक को रात में क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने पकड़ा, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर वह भी भाग गया। मारने वालों में दो नेपाली हैं। एक का नाम बहादुर है। दूसरा उसी का साथी है। हसनगंज इंस्पेक्टर डीके सिंह ने कहा- गाड़ी शेख उल्लाह अली के नाम पर है। वह अमीनाबाद का रहने वाला है। CCTV और गाड़ी के नंबर (UP 32 EL 4582) से ड्राइवर की पहचान की जा रही है। हादसे के वक्त आरोपी नशे में था या नहीं। इसकी भी जांच की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मरने वालों में एक की उम्र 20 और दूसरे की 40 साल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त कार की स्पीड बहुत अधिक थी। ऐसे में टायर फटने से गाड़ी बेकाबू होकर गई और सड़क किनारे सो रहे लोगों को रौंदते हुए निकल गई। हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोग गाड़ी के नीचे दब गए थे। हम लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

## किसान पर दबंगों ने किया चाकू से हमला अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** काकोरी के समदा निवासी दिलीप कुमार रावत पर 2 मार्च की रात ऑटो गोदाम से समदा अमौसी रोड पर से सरकारी ट्यूबवेल के रास्ते अपने घर आते वक्त पहले से घात लगाए बैठे अजय रावत व उनके दो साथियों ने रास्ते में रोककर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल हुए दिलीप को हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा लिख जाँच शुरू कर दी है। दिलीप की पत्नी ज्योति (29) ने बताया कि उसके पति 2 मार्च की रात 9 बजकर 40 मिनट पर ऑटो गोदाम समदा अमौसी रोड पर से सरकारी ट्यूबवेल के रास्ते अपने घर आ रहे थे जहां पहले से घात लगाए बैठे अजय रावत जो अपने मामा चंदन, निवासी अनौरा के यहां रहता है, ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ मेरे पति दिलीप को रोककर उनपर धारदार हथियार (चाकू) से जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया।

## मिक्सर मशीन एसएसबी हेडक्वार्टर की कार व रोडवेज बस से टकराई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट अयोध्या रोड स्थित वी मार्ट के पास एक कंक्रीट मिक्सर मशीन ने एसएसबी हेडक्वार्टर की कार में टक्कर मार दी। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस की भिड़ंत मिक्सर मशीन में हो गयी, जिससे बस का अगला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। गाडियों के आपस में टक्कर होने से विवाद उत्पन्न हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुलह समझौता कराकर मामले को शांत कराया।

चिनहट प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर चिनहट अयोध्या रोड के पास वी मार्ट के सामने एक ओर से आ रही एसएसबी हेडक्वार्टर की अर्टिगा कार में पीछे से आ रहे कंक्रीट मिक्सर मशीन ने टक्कर मार दी। हादसा होते ही पीछे से आ रही यात्रियों से भरी रोजवेज बस भी कंक्रीट मिक्सर मशीन से पीछे से आकर भिड़ गई।

इस टक्कर से रोडवेज बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगने से कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि कार के एसएसबी हेडक्वार्टर में तैनात इंस्पेक्टर मौजूद थे। सूचना पर मौके पर पहुंचे कमता चौकी इंचार्ज ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया और समझाना शुरू किया। स्थिति कंट्रोल में आने के बाद बस चालक ने क्षतिग्रस्त शीशे को बनवाने के एवज में रुपए मिक्सर मशीन चालक से लिए और वहां से चला गया। पुलिस का कहना है कि मौके पर यातायात सामान्य है। घटना के दौरान यदि ट्रैफिक न होता और सभी वाहन तेजी से निकल रहे होते तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं बुधवार शाम बीबीडी थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। किसान पथ स्थित रेगुलेटर पुल जुग्गौर मोड पर एक नई नेक्सॉन कार अनियंत्रित होकर इंदिरा नहर के डिवाइडर से टकरा गई। हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ। कार में सवार चारों लोग सुरक्षित हैं। दुर्घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। कार पर अभी रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं लगा था।

## बस ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर ,महिला घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** ।सरोजनी नगर में एक बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी । इस टक्कर में बाइक पर बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । जिसे पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया ।जहां पर महिला का एक हाथ काटना पड़ा ।

सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के नटकुर गांव निवासी महिला भगवान देई उम्र करीब 65 वर्ष अमर नाथ के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर जा रही थी ।तभी इसी दौरान हज हाउस के पास पीछे से आ रही एक निजी बस यू पी 78 जे टी 9631 में जोरदार टक्कर मार दी ।इस टक्कर में भगवान देई गंभीर रूप से घायल हो गई ।जिसे पुलिस की मदद से घायलावस्था में उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां पर चिकित्सकों ने वृद्ध महिला का एक हाथ काट दिया गया ।हाथ कटने से अब महिला एक हाथ के सहारे अपना जीवन गुजारेगी । फिल हाल परिजनों ने बस नबर के आधार पर लापरवाही से बस चलाने के आरोप पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ।बस चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला।

## बैंक मैनेजर के शादी समारोह वाले घर में चोरी, करीबियों पर चोरी का आरोप, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोरखपुर में एसबीआई बैंक में सहायक महाप्रबन्धक के पद पर कार्यरत कर्मचारी के कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के एलडीए कॉलोनी स्थित घर शादी समारोह वाले घर में ताला तोडकर घुसे चोरों ने घर में घुस कीमती जेवरात सहित लाखों रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए। चोरी की घटना घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित मैनेजर ने करीबियों पर संदेह जता स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की हैं। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी1 निवासी श्रीकान्त तिवारी पुत्र स्व0 इन्द्र देव तिवारी के अनुसार वह एसबीआई बैंक गोरखपुर में सहायक महाप्रबन्धक के पद पर कार्यरत हैं और अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं जबकि लखनऊ स्थित मकान में छोटा भाई प्रशांत अकेले ही रहता है और वर्तमान मे उन्नाव में लेखपाल हैं। पीड़ित के अनुसार छोटे भाई की शादी तय है जिसकी तैयारी घर से कुछ दूरी पर ही एक मकान किराये पर लेकर की जा रही थी मंगलवार रात्री पूरा परिवार उसी किराये के मकान में था। इस दौरान चोरों ने उनके घर के मेन गेट का ताला तोड घर में घुस कीमती जेवरात सहित नकदी चोरी कर फरार हो गए। जिसकी जानकारी उन्हें अर्ध रात्री समय घर वापस लौटने पर हुई। पीड़ित के अनुसार चोरों ने उनके घर से करीब 10-12 लाख कीमत के गहने कैस चोरी किए हैं जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की हैं। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह के अनुसार चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद हुई हैं चोर घर की हर एक स्थिति से वाकिफ थे प्राप्त फुटेज आधार पर यह स्पष्ट है कि चोरों ने मात्र डेढ़ मिनट में चोरी की घटना को अंजाम दिया है पीड़ित परिवार को भी करीबियों एवं घर मे आने जाने वालों पर शक हैं फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर फुटेज आधार पर चोरों की तलाश की जा रही हैं।

## छात्रा ने लगाया छेड़छाड़, मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक छात्रा ने अपने पूर्व सहपाठी समेत उसके दोस्तों पर छेड़छाड़ गाली-गलौज मारपीट का आरोप लगा आलमबाग कोतवाली में नामजद लिखित शिकायत की है। थाना क्षेत्र रहने वाली एक छात्रा के अनुसार वह मंगलवार को अपनी कोचिंग से घर जा रही थी। उस दौरान थाना क्षेत्र स्थित मुस्कान ट्रेवस के पास स्कूटी सवार तीन लड़कों ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर मारपीट करते हुए गालियां देते हुए फरार हो गए।

## मकान का निर्माण रोकने गये इंस्पेक्टर ने महिलाओं को लात-घूंसों से पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जहां एक तरफ मुख्यमंत्री महिलाओं के प्रति नर्म रवैया अपनाने के लिए हर समय हिदायत देते रहते हैं। वहीं उनकी पुलिस महिलाओं का उतना ही उत्पीड़न कर रही है। ताजा मामला पारा इलाके का है जहां मकान निर्माण रुकवाने गई पुलिस ने महिलाओं को पीट दिया। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। एक पीड़िता ने बताया कि उसे जूतों और घूसों से मारा गया।

पारा के सन सिटी के रहने वाले विवेकानंद ओझा ने बताया कि सोमवार को उनके घर पर अचानक करीब 50 पुरुष और महिला एडवोकेट पहुंचे। बातचीत के दौरान वकीलों ने उन पर हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। इस पर आरोपियों ने मोहल्ले की महिलाओं से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें काफी लोगों को चोट आई। पीड़ित पक्ष का कहना है ये पूरी घटना पारा पुलिस के सामने हुई।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि पिछले 10 साल से वे लोग कॉलोनी में रह रहे हैं। सबके मकान बन गए हैं। अब अचानक कुछ वकील पुलिस वालों की मदद से काम रुकवाने की कोशिश कर रहे हैं। इन दबंगों ने इलाके में रहने वालों का रहना मुश्किल कर दिया है। घर के बाहर कोई भी निकलता है, तो उसके साथ मारपीट करते हैं।

शिकायत करने पर पुलिस भी आरोपियों का साथ देती है। वजीरगंज के लकड़मंडी डालीगंज निवासी विष्णु नारायण विश्वकर्मा ने बीते सोमवार को पारा थाने में कुछ महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि बंधन गेस्ट हाउस के पास करुणा शंकर कुछ महिलाओं के साथ निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

जबकि, कोर्ट से स्टे लग चुका है। वह जब मौके पर पहुंचे, तो लोगों ने कोर्ट का स्टे ऑर्डर फाड़ दिया। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपियों ने फिर से निर्माण कार्य चालू कर दिया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, तो महिलाएं उनसे तर्क करने लगीं। इसी दौरान इंस्पेक्टर ने आपा खो दिया और महिला का गिरहबान पकड़कर पैर से मारने लगे। इस संबंध में इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह से बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया।

## यूपीएसआईएफएस में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में 4 मार्च 2025 से दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें में दो दिनों में लगभग ढाई सौ से अधिक लोगों ने अपने जांच एवं चिकित्सीय परामर्श लिए ' चिकित्सा शिविर के समापन के अवसर पर संस्थापक निदेशक डा. जीके गोस्वामी ने चिकित्सा शिविर में मैक्स सुपर स्पेशलिटी नई दिल्ली के प्रमुख हृदय रोग चिकित्सक डॉ विवेका कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने शिविर में लोंगो को कुशलता पूर्वक देखने एवं परामर्श देने के लिए डॉ.अतुल कुमार एवं डॉ. अतिबुल्लाह खांन का भी संस्थान के तरफ से आभार व्यक्त किया।

## चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयर पोर्ट पर पकड़ी गई 20 किलो ड्रग्स , बाजारू कीमत 30 करोड़ रुपये

**लखनऊ** ।सरोजनी नगर के चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयर पोर्ट पर एक महिला यात्री को 20 किलो हाइड्रोपोनिक वीड यानी की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है ।जिसकी बाजारू कीमत 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। थाईलैंड निवासी एक महिला बैंकाक से एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आई एक्स 105 से मंगलवार को शाम राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयर पोर्ट पर पहुंची थी ।जहां पर केंद्रीय खुफिया एजेंसी एन सी टी सी के इनपुट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों द्वारा यह कार्य वाई की गई । एयर पोर्ट आई संदिग्ध महिला पर आशंका जताई गई और जांच पड़ताल की गई ।इस जांच के दौरान महिला पर आशंका जताई गई ।इसी आशंका पर महिला को रोक कर जांच पड़ताल की गई ।इसी जांच पड़ताल में मामला उजागर हुआ और उसके पास से 20 किलो ड्रग्स बरामद हुई ।जिसकी बाजारू कीमत 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

## दो बंद मकानों से नकदी और जेवरात चोरी

**लखनऊ** ।बिजनौर थाना क्षेत्र में चोरों ने दो मकानों में नकदी एवम जेवरात पर हाथ साफ कर दिया ।दोनो के मकान मालिक परिवार सहित घर से बाहर गए हुए थे ।चोर बाहरी दीवार के सहारे छत पर चढ़ कर दाखिल हुए । पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया ।पुलिस आस पास लगे सी सी टी वी फुटेज खंगाल कर चोरों का पता लगा रही है ।

पहली चोरी अयोध्या पूरी फेस तीन के विकास चौरड़िया के घर हुई ।विकास डिफेंस में नौकरी करते है ।वह तीन मार्च को ड्यूटी के बाद एक दोस्त के यहां चले गए ।अगले दिन शाम को घर लौटे तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था ।चोर चांदी की एक जोड़ी पायल ,एक साउंड बॉक्स और 6 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया ।दूसरी चोरी काव्या सिटी कालोनी में सोहित के घर में हुई ।लखनऊ मेट्रो में कार्यरत सोहित अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में गए हुए थे ।वापस आने पर पता चला की चोर वेयरिंग ,डिजिटल घड़ी , ड्रिल मशीन , टूल्स चांदी के चार सिक्के ,सोने के झुमके और चांदी के अंगूठी के साथ ही 10 हजार रुपए की नकदी भी चुरा ले गए ।

## महिला कैदियों को दिया गया निःशुल्क चश्मा

**लखनऊ।** लायंस क्लब लखनऊ निर्वाणकिद्वारा बुधवार को नारी बंदी निकेतन लखनऊ में महिला कैदियों के निशुल्क आँखो की जांच के साथ चस्मो का वितरण किया गया। जेल के अधिकारियों का डायरी और कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब के वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन आरसी मिश्रा और क्लब के सचिव डॉ साकेत मिश्रा कोषाध्यक्ष सी एस पी शुक्ला जी के साथ क्लब के सदस्य उपस्थित रहे ।

## चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार ,दो फरार

**लखनऊ** । बिजनौर इलाके में चोरी करने वाले अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायायिक अभिरक्षा में भेज दिया ।मालूम हो की बीती 26 फरवरी को बिजनौर के स्पर्श पैराडाइज रहीमाबाद में पीड़ित विवेक जोशी पुत्र नारायण दत्त जोशी 41/212 मुन्नी लाल बिल्डिंग नरही थाना गजरतगंज स्थित घर का अज्ञात चोरों द्वारा ताला ताला तोड़ कर घर से 10 हजार रुपए ,दो सोने की अंगूठी ,दो चांदी की अंगूठी ,43 इंच एल जी का टी वी एवम अन्य घरेलू सामान चोरी गया था ।

## रेलवे ट्रैक के पास मिले शव की हुई शिनाख्त

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के बसरहिया गांव के पास रेलवे लाइन पर मंगलवार की सुबह मिले शव की बुधवार को शिनाख्त हो गई। मृतक की पहचान कस्बा अमेठी के मोहल्ला शहजादपुर निवासी बसंत लाल (50) के रूप में हुई ।गोसाईगंज के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जानकारी मंगलवार को गेट मैन से प्राप्त हुई थी।

### सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम अभिलेख में भूलवश सोनू दर्ज हो गया है। जब कि मेरा वास्तविक नाम सोनू कुमार है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। सोनू कुमार पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम पोरई पोस्ट कुंदनपुर, तहसील बीघापुर, जिला उन्नाव।

### सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्र राजेन्द्र को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। रामलखन पुत्र छोटेलाल निवासी-ग्राम कबूलपुर, थाना लोनीकटरा, तहसील हैदरगढ़, बाराबंकी।

### सूचना

मेरे आधार कार्ड, शैक्षिक अभिलेखों सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम नौसीन फातमा NAUSEEN FATMA है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटि वश NAVSEEN नवशीन अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में सही नाम NAUSEEN FATMA नौसीन फातमा अंकित किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत है। नौसीन फातमा NAUSEEN FATMA। पुत्री-मोहम्मद जौवाद खान निवासिनी-सेमरी रोड, ग्राम व पो.-कूरेभार, जनपद-सुल्तानपुर (उ.प्र.) पिन कोड-228151

## जीरो टॉलरेंस पर केस दर्ज, 21 माह बाद पहुंचा अपने स्थानीय थाने पर

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में 21 माह पुर्व घटित हुई घटना को लेकर एक 84 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने जीरो टॉलरेंस का सहारा ले दुसरे प्रान्त में केस दर्ज कराया था जिसे लम्बी प्रक्रिया के कारण घटित घटना स्थल के थाने पर पहुँचने में कई माह लग गए` वहीं स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने ट्रांसफर मुकदमे को दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

- **बुजुर्ग मां ने बेटे बहू पर प्रताड़ना सहित चोरी का आरोप लगा दूसरे प्रान्त में जीरो टॉलरेंस पर दर्ज कराया था केस**

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एफ-157 इंद्रलोक कालोनी निवासी 83 वर्षीय विद्यावती राय पत्नी स्व मारकंडे राय के अनुसार उनके मकान में बेटा चंद्र शेखर राय अपनी पत्नी ज्योत्सना राय के साथ रहता हैं आरोप है कि वर्ष 2020 में वृद्धा के पति का देहांत हो गया था जिसके तीन वर्षो बाद वर्ष 2023 में बुजुर्ग महिला बीमारी के कारण अपनी बेटी के पास देहरादुन चली गई थी अपना इलाज कराकर वापस लखनऊ लौटी तो उनके बेटे चंद्र शेखर राय व पुत्रवधु ज्योत्सना राय ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया लेकिन वह बामुश्किल घर के अन्दर घुसी तो उन्होंने देखा उनके कमरे व अलमारी का ताला टूटा हुआ है और अलमारी से घर के कागजात, बैंक एफडी, पोस्ट ऑफिस पासबुक, सहारा क्यू शप बांड चोरी हो गए थे। जिसकी जानकारी बेटे चन्द्रशेखर राय व पुत्रवधु ज्योत्सना राय से लेने पर उन्होने उसके संग अपशब्दों का उपयोग करते हुए धक्कामुक्की कर उन्हें घर से बुजुर्ग माँ को खदेड़ दिया।

बेटे-बहू के दुर्व्यवहार से ग्रसित वृद्धा देहरादून अपनी बेटी के पास वापस चली गई और देहरादून में ही पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया वृद्धा की शिकायत पर देहरादुन पुलिस ने जीरो टॉरलेंस पर निकटम थाने में मारपीट धमकी व चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया था जिसे संबधित घटना स्थल थाने पहुँचने में कई माह लग गए जो मंगलवार को कृष्णा नगर थाने पहुंचा। पुलिस के अनुसार ट्रांसफर मुकदमे को दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सरकारी विभागों में ठेकेदारी के टेंडर दिलाने के नाम पर चार लाख पांच हजार रुपये ठगे ,मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** । बिजनौर इलाके में एक युवक ने दूसरे युवक को सरकारी विभागों में ठेकेदारी का टेंडर दिलाने के नाम पर चार लाख पांच हजार रुपए ठग लिए ।कार्य न होने पर युवक ने रुपए मांगे तो बताया की हम किसी से रुपए लेने के बाद वापस नहीं करता हूं ।ज्यादा बोलोगे तो हम तुम्हे जान से मार देंगे । रुपए न मिलने की स्थित में पीड़ित युवक ने। बिजनौर थाने पर आरोपी के खिलाफ लाखो रुपए हड़पने का आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराया है ।

राजधानी के विनीत खंड गोमती नगर निवासी अमित कुमार मिश्रा पुत्र ईश्वरी नारायण मिश्रा ने पुलिस को बताया कि विशेष खंड गोमती नगर निवासी विवेक कुमार मिश्रा जिसका मोबाइल नंबर 945409496 है ।जिसका मिलना रजिस्ट्रार कार्यालय बिजनौर अंतर्गत हुई ।इस दौरान विवेक कुमार ने कहा कि मेरी शासन में बहुत अच्छी पकड़ है ।प्रदेश के मंत्रियों से सीधे पकड़ है ।उसने मुझे सरकारी विभागों में ठेकेदारी का टेंडर दिलाने का हमे कार्य दिलवा देगा ।विवेक ने हमसे एक लाख 25 हजार रुपए अपने और अपनी पत्नी सीमा मिश्रा के खाते में ट्रांजेक्शन करवाया और दो लाख अस्सी हजार रुपए नकद लिए ।

लेकिन काफी समय व्यतीत होने पर काम न होने पर विवेक मिश्रा से अपना दिया हुआ कुल चार लाख पांच हजार रुपए मांगा ।जिस पर रोज कोई न कोई बहाना बताकर टालता रहा ।एक दिन अमित ने विवेक से कहा की वह अगर रुपए वापस नहीं करेगा तो वह पुलिस में शिकायत करेगा ।यह सुनकर विवेक भड़क गया और कहा की हमने तुम्हारा पैसा हड़प लिया है और दूसरी का पैसा हड़पना मेरी पुरानी आदत है। न जाने कितने लोगो ने हमारे ऊपर पुलिस में शिकायत किए है ।लेकिन पैसा आज तक किसी को वापस नहीं किया हूं ।ज्यादा बोलोगे तो जान से हाथ धोवोगे ।विवेक ने अमित की गाढ़ी कमाई बेईमानी और धोखाधड़ी कर हड़प ली ।अमित कुमार ने विवेक के खिलाफ धोखाधड़ी लाखो रुपए हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है और मांग की है की आरोपी के खिलाफ कानूनी विधिक कार्य करे ताकि मेरा लाखो रुपए वापस मिल सके ।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।
**क्रम सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्याः** उप मु0इं0-नि0-सा0-जीकेपी-22-2024 दिनांक 26.03.2025, **कार्य का नामः** खलीलाबाद-बहराइच नई रेल लाइन परियोजना के अन्तर्गत खलीलाबाद-बांसी में विभिन्न पुलों के निर्माण के लिए नवीनतम आरडीएसओ ड्राइंग के अनुसार पीएससी स्लैब की ढुलाई, जिसमें ढलाई स्थल से पुल स्थल तक ढलाई किए गए स्लैब का परिवहन और ठेकेदारों के औजारों और संयंत्र के साथ उसे लांच करना शामिल है। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 5,96,44,743.60 बयाना राशि (रू.): ₹ 4,48,200.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू) : 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अठ्ठारह) माह।
बिड प्रारम्भ करने की तिथिः-दिनांक 12.03.2025, उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः- दिनांक 26.03.2025, 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः- दिनांक 26.03.2025, 15.00 बजे।
निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य इंजी0/निर्माण/सामान्य
मुजाधि/डब्लू-433 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# कालजयी संग डिजिटल युग के साहित्य का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कालजयी कथा और काव्य साहित्य के संग डिजिटल युग के युवा साहित्यकारों का साहित्य भी साहित्य प्रेमियों को पसंद आ रहा है। रवीन्द्रालय चारबाग लान में नौ मार्च तक चलने वाले लखनऊ पुस्तक मेले में सबसे ज्यादा साहित्य प्रेमी ही आते हैं।

निःशुल्क प्रवेश मेले इस में आज पांचवें दिन मेला परिसर में स्कूली

- **रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेला : पांचवां दिन**
- **लघुकथाओं संग बरसा होली संगीत का रंग**

बच्चों की किलकारियां गूंजी। रंगबिरंगी किताबों के बीच बच्चों का उत्साह देखने लायक था। रात नौ बजे तक चलने वाले और किताबों पर कम से कम 10 प्रतिशत छूट देने वाले इस मेले में दिव्यांश पब्लिकेशन्स के नीरज अरोड़ा ने बताया कि हमने ओशो रजनीश की 110 से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन किया है। इनमें गीता दर्शन आठ खंडों में, लगन महूरत झूट सब, कहे कबीर मैं पूरा पाया, ध्यान विज्ञान, नए भारत का जन्म, कठोपनिषद, सर्वसार उपनिषद, सत्य के अग्नि फूल बहुत









लोकप्रिय हुई हैं। इसके अतिरिक्त निलेश शर्मा की सफर उपन्यास सुनील साहिल की नोट्स ऑफ अ स्प्रिचुअल प्ले बॉय, नवलकांत सिन्हा की गुमनाम हिंदू राजा टिकैत राय, स्वामी विवेकानंद के कर्म योग व ज्ञान योग काफी चर्चित हैं। हिन्द युग्म प्रकाशन की पुस्तकों में दिव्य प्रकाश दुबे की अक्टूबर जंक्शन, यार पापा, मुसाफिर कैफे, मानव कॉल की साक्षात्कार, ठीक तुम्हारे पीछे, बहुत दूर कितना दूर होता है, नीलोत्पल मृणाल की डार्क हॉर्स, यार जादूगर और औघड़, विनोद कुमार शुक्ल की दीवार में एक खिड़की रहती थी जैसी अधिक बिकने वाली किताबें मेले के अन्य स्टालों पर भी हैं। बोधरस प्रकाशन के स्टाल पर कविताओं की में वियोगिनी ठाकुर की किसी परिदृश्य में नहीं हूं, गोपेश कुमार चौधरी की मुंडेर और गजल विधा में गांधियों के शहर में इसी वर्ष प्रकाशित नयी किताबें हैं। नवपल्लव के स्टाल- 45 में शरीर की गुजिश्ता लखनऊ के शकील सिद्दीकी द्वारा किए अनुवाद और अमृतलाल नागर आदि के साहित्य की किताबों का विशिष्ट खंड प्रदर्शित है, वहीं मीर, नजीर अकबराबादी, मोमिन, जान एलिया, वसीम बरेलवी मुनव्वर राना जैसे शायरों की भी किताबें हैं। सस्ता साहित्य मंडल के स्टाल में हिंदी साहित्य के संग साहित्य मीमांसा की किताबों हैं। यहां प्रेमचंद की कथाओं के संग्रह मानसरोवर के आठों खण्ड हैं तो 11 खण्डों का नेहरू वांग्मय भी। हिंदी अंग्रेजी साहित्य की किताबें निखिल पब्लिकेशन, जयको सहित अनेक स्टालों पर हैं। अमित श्रीवास्तव द्वारा लिखित एलियंस ऑफ लखनऊ ने पुस्तक मेले में खूब सुर्खियां बटोरीं। लोगों ने नन्हे एलियंस के साथ सेल्फी ली। प्रकाशक एस्केलेरा टेक्नोलॉजीज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया।

मेले के साहित्यिक मंच पर आज लघुकथा सृजन संस्थान के तत्वावधान में लघुकथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अलका प्रमोद के संचालन में चले कार्यक्रम में रचनाकारों ने मानवीय संवेदनशीलता बयां करती लघुकथाएं पढ़ीं। नीलम ने निवेदिता श्री के चार्वी लघुकथा संग्रह की समीक्षा प्रस्तुत किया। लेखिका ने कहा ये संग्रह मेरे 10 वर्षों के अनुभवों से उपजी कहानियां हैं। केके सिन्हा की म्यूचुअल फंड निवेश से सम्बंधित अंग्रेजी किताब का विमोचन हुआ। लेखक ने बताया कि म्यूचुअल फंड क्या है। उन्होंने बताया कि किताब के संस्करण हिंदी अनुवाद और अन्य भाषाओं में भी लाएंगे। इससे पहले मनोवैज्ञानिक काउंसिलर डा.कुमुद श्रीवास्तव ने तनाव अवसाद पर अपनी बात रखी। आज के कार्यक्रमों में घर के वास्ते काव्य संग्रह के युवा कवि स्वयं श्रीवास्तव भी शामिल रहे। शाम को लोक आंगन व ज्वाइन हैण्ड्स फाउंडेशन के न्त्य नाट्य संगीत उत्सव के तहत होली संगीत पर आधारित लोक चौपाल का आयोजन लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से किया गया। स्वागत सचिव सुधा द्विवेदी और लोक चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने किया। श्रीराम स्तुति से प्रारम्भ होली गीतों की इस चौपाल में पद्मा गिडवानी, नीरा मिश्रा, ऊषा बाजपेयी, अलका चतुवेर्दी, ज्योति किरन रतन, पल्लवी निगम, मनु राय, अंजलि सिंह, निवेदिता सिंह और साथियों ने फाग और अन्य पारम्परिक गीतों की प्रस्तुति दी।

# आजादी के वीर सपूत के साथ शुरू हुआ नाट्य समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की प्रोडक्शन ग्रांट के अंतर्गत लखनऊ कम्युनिकेशन सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय नाट्य समारोह, अयोध्या रोड स्थित अवध एकेडमी इंटर कॉलेज परिसर में, 5 से 7 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। यह

- **तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन 6 मार्च को नाटक बाप रे बाप का मंचन होगा**

समारोह वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ.दरबारी लाल अस्थाना की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें समर्पित किया गया है। इसके उद्घाटन समारोह में बुधवार पांच मार्च को नव अंशिका फाउण्डेशन के रंगमंडल की ओर से तमाल बोस के लिखे नाटक ह्लआजादी के वीर सपूतह्ल का मंचन नीशू त्यागी के




निर्देशन में किया गया। नाम के अनुरूप ही नाटक ने छात्राओं को संदेश दिया कि राष्ट्र प्रेम सर्वोपरि होता है। इस क्रम में गुरुवार 6 मार्च को थिएटर एवं फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के रंगमंडल द्वारा नाटक ह्लबाप रे बापह्ल का मंचन दबीर सिद्दीकी के निर्देशन में किया जाएगा। नाटक आजादी के वीर सपूत के अनुसार अंग्रेजों के शासन काल में क्रान्तिकारी शान्तिराय अपना सब कुछ देश की आजादी के लिए कुर्बान कर देना चाहते हैं। उनकी देशभक्ति से प्रभावित होकर अशोक, देवव्रत, कुमुद, विपिन, सिराजुल और ज्योतिर्मय भी उनका साथ देते हैं। इस नाटक में मंच पर देवव्रत की भूमिका सौरभ वर्मा, अशोक की विवेक रंजन सिंह, कुमुद की राहुल पाठक, सिराजुल की सिद्धार्थ, ज्योतिर्मय की मोहम्मद नदीम, विपिन की विकास राजपूत, राधा की रुचि रावत, राधा की सहेली की राधा अस्थाना, अशोक की मां की प्रियंका देवी, अशोक की पत्नी की तन्नू कश्यप, अशोक के पिता की विकास राजपूत, हितेन की कुलदीप श्रीवास्तव, प्रकाश की रोहित श्रीवास्तव, अंग्रेज अफसर की गौरव सिंह, सिपाही की आदि और सौरभ विष्ट ने भूमिका अदा कर प्रशंसा हासिल की। संयोजक मंडल में शामिल दबीर सिद्दीकी, नीशू त्यागी, शुभ्रा अस्थाना, आनन्द अस्थाना, विजय लक्ष्मी गुप्ता और नितिन अस्थाना की ओर से वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ.दरबारी लाल अस्थाना सम्मान, अवध एकेडमी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य और समाजसेवी रुचि यादव को दिया गया। वह विगत कई वर्षों से अपने शैक्षिक संस्थान की सहायता से ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओह्ल के अभियान को सशक्त कर रहे हैं। इसके साथ ही महिलाओं के उत्थान में लगातार अपनी सेवाएं दे रही नीशू त्यागी को भी अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ.दरबारी लाल अस्थाना की पुत्रवधू शुभ्रा अस्थाना ने बताया कि डॉ.दरबारी लाल अस्थाना का जन्म 24 जुलाई 1905 को आगरा में हुआ था। स्वतंत्रता के पच्चीसवें वर्ष के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में स्मरणीय योगदान के लिए राष्ट्र की ओर से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें 15 अगस्त 1972 को ताम्रपत्र से सम्मानित किया था। 3 मार्च 1985 को लगभग 80 वर्ष की आयु में उनका स्वर्गवास हुआ था। महात्मा गांधी के सत्याग्रह आन्दोलन में डॉ. दरबारी लाल अस्थाना काफी सक्रिय रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ने देहरादून में रहकर मेडिकल प्रैक्टिस आरंभ की। बाद में वह लखनऊ आ गए और साल 1954 से उन्होंने उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि लखनऊ केन्द्र के संचालक के रूप में लम्बे समय तक कार्य किया। उन्होंने गांधी तत्व प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश में अनेकों गांधी अध्ययन केन्द्रों और युवा शिविरों का आयोजन किया था।

# गोरखपुर, आनंदनगर, बढ़नी, गोण्डा रेलखण्ड का डीआरएम ने किया निरीक्षण



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने आज मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ गोरखपुर-आनन्दनगर-बढ़नी-गोण्डा रेलखण्ड के मध्य विंडो ट्रेलिंग तथा उक्त खण्ड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रही विकासपरक परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओं संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आरम्भ में मण्डल रेल प्रबंधक ने नकहा जंगल स्टेशन पहुॅचने पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, पैनल रूम, रिले रूम, सकुर्लेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। उन्होनें स्टेशन मास्टर से परिचालनिक कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली तथा पॉइंस्टमैन से उसकी ड्यूटी से संबंधित संरक्षा ज्ञान को परखा। इसके पश्चात आनंदनगर रेलवे स्टेशन पहुॅचनें पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले विकास कार्यो के साथ रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्यों की अधिकारियों से चर्चा की तथा स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य को तीव्रगति से किये जाने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने आनन्दनगर स्टेशन यार्ड में इण्टरलॉक समपार सं0 29 स्पेशल का अवलोकन किया तथा डयूटी पर तैनात गेटमैन से रेल संबंधी संरक्षा ज्ञान को परखा। इसके उपरान्त उन्होंने सिद्धार्थ नगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन भवन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्य की प्रगति की अद्यतन प्रगति पर अधिकारियों से चर्चा की तथा यार्ड में बैलास्ट कुशन एवं प्वाइंट एंड क्रॉसिंग मापी की जाँच की। निरीक्षण के अगले चरण में शोहरतगढ़ रेल स्टेशन पहुॅचने पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने ट्रैक्शन सब स्टेशन एवं शोहरतगढ़-परसा रेल खण्ड के मध्य एसईजे संख्या 29, कर्व संख्या 10 तथा गैंजहवा-झारखण्डी स्टेशनों के मध्य मेजर ब्रिज संख्या 151 का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान वहॉ उपस्थित इंजीनियरिंग गैंग के ट्रैक मेन्टेनरों से मुलाकात की तथा ट्रैकमैंनों से उनकी कार्यपरिस्थितियों तथा चुनौतियों के संबंध में वार्ता की। निरीक्षण के अन्त में बढ़नी रेलवे स्टेशन पहुॅचने पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत स्टेशन भवन के सौंदर्यीकरण, सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण कार्यों के साथ कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होनें संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा बढ़नी स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं और मालभाड़ा परिवहन की प्रगति जानकारी प्राप्त की।

# गोमती नगर से चलेगी मालदा और भागलपुर के लिए विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 05084 गोमतीनगर-मालदा टाउन एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन गोमतीनगर से 06 मार्च,2025 को एकल यात्रा के लिये किया जायेगा।

05084 गोमतीनगर-मालदा टाउन एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी 06 मार्च को गोमतीनगर से 14.20 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी से 14.52 बजे, गोण्डा से 18.20 बजे, बस्ती से 20.10 बजे, गोरखपुर से 22.20 बजे, दूसरे दिन नरकटियागंज से 01.45 बजे, बापूधाम मोतीहारी से 03.25 बजे, मुजफ्फरपुर से 05.10 बजे, समस्तीपुर से 06.10 बजे, बरौनी से 07.25 बजे, कियूल से 08.45 बजे, अभयपुर से 09.08 बजे, जमालपुर से 09.37 बजे, सुल्तानगंज से 10.04 बजे, भागलपुर से 10.45 बजे, कहलगांव से 11.15 बजे, साहिबगंज से 12.00 बजे, बड़हरवा से 13.08 बजे तथा न्यू फरक्का से 13.32 बजे छूटकर मालदा टाउन 14.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी



में एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 05 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 05086 गोमतीनगर-भागलपुर एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन गोमतीनगर से 07 मार्च को एकल यात्रा के लिये किया जायेगा। 05086 गोमतीनगर-भागलपुर एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी 07 मार्च को गोमतीनगर से 14.20 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी से 14.52 बजे, गोण्डा से 18.20 बजे, बस्ती से 20.10 बजे, गोरखपुर से 22.20 बजे, दूसरे दिन नरकटियागंज से 01.45 बजे, बापूधाम मोतीहारी से 03.25 बजे, मुजफ्फरपुर से 05.10 बजे, समस्तीपुर से 06.10 बजे, बरौनी से 07.25 बजे, कियूल से 08.45 बजे, अभयपुर से 09.08 बजे, जमालपुर से 09.37 बजे तथा सुल्तानगंज से 10.04 बजे छूटकर भागलपुर से 10.35 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 05 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे।

# मंत्री सुरेश खन्ना ने 51 महिलाओं को किया सम्मानित

**आलमबाग।** कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल प्रांगण स्थित वन स्टॉप सेंटर के सभागार में बुधवार को आरएमडी राष्ट्रीय महिला दल एवं वसुंधरा फाउंडेशन फोर ह्यूमैनिटी के संयुक्त तत्वावधान में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे पुर्व डीजीपी राज्य सभा सांसद बृज लाल व भाजपा के प्रदेश संयोजक एवं बागपत लोक सभा प्रभारी डॉ अशोक नागर, वन स्टॉप सेंटर की निदेशक अर्चना सिंह का स्वागत संस्था की संस्थापक विनीता श्रीवास्तव एवं संरक्षक रीता पटेल द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं राम दरबार स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज की




महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास सशक्त एवं पूर्ण रूप से इस सरकार में सुरक्षित है अब महिला निर्भीक हो हर क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित कर रही है। हमारे देश की राष्ट्रपति, वित्त मंत्री महिला हैं और उनके नेतृत्व में भारत देश कुशलता से विकास की ओर अग्रसर हैं। इस सम्मान कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों मे कार्य कर अपने दम पर पहचान बनाने वालीं 51 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिभा शाही, सुनीता पांडेय, अंशु मिश्रा, रीना विक्रम सिंह एवं रत्ना श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# संगीत लोक कला उत्सव में कथक नृत्य और लोक गायन का हुआ संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** स्वर इंडिया एसोसिएशन लखनऊ की प्रस्तुति संगीत लोक कला उत्सव का आयोजन बुधवार को गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें वरिष्ठ संगीतज्ञ हेम सिंह की परिकल्पना में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां हुईं। वरिष्ठ कथक गुरु सुरभि सिंह और लोकप्रिय

- **स्वर इंडिया एसोसिएशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में हेम सिंह की परिकल्पना हुई लाजवाब प्रस्तुति**

गायिका डॉ. कुसुम वर्मा ने होली और नवरात्र के साथ-साथ, उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित कथक परंपरा और राजस्थानी-हरियाणवी लोक गायन की मनोरम झांकी भी पेश की। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के



सदस्य, तरुणेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके इस उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्नल हर्षवर्धन गुप्ता, सचिव हेम चन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष स्वरूपा सिंह ने भी दीप प्रज्वलन में सहयोग दिया।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस संगीत लोक कला उत्सव के पहले चरण में कथक नृत्यांगना और गुरु सुरभि सिंह के दल ने, परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत मंत्रों और कवित्व पर आधारित, प्रथम देव गणपति जी की वंदना, प्रभावी रूप से कथक नृत्य के माध्यम से पेश की। इसके उपरांत पारंपरिक कथक नृत्य के अंतर्गत दर्शकों ने उपज, उठान, थाट, कवित्व, तीन पल्ली का आनंद लिया। चूंकि फागुन माह चल रहा है इसलिए उसके अनुकूल होली की मनभावन प्रस्तुति ने कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। इसमें कलाकारों ने रंगी सारी गुलाबी चुनरिया पर सुंदर नृत्य संयोजन पेश किये। कथक नृत्य दल की अंतिम प्रस्तुति सूफी नृत्य रही। कथक नृत्य की प्रस्तुतियों का साथ, विभिन्न साजों पर वरिष्ठ कलाकारों ने दिया। इसमें तबले पर पंडित रविनाथ मिश्रा और बांसुरी पर दीपेन्द्र कुंवर ने संगत दी वहीं सितार वादन नीरज मिश्रा ने किया। गायन का बृजेन्द्र श्रीवास्तव और पढ़त का दायित्व स्वयं गुरु सुरभि सिंह ने संभाला। इस प्रस्तुति में ईशा रत्न, मीशा रत्न, अंकिता मिश्रा, आकांक्षा पाण्डेय, संगीता कश्यप, अंशिका त्यागी, आरती कुशवाहा ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन कर तालियां अर्जित की।इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं ऐसे में लोकप्रिय लोक गायिका डॉ. कुसुम वर्मा ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत देवी गीत छुम छुम छाना नाना बाजे मैया पांव पैजनिया से की। इस क्रम में उन्होंने अपने लोकगायन में पूरे हिन्दुस्तान की लोक गायन परंपरा को ही गागर में सागर के रूप में समेट लिया। एक ओर जहां उन्होंने राजस्थानी लोकगीत ारोडिया ल्या जो जी बाजूदार बंगड़ीह्ल सुनाया वहीं दूसरी ओर हरियाणवी लोकगीत म्हारी री गली में आया रे सपेरा गाया। अवध के लोकरंगों को संजोते हुए उन्होंने होली गीत आज बिरज में होरी रे रसिया और होली खेले रघुवीरा अवध में सुनाकर कार्यक्रम में होली की उमंग को जीवंत कर दिया। इसके साथ ही अवधी लोकगीत जेहि दिन राम जनकपुर आए देखन आयी सब सखियां हाँ सीताराम से भजो, मैथिली लोकगीत आजु मिथिला नगरिया निहाल सखियाह्लभी सुनाया। पूर्विका पाण्डेय और कार्तिका ने गायन में साथ दिया वहीं नृत्य के माध्यम से लोक गीतों के भावों का मनोरम प्रदर्शन अनमोल और शगुन ने किया। संगतकारों के दल में अरविंद वर्मा, शुभम शर्मा और प्रमोद सिंह ने प्रभावी संगत दी।

# डीआरएम और यूनियन के मध्य कर्मचारी हितों पर मंथन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में बुधवार को नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की दो दिवसीय 244 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक का शुभारम्भ मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा द्वारा किया गया ।

उल्लेखनीय है कि इस वार्ता तंत्र के आयोजन का उद्देश्य प्रशासन एवं यूनियन के आपसी सामंजस्य एवं सहभागिता के द्वारा पारदर्शिता के साथ प्रशासनिक एवं कर्मचारी मुददों के त्वरित समाधान की दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना एवं उचित समय पर इनका निस्तारण करना है। आज आयोजित होने वाली इस बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल की वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य में की जानेवाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कर्मचारियों के हितों की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णयों एवं




उठाये गए कदमों से भी यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस बैठक में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के कर्मचारी हित एवं कल्याण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने की अपेक्षा की कआज की। इस वार्ता में लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनो पर कोडल लाइफ पूर्ण कर चुके रेल आवासों को निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने एवं इनके आवंटियों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराये जाने एवं मण्डल के समपारों पर शुद्ध पेयजल आपूर्ति व नियमित विद्युत आपूर्ति एवं दिव्यांग कर्मचारियों की समस्याओं का तत्काल निवारण करने के संबंधी जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक द्विपक्षीय वार्ता की गई । वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय द्वारा आयोजित इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक सचिन वर्मा एवं नीलिमा सिंह सहित समस्त विभागों के शाखाध्यक्ष, नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के मण्डल अध्यक्ष विभूति मिश्रा एवं मण्डल मंत्री आर. के. पाण्डेय, सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए टीम वर्क से करें काम : आनंदीबेन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल सभागार में बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एनआईआरएफ फ्रेमिंग, क्यूएस एशिया रैंकिंग एवं क्यूएस वर्ड रैंकिंग के लिए एक दिवसीय रैंकिंग उन्नयन कार्यशाला 2025 का आयोजन हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि

- पुनर्वास विवि में प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का जमावड़ा
- राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ रैंकिंग उन्नयन कार्यशाला

विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय निर्माण के लिए हमें टीम वर्क के साथ काम करना है इसके लिए हमें मैं से हम की भूमिका में उतरना होगा यह तभी संभव है जब सभी विश्वविद्यालय संयुक्त विचार विमर्श के आधार पर मिल कर कार्य करें। एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए यह बहुत जरुरी है कि आवश्यक दिशा निर्देश (गाइडलाइन) के अनुसार प्रस्ताव तैयार किया जाए इसीलिए इस प्रकार के कार्यशाला की आवश्यकता है। आज का यह सेमिनार जो वर्ल्ड रैंकिंग के लिए आयोजित किया गया था इसके प्रेजेंटेशन को सभी विश्वविद्यालयो में दो दिनों के भीतर दिखाया जाना चाहिए। विश्व भारत से क्या चाहता है ? इस पर विचार करते हुए हम सभी को आगामी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार रहना है। यह कार्यशाला राज्यपाल उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे, विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जॉनी और डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बतौर विशेष वक्ता आये प्रो. संजीत सिंह (महानिदेशक यूपीसीआरएएम) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयं पोर्टल के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों का संचालन करते हुए एवं एसडीजी पोर्टल के माध्यम से प्रकाशन सम्बंधित कार्य के साथ हम अपने विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों को रैंकिंग प्रक्रिया में बेहतरीन स्थान दिला सकते है। उत्तर प्रदेश के लगभग 30 विश्वविद्यालयों को 60 से 70 प्रोजेक्ट मिले हैं लेकिन आपसी सहयोग के साथ हमने कार्य नहीं किया। रैंकिंग के लिए आवेदन करते समय कई केटेगरी ऐसी है सहयोग (कोलब्रेशन) से बेहतर स्थान प्राप्त कर सकते है। हर विश्वविद्यालय अपने फैकल्टी मेंबर को बाहर भेज कर और अन्य विदेशी विश्वविद्यालयों से फैकल्टी मेंबर को अपने यहां बुलाकर संयुक्त शोध के माध्यम से हम अपनी स्थिति बेहतर कर सकते हैं। रैंकिंग उन्नयन कार्यशाला-2025 के संपन्न होने के बाद छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक आदि ने कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने राज्यपाल का आभार जताते हुए कहा आपके मार्गदर्शन एवं निर्देश पर आज की यह कार्यशाला सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला से हम सभी लाभान्वित हुए हैं। हमारे विश्वविद्यालय में पहली बार आज यहां सभी कुलपतिगणों का संगम हो रहा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के सभी कुलपतिगणों के साथ, विश्वविद्यालयों के कुलसचिवगण, आईक्यूएसी समन्वयक एवं वित्त अधिकारीगण भी मौजूद रहे एवं मंच का संचालन डॉ कौशिकी सिंह ने किया।



## प्रतिभाशाली महिलाओं को शोध कार्य के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित : डॉ. रश्मि शर्मा

इस अवसर पर विशेष वक्ता के रूप में आयी डॉ. रश्मि शर्मा (वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष एनसीटीसी, विज्ञान एवं तकनीकी विभाग नई दिल्ली) ने शोध एवं विकास में अवसर विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अनेक प्रकार की ग्रांट दी जा रही है। महिलाओं को अनेक कारणों से अपने शिक्षा एवं शोध को बीच में छोड़ना पड़ता है। ऐसे में प्रतिभाशाली महिलाओं को शोध कार्य एवं शोध परियोजनाओं में प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दी गयी ग्रांट उनके लिए कारगर साबित हो सकती है।

## विश्व पटल पर विजिबिलिटी बढ़ेगी : डॉ. अश्विन फर्नांडीज

इस अवसर पर एशिया-अफ्रिका रिजन, क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग, यूके के सीईओ से आये डॉ. अश्विन फर्नांडीज ने ग्लोबल रैंकिंग बढ़ाने के लिए रणनीतियों पर विचार करते हुए कहा कि क्यूएस एशिया रैंकिंग एवं क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग का उद्देश्य अपने लिए एक मानक स्थापित करना है। उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों को वैश्विक रैंकिंग प्रक्रिया से गुजरना होगा जिससे हमारे विश्वविधालय और संस्थान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करते हुए अपने को स्थापित कर सकेंगे। इससे न सिर्फ विश्व पटल पर उनकी विजिबिलिटी बढ़ेगी बल्कि भारतीय विश्वविद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी।

## नेशनल रैंकिंग के लिए बनायेंगे रणनीति : डॉ. अनिल कुमार नासा

इस अवसर पर विशेष वक्ता के रूप में आये राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद, नई दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. अनिल कुमार नासा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर श्रेणीकरण (नेशनल रैंकिंग) के लिए हमें रणनीति बनाकर कार्य करना होगा। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण सुधार के लिए हमें नैक एवं नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिएशन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्सेज में आवश्यक सुधार की जरुरत है। इसके लिए एनआईआरएफ के 05 महत्वपूर्ण बिन्दुओं के अंतर्गत 17 तरह की श्रेणी में आकड़ों को नियोजित करके हम मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# यूके का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा एकेटीयू निवेश और व्यापार पर किया मंथन



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को यूनाइटेड किंगडम यूके का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इस दौरान इनोवेशन हब की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिनिधिमंडल के अलावा स्टार्टअप और इन्क्युबेटर्स शामिल हुए।

बैठक में यूके के प्रतिनिधिमंडल ने यूके और यूपी में व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा की। बताया उत्तर प्रदेश में यूके और यूपी दोनों जगहों पर स्टार्टअप और इन्क्युबेटर्स के लिए पर्याप्त अवसर हैं। साथ ही आपसी सहयोग पर भी चर्चा की गयी। यूपी के स्टार्टअप को सहयोग देने पर विचार किया। इसके अलावा स्टार्टअप में निवेश को लेकर भी मंथन किया गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने अपने दौरे और अपने स्टार्टअप के बारे में विस्तार से बताया।

एक दूसरे से सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रोग्राम के आदान-प्रदान पर भी सहमति बनी। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि यूपी में अवसर और संसाधन की कोई कमी नहीं है। कृषि प्रधान यह प्रदेश स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए मुफीद है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से सहयोग की अपील की। इस मौके पर इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने प्रदेश में इनोवेशन और स्टार्टअप की स्थिति और संभावनाओं के बारे में बताया। संचालन इनोवेशन हब की मैनेजर वंदना शर्मा ने किया।

# चंडीगढ़ विवि में 15 उद्योग सहयोगी कार्यक्रम प्रदान करने के लिए भविष्य के कार्यबल करेंगे तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उद्योग-संरेखित भविष्य की शिक्षा को बढ़ावा देकर उद्योग-अकादमिक अंतर को दूर करने के उद्देश्य से एआई-संवर्धित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ ने कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रबंधन और वाणिज्य, कंप्यूटर अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के उद्योग सहयोगी कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए एमओयू हस्ताक्षर समारोह में शीर्ष 10 वैश्विक और भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के साथ सहयोग किया है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, एसएएस, रैबिट एआई, क्विक हील, केपीएमजी, पीडब्ल्यूसी, एनएसई और ग्रांट थॉर्नटन सहित उद्योग जगत की दिग्गज कंपनियों के साथ इन समझौता ज्ञापनों पर इन फर्मों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये ताकि इंजीनियरिंग (बीटेक), बिजनेस एंड कॉमर्स (बीबीए/एमबीए) और कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए/एमसीए) सहित 3 शैक्षणिक धाराओं में 15 उद्योग सहयोगी कार्यक्रम (8 यूजी और 7 पीजी) प्रदान किए जा सकें। साथ ही चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ भारत की पहली यूनिवर्सिटी बन गयी है, जिसने यूपी में एक ही दिन में 10 वैश्विक उद्योग दिग्गजों के साथ सहयोग किया है ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, फिनटेक और साइबर सिक्योरिटी के भविष्य और उभरते क्षेत्रों में उद्योग सहयोगी कार्यक्रम पेश किए जा सकें। इसके अलावा, इनमें से अधिकांश कार्यक्रम इन वैश्विक और भारतीय उद्योग दिग्गजों के सहयोग से पहली बार यूपी में पेश किए जाएंगे। इन सहयोगी कार्यक्रमों के तहत उद्योग विशेषज्ञ पाठ्यक्रम विकसित करेंगे, नौकरी की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। सहयोगी शोध परियोजनाएं (उद्योग द्वारा प्रायोजित उच्च-स्तरीय आरएंडडी प्रयोगशालाओं और उत्कृष्टता केंद्रों में) संचालित करेंगे, इंटर्नशिप, कार्यशालाएं, प्रमाणन, लाइव उद्योग परियोजनाएं (अत्याधुनिक तकनीक और भविष्य के उपकरणों का उपयोग करके व्यावहारिक प्रशिक्षण), अतिथि व्याख्यान, मूल्य-केंद्रित शिक्षा सुनिश्चित करेंगे, प्रतियोगिताएं और मेंटरशिप कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिसका उद्देश्य ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और छात्रों के बीच उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देना हैं।

# लोक चौपाल में गूंजे पारम्परिक होली गीत




लखनऊ। लोक संस्कृति शोध संस्थान की 84वीं लोक चौपाल में फाग के लोकरंग पर परिचर्चा के साथ पारम्परिक होली गीतों की मनभावन प्रस्तुति हुई। बुधवार को रवीन्द्रालय परिसर में चल रहे पुस्तक मेला के सांस्कृतिक मंच पर चौपाल चौधरी पद्मा गिडवानी की अध्यक्षता और प्रभारी अर्चना गुप्ता के संयोजन में फागुनी बयार बही। मचो फाग घनघोर आज होरी झूम री का समवेत स्वर गूंजा।

संस्थान की सचिव डा. सुधा द्विवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए रंग पर्व के लोक सरोकार, लुप्त हो रहे फगुआ और जोगीरा के रंग पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ लोक गायिका पद्मा गिडवानी ने होली गीतों में प्रकट लोक मनोभावों का चित्र उकेरा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वरिष्ठ लोक गायिका नीरा मिश्रा ने मैंने कछु ना कही मोहे सांवरे ने गारी दई, पद्मा गिडवानी ने करें जब पांव खुद नर्तन समझ लेना की होरी है, अरुणा उपाध्याय ने बसंती रंग चुनरी पहन मुस्काई, प्रो. उषा बाजपेई आज होली नये रंग की, अर्चना गुप्ता ने मोरे रंग न डारो सांवरिया, आशा श्रीवास्तव ने मोपे जबरन रंग दियो डार, अनुज श्रीवास्तव ने गिरधारी लाल होरी खेलें कुंजन की गली, अलका चतुर्वेदी ने रंग डारुंगी नन्द के लालन पे, सुषमा प्रकाश ने बरजोरी रंग डाली मोरी सारी रे सुनाया। अथर्व, गुनाश्री, संस्कृति और अव्युक्ता ने नृत्य गुरु निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में रंग रंग दे रंग पर मनमोहक नृत्य किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डा. करुणा पांडे, मनोरमा मिश्रा, मीना मिश्रा, रंजना शंकर, उषा पांडिया, दिलीप श्रीवास्तव, कान्ति लाल शाह, गौरव गुप्ता, प्रो. सीमा सरकार, मंजुल रायजादा, ज्योति किरन रतन आदि उपस्थित रहे।

# झुग्गी-बस्तियों के बच्चों ने किया यूपी दर्शन पार्क का शैक्षिक भ्रमण



लखनऊ। आईईटी लखनऊ के परमार्थ सोशल क्लब द्वारा एक अनूठी पहल के तहत पास की झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले 70 से अधिक वंचित बच्चों को यूपी दर्शन पार्क का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। यह यात्रा न केवल उनके ज्ञानवर्धन के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि उनके चेहरे पर खुशी भी लेकर आई। यह यात्रा कुलपति डॉ. जेपी पाण्डेय के नेतृत्व में आईईटी लखनऊ के निर्देशक प्रो. विनीत कंसल के प्रयासों द्वारा करायी गयी। इस पहल को साकार करने में डॉ. अजय कुमार शर्मा और डॉ. पवन कुमार तिवारी एवं परमार्थ के स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस शैक्षिक भ्रमण में 39 स्वयंसेवकों ने इन बच्चों को यूपी दर्शन पार्क में स्थित विभिन्न ऐतिहासिक स्मारकों से परिचित कराया। विशेष रूप से, इन स्मारकों की विशेषता यह थी कि वे सभी कचरे एवं स्क्रैप सामग्री से निर्मित थे। बच्चों ने राम मंदिर, ताजमहल, बड़ा इमामबाड़ा, राधा-कृष्ण मंदिर और फतेहपुर सीकरी जैसी ऐतिहासिक धरोहरों को नजदीक से देखा और उनके इतिहास के बारे में सीखा। सुबह 10:30 बजे आईईटी लखनऊ से रवाना हुई यह बस बच्चों को ऐतिहासिक भारत की एक झलक दिखाने के बाद शाम 5 बजे वापस आई। इस यात्रा का उद्देश्य उन बच्चों को इतिहास से अवगत कराना था, जो संसाधनों की कमी के कारण कभी इन धरोहरों को देख नहीं पाते। इस पहल ने इन बच्चों को शिक्षा का नया अनुभव दिया और उनके मन में भारत की ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जिज्ञासा जागृत की। परमार्थ सोशल क्लब की यह यात्रा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रही।

# अविकसित कॉलोनी मे 35 रुपये नहीं अब 70 रुपये वर्ग फीट पर मिलेगा कनेक्शन

समरेश पति त्रिपाठी

लखनऊ। प्रदेश के शहरी क्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में बिजली कनेक्शन 35 रुपये की जगह पर 70 रुपये वर्गफीट पर हो सकेगा। विद्युत नियामक आयोग द्वारा पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव पर 2017 में जारी अपने नौवें संशोधन को पावर टू रिमूव डिफिकल्टी के दायरे में लाते हुए पुनः उसमें यह संशोधन कर दिया गया है। इसके अनुसार अब किसी भी शहरी क्षेत्र से जुड़े अविकसित कॉलोनी में वहां का कोई भी प्लाट, मकान या प्रॉपर्टी स्वामी 70 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से धनराशि जमा करके बिजली कनेक्शन ले सकता है। नियामक आयोग के अनुसार वह 35 रुपये स्क्वायर फीट के हिसाब से चार्ज किया जाता था। आयोग द्वारा जारी किए गए संशोधन आदेश के हिसाब से प्लाट ओनर या कॉलोनी के किसी व्यक्ति द्वारा रुपया 70 स्क्वायर प्रति फीट के हिसाब से पैसा जमा किए जाने के बाद उसे 40 मीटर की परिधि में सामान्य कनेक्शन की तर्ज पर विभाग को कनेक्शन देना पड़ेगा। अविकसित कॉलोनी में नए कनेक्शन के लिए दुगनी धनराशि किए जाने के विरोध में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को नियामक आयोग में मुलाकात कर लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल किया। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा सौंपे गए प्रस्ताव पर आयोग द्वारा पावर टू रिमूव डिफिकल्टी के तहत जो संशोधन आदेश जारी किया गया है, उसमें पब्लिक की राय लेने के लिए सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में इस मुद्दे को ले जाना चाहिए था। परिषद की मांग है कि दोगुनी राशि प्लाट या मकान स्वामी अथवा कॉलोनी व अन्य से वसूला जाना गलत है। उसमें कमी के लिए आयोग अपने आदेश पर पुनर्विचार करें और रिव्यू पैनल की बैठक बुलाकर उसमें पुनः संशोधन करे ताकि गरीब भूखंड स्वामियों को भी इसका लाभ मिल सके।

# 10 ट्रेनें रहेंगी निरस्त, कई के मार्ग परिवर्तित

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा खंड के मुण्डेरवा-ओरवारा-बस्ती स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग के कमीशनिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में नान इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, नियंत्रण तथा पुनर्निर्धारण निम्नवत किया जायेगा। निरस्तीकरण के तहत भटनी एवं अयोध्या धाम जं. से 08 एवं 09 मार्च को चलने वाली 65115/65116 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 08 एवं 09 मार्च को चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं गोंडा से 08 एवं 09 मार्च को चलने वाली 55031/55032 गोरखपुर-गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोंडा एवं सीतापुर से 08 एवं 09 मार्च को चलने वाली 55033/55034 गोंडा-सीतापुर-गोंडा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर एवं शाहजहाँपुर से 08 एवं 09 मार्च को चलने वाली 55059/55060 सीतापुर-शाहजहाँपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत अमृतसर से 07 मार्च को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोंडा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मनकापुर, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा। जम्मूतवी से 07 मार्च को चलने वाली 12492 जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोंडा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बस्ती स्टेशन पर नहीं रहेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 08 मार्च को चलने वाली 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोंडा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मसकनवा, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा। काठगोदाम से 08 मार्च को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोंडा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मनकापुर, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत हैदराबाद से 07 मार्च को चलने वाली 07075 हैदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 09 मार्च को चलने वाली 07076 गोरखपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस गोमतीनगर स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर से गोमतीनगर के मध्य निरस्त रहेगी। प्रयागराज संगम से 08 मार्च को चलने वाली 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस मनकापुर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मनकापुर से बस्ती के मध्य निरस्त रहेगी। बस्ती से 08 मार्च को चलने वाली 14232 बस्ती-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस मनकापुर स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी बस्ती से मनकापुर के मध्य निरस्त रहेगी।

पुनर्निर्धारण के तहत आनन्द विहार टर्मिनस से 08 मार्च को चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। कटिहार से 08 मार्च को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस कटिहार से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। नियंत्रण के तहत एरणाकुलम से 07 मार्च को चलने वाली 12522 एरणाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# मुकेश शर्मा ने गिनायीं सरकार की उपलब्धियां



लखनऊ। विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा ने विधान परिषद सदन में बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि अबकी उत्तर प्रदेश के बजट का आकार 8 लाख करोड़ का है जो पिछले बजट से 10 प्रतिशत ज्यादा है। 8 साल पहले सपा सरकार के समय बजट 3 लाख 46000 करोड़ था यह दर्शाता है कि योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कितनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है यह बड़ी उपलब्धि है। पंडित दीनदयाल के सपनों को साकार करने के लिए अंतिम पायदान पर खड़े शोषित और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस संबंध में केंद्र की विभिन्न योजनाओं को लागू करने में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी स्थान पर है। 2014 में गरीबों को छत देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई थी उस समय उत्तर प्रदेश में सपा सरकार थी लेकिन उन्होंने प्रदेश के जरूरतमंदों को लाभान्वित करने में कोई रुचि नहीं दिखाई थी तब केंद्र सरकार में मंत्री वैकंया नायडू ने पत्र लिखकर कहा था कि यह जनहित का कार्य है और योजना को उत्तर प्रदेश में भी तेजी से लागू करें। आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 36 लाख करोड़ के एमओयू को साइन किया जाना। एक्सप्रेसवे में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे जैसे निर्माण कार्यों से तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ा है। उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# देश की सांस्कृतिक विरासत से होगा सतत विकास की चुनौतियों का निदान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. सुरेंद्र सिंह सभागार में समाज कार्य विभाग आकाशवाणी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास : अवसर एवं चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य वर्तमान समय में सतत विकास के मार्ग में आने वाली बाधाओं एवं अवसरों पर युवाओ का मत जानना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलप्रति प्रो. मनुका खन्ना ने विकसित और विकासशील देशों में सतत विकास के अंतर पर अपने विचार रखे तथा प्राचीन भारतीय जीवनशैली और पर्यावरण

- लविवि में सतत विकास : अवसर एवं चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी सम्पन्न

से उसके जुड़ाव के बारे में विस्तार से बताया।




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता आकाशवाणी के मुख्य कार्यक्रम निदेशक डॉ. अजीत चतुर्वेदी ने सतत विकास की प्रक्रिया पर अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की। उन्होंने 2047 तक भारत को एक सशक्त विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे योगदान पर विचार साझा किए और आकाशवाणी के न्यूज ऑन एआईआर ऐप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो. ध्रुव सेन सिंह, विभागाध्यक्ष, भूगर्भशास्त्र, लखनऊ विश्वविद्यालय ने पृथ्वी, प्रकृति और मानव उत्पत्ति के गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानव जनित गतिविधियों के नकारात्मक प्रभाव और संसाधनों की कमी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा भारतीय संस्कृति में सतत विकास की अवधारणा पर चर्चा की।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा को प्रस्तुत करते हुए प्रो. राकेश द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, समाज कार्य, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सतत विकास में समाज कार्य की भूमिका एवं नागरिकों के नैतिक कर्तव्य पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा भविष्य में सतत विकास संबंधी विषयों पर किए जाने वाले प्रयासों तथा भारतीय परिप्रेक्ष्य में समाज की प्रक्रियाएं, जो सतत विकास को प्रभावित करती हैं, के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही समाज कार्य विभाग के छात्रों से सतत विकास लक्ष्य से जुड़े मॉडल पर कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया था, जिसमें प्रथम सत्र में उद्घाटन तथा द्वितीय सत्र तकनीकी सत्र के रूप में संचालित किया गया। द्वितीय सत्र में छात्र-छात्राओं को सतत विकास के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करने के अवसर प्रदान किए गए। द्वितीय सत्र के आरंभ में तकनीकी सत्र के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. रोली मिश्रा ने अर्थशास्त्रीय और कृषि गतिविधियों के पर्यावरण पर प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हमारी आर्थिक गतिविधियों ने पर्यावरण को किस प्रकार नुकसान पहुंचाया और यह भी समझाया कि जीवनशैली में बदलाव करके हम सतत विकास को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

आकाशवाणी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. अनामिका श्रीवास्तव ने सतत विकास को लेकर आकाशवाणी के प्रयासों की जानकारी दी तथा ई-कचरा और औद्योगिक कचरे के दुष्प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। यह कार्यक्रम सतत विकास की चुनौतियों और संभावनाओं पर केंद्रित रहा और यह समझने का प्रयास किया गया कि एक नागरिक के रूप में हमारा दायित्व क्या होना चाहिए। साथ ही, समाज में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के शिक्षक, शोधार्थी, छात्र-छात्राओं, आकाशवाणी लखनऊ के मुख्य अधिकारी एवं उनकी टीम के सदस्य समेत लगभग 125 लोग उपस्थित रहे।

# आरएन सिंह और धर्मवीर सिंह हुए लेवल वन अभियंता



मुख्य अभियंता आरएन सिंह

लखनऊ। सेतु निगम के एमडी धर्मवीर सिंह और पीएमजेएसवाई के मुख्य अभियंता आरएन सिंह लेवल वन हुए। इस सम्बन्ध में बुधवार को शासनादेश जारी किया गया। यह शासनादेश विशेष सचिव प्रभुनाथ ने जारी कर दिया है। अभी तक सेतु निगम के एमडी धर्मवीर सिंह लेवल 2 (सिविल) और पीएमजेएसवाई के मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह (आरएन सिंह) लेवल 2 के पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। फिलहाल शासन की ओर से इन दोनों अभियंताओं की नवीन तैनाती के आदेश अलग से जारी किये जायेंगे।

# अस्पतालों के बाहर अतिक्रमण रोकने के लिए पुलिस से अपील करेगा रवि सेवा केंद्र

लखनऊ। मरीज चाहे किसी भी रोग का हो उसकी सेवा सर्वोपरि है। भले ही श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र द्वारा कैंसर मरीजों के लिए निशुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही है। लेकिन हमारा यह मानना है कि प्रत्येक रोगी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमारी संस्था ने सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूरे किए हैं। अब भविष्य में हम अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाकर प्रत्येक रोगी को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। यह जानकारी श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार ने दी। संस्था की स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को पटेल नगर गुरुद्वारे में संस्था के सदस्यों द्वारा अरदास भी करायी गयी। संयोजक ने बताया कि जो भी रोगी होता है वह न सिर्फ दिमागी रूप से अपने रोग से लड़ रहा होता है बल्कि बाहरी तौर पर परेशानियों को झेल रहा होता है। उसके तीमारदार भी उसका इलाज करते-करते थक जाते हैं। गंभीर रोगों में ज्यादातर ऐसा ही देखने में आता है. ऐसे में मरीज व उसके तीमारदार दोनों ही शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुके होते हैं। श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र का यही प्रयास होगा कि मरीज के साथ उसके तीमारदार को भी अपनी सेवाएं दे सकें। इसी क्रम में प्रत्येक रविवार केजीएमयू एवं ट्रॉमा सेंटर परिसर में मरीज के साथ उसके तीमारदार के लिए भी संस्था द्वारा खाने पीने का सामान बांटा जाता है। हाल ही में ठंड के समय में कंबलों का भी वितरण किया गया। अमित कुमार के अनुसार अब जल्द ही हमारी संस्था द्वारा अस्पतालों के बाहर अतिक्रमण हटाने व जाम न लग सके, इसके लिए यातायात विभाग व पुलिस विभाग में जिम्मेदारों से अपील की जाएगी।

संक्षेप

## आर्केस्ट्रा के दौरान भिड़े दो पक्ष, मारपीट

**अयोध्या** । कैंट थाना क्षेत्र के भीखनपुर गांव में आयोजित आर्केस्ट्रा के दौरान विवाद हो गया। विवाद के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल और इलाज कराया है। बताया गया कि सोमवार को मध्य रात्रि आर्केस्ट्रा के स्टेज पर चढ़ने को लेकर विवाद हुआ और फिर मारपीट होने लगी। एक पक्ष से सुमन पुत्री प्रह्लाद ने गांव के ही संजय प्रधान, उनकी पुत्री मंजू व सेजल, पत्नी मालती, किशन, इनके बेटे कल्लू और मुकेश पुत्र महेश के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट की शिकायत दी है। पुलिस ने मारपीट के इस मामले में लीलावती (45) पत्नी हरिप्रसाद, इनकी पुत्री संध्या (24),सगे भाई विशाल,अभिषेक व अवनीश तथा मालती पत्नी संजय कुमार, शुभम उर्फ. संजू पुत्र संजय कुमार का मेडिकल कराया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह का कहना है कि जाँच-पड़ताल कराई जा रही है।

# भाजपा सरकार में बदली सरकारी स्कूलों की तस्वीरः श्वेता जायसवाल



**देवरिया**। बरहज बीआरसी सभागार में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन बच्चे कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह द्वारा किया गया। जिसमें नोडल शिक्षक संकुल आंगनबाड़ी कार्यकत्री अभिभावक और निपुण बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज अध्यक्ष श्रीमती श्वेता जायसवाल अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी भूपेंद्र नाथ राय, बाल विकास परियोजना अधिकारी बरहज श्रीमती सुषमा दूबे और अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख सुभाष प्रसाद ने की।

नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र और बेसिक स्कूल मिलकर बच्चों के शैक्षणिक जीवन की आधारशिला रख रहे। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी तारीफ की। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदली है और अब कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर इन स्कूलों में भी स्मार्ट क्लास से शिक्षा दी जा रही है।

इसका नतीजा है कि ग्रामीण परिवेश के बच्चे भी हर क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान आदित्य नारायण गुप्त, देवेंद्र सिंह, उमेश कुमार, सुशील यादव, अजय यादव, चंदन कुमार, कृतमुख पाण्डेय, अखिलेश शाह, हनुमान गोंड, विजय खरवार, महात्म लाल, ओमप्रकाश अकेला उपस्थित रहे । इस दौरान कटैलवा, लवारछी, कोल्हूवा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक जायसवाल ने किया।

# समस्या आधारित हो अध्ययनः क्रिश्चन

अयोध्या। डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में इनोवेशन एंड स्टार्टअपः क्रिएटिंग इंटरप्रन्योर विषय पर पांच दिनी कार्यशाला की शुरूआत बुधवार से हुई। कार्यशाला में डेनमार्क के बाजार विशेषज्ञ क्रिश्चन ने कहाकि डेनिश शिक्षा में अध्ययन कार्यक्रमों को समस्या-आधारित रखा जाता है। समस्या-आधारित शिक्षा का तात्पर्य समस्या से शुरू करना और फिर प्रत्येक संदर्भ में लागू होने वाले सिद्धांतों का पता लगाना।

उन्होंने कहाकि सीखना या शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों को पढ़ने, शब्दों और सिद्धांतों को याद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी देखना चाहिए कि वास्तविक दुनिया में उनका उपयोग कैसे होगा। छात्रों को टीम बनाकर काम करने की आवश्यकता है। इससे समूह आधारित परियोजनाओं में काम करने की तैयारी होती है। टीम में काम करने के अनेक लाभ हैं, जिसके अनुभव का लाभ नौकरी में भी मिलता है। उन्होंने कहाकि अधिकांश व्यवसायों को बाजार में खुद को स्थापित करने के लिए बड़ी मात्रा में पूंजी की आवश्यकता होती है। जब समाज स्थिर होता है तो उद्यमी भी सफल होते हैं। आइआइटी रुड़की के प्रो. संतोष रंगनेकर ने कहाकि उद्यमिता में अनेक अवसर हैं। उद्यमिता को नवाचार से जोड़कर बाजार में नए-नए उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने कहाकि प्रत्येक उद्यम या व्यवसाय में जोखिम भी होता है, लेकिन अवसर भी हैं। प्रबंधन के विद्यार्थियों को बाजार की संभावनाएं खोजनी चाहिए। समय की मांग, लोगों की जरूरत के अनुसार उद्यम की शुरूआत करनी चाहिए। अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जानकारी टेरेसा क्ली ने भी विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

## आज होगी आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया, डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा



**देवरिया** । जिले में आबकारी दुकानों के आवंटन के लिए 06 मार्च को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में ई-लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसको लेकर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, स्क्रीन और हेल्प डेस्क जैसी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-लॉटरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए समस्त जानकारी एनआईसी पोर्टल पर तुरंत अपलोड की जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। ई-लॉटरी स्थल पर केवल आवेदकों को ही प्रवेश मिलेगा।

## कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**देवरिया** ।जिला सेवायोजन अधिकारी, रोहन अपूर्व सिन्हा ने जानकारी दी है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के नियंत्रणाधीन कार्यालय, शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र, देवरिया में एक वर्षीय निःशुल्क कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इस प्रशिक्षण में लिपिकीय कार्य, टंकण/आशुलिपि एवं कंप्यूटर व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों तथा इन्हीं वर्गों के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। इसमें प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की आयु 1 अप्रैल 2025 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र 25 फरवरी 2025 से 26 मार्च 2025 तक कार्यालय, शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र, देवरिया में प्रत्येक कार्यदिवस में जमा किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय में संपर्क करें।

## सुजुकी मोटर गुजरात के लिए कैंपस चयन संपन्न, 58 का हुआ चयन

**देवरिया** । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), में एचआरवीएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सुजुकी मोटर गुजरात के लिए कैंपस चयन कार्यक्रम आयोजित किया गयासंस्थान के प्रधानाचार्य शोभनाथ ने जानकारी दी कि इस चयन प्रक्रिया में कुल 68 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से मानव संसाधन विभाग (एचआर) के अधिकारी प्रियंक चौहान, प्रशांत गोस्वामी एवं योगेश जोशी ने चयन प्रक्रिया का संचालन किया। चयन के दौरान प्रशिक्षार्थियों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार लिया गया, जिसके आधार पर 58 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय सहजनवां गोरखपुर की प्रवेश परीक्षा 9 को

**देवरिया** । श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने जानकारी दी कि अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवां (गोरखपुर) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह प्रवेश परीक्षा दिनांक 09 मार्च (रविवार) को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जलकल रोड, देवरिया में संपन्न होगी ।उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पंजीकृत अनाथ बच्चे, जिन्होंने अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत आवेदन किया है, से अनुरोध किया जाता है कि वे प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपना प्रवेश पत्र सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, विकास भवन परिसर, देवरिया से प्राप्त करें।

## बस स्टेशन पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पवित्र गंगाजल का निःशुल्क वितरण हुआ

देवरिया। प्रयागराज महाकुंभ में न जा पाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। देवरिया में रोडवेज परिसर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पवित्र गंगाजल का निःशुल्क वितरण शुरू हो गया है। प्रयागराज से मंगलवार को अग्निशमन विभाग की गाड़ी ढाई हजार लीटर गंगाजल लेकर देवरिया पहुंची। यह गाड़ी महाकुंभ में सेवा कार्य के लिए गई थी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक किया गया। कई पुलिसकर्मी, उनके परिवार और जिले के अन्य लोग विभिन्न कारणों से कुंभ में स्नान नहीं कर पाए। सीएम का आभार जता रहे लोग शहर और देहात से आ रहे श्रद्धालु डिब्बे और बोतलों में गंगाजल ले जा रहे हैं। सदर विकास खंड के ग्राम सौंदा निवासी सुशील तिवारी ने बताया कि परीक्षा के कारण वे महाकुंभ नहीं जा पाए। उन्होंने कहा कि यह जल उनके लिए अमृत के समान है। वे इस जल से स्नान कर महाकुंभ स्नान का पुण्य प्राप्त करेंगे। श्रद्धालु इस पहल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जता रहे हैं।

## नाबालिग लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी को उम्र कैद

**बहराइच** । जिले की एक अदालत ने सात वर्ष पूर्व एक नाबालिग लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि 25 फरवरी 2018 को फखरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की की उसी गांव के दुखीराम कश्यप ने चाकू से गला काटकर हत्या कर दी थी। सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार, आरोपी दुखीराम ने हत्या से कुछ दिन पूर्व इसी लड़की से बलात्कार किया था मगर लोकलाज के भय से तब परिजनों ने मामले को छिपाया। इस बारे में लड़की के परिजन से दुखीराम की पूर्व में कहासुनी भी हुई थी और परिवारीजनों का आरोप था कि इसी रंजिश को लेकर दुखीराम ने लड़की की हत्या की है। अभियोजक ने बताया कि 25 फरवरी 2018 को मृतका के चाचा की तहरीर पर फखरपुर थाने में दुखीराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पोक्सो कानून) दीप कांत मणि ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अभियुक्त दुखीराम को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कारावास के अतिरिक्त अदालत ने उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## साइकिल सवार युवक की हादसे में मौत

**कुशीनगर** । स्थानीय सेवरही थाना क्षेत्र के बभनौली कोठी गन्ना फार्म के पिछे तमकुही मार्ग पर मंगलवार देर रात को अज्ञात वाहन से ठोकर लगने पर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई थी। मृत्यु की सुचना बुधवार को सौच क्रिया के लिए निकले लोगों ने डायल 112 पर फोन कर बताया जिसकी सुचना पाकर पीआरवी सहित सेवरही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार शव की शिनाख्त कराने के लिए सेवरही पुलिस ने काफी प्रयास कर पता लगाया कि मृतक व्यक्ति नाम उमेश पुत्र सुदामा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी बरवा राजापाकड़ टोला जमुआन थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर का रहने वाला है। जिसकी जानकारी परिजनों को मिली तो परिजनों में चीख पुकार सुरु हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि बीते मंगलवार से ही देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर खोज वीन किया जा रहा था। इधर सेवरही पुलिस ने शव को कब्जे में ले विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्मार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सेवरही धीरेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान हो गई है पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सांसद ने किया बेलडाण मार्ग का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । सदर सांसद शशांक मणि ने काफी समय से लंबित पड़े बहुप्रतीक्षित देवरिया बेलडाण मार्ग का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 3 मार्च को लखनऊ में विभाग के प्रमुख सचिव अखंड प्रताप से मिलकर इस मार्ग को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए कहा था जिसके तुरंत बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से बात कर निर्माण प्रक्रिया को चालू करने का निर्देश दिया और ये भी कहा कि हर हफ्ते मुझे कार्य की प्रगति का रिपोर्ट भी दें । उन्होंने कहा कि आज हमलोगों ने निर्माण प्रक्रिया की तेजी को जानने के लिए इस सड़क का निरीक्षण किया है और मुझे विश्वास है कि कुछ ही दिनों में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी जिससे आम जनता को काफी राहत मिलेगी । इस दौरान भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, चौहान, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, रामदास मिश्रा, चतुर्वेदी, धीरज सिंह, केशव शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।

# अधेड़ युवक के घर में हुई हत्या, जांच में जुटी पुलिस

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या उसके पुराने घर मे कर दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के महुआबारी निवासी उदयभान यादव(56) पुत्र महेश यादव का एक ही गांव में दो मकान है। बीते रात वह अपने पुराने मकान पर गए हुए थे। देर रात को लोगो द्वारा शोर मचाया गया कि उदयभान खून से लथपथ अपने घर मे पड़े है। जहां लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाते ही देवरिया के पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर मौके पर पहुँच गए। जहा फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड की भी पहुँची और हत्या की छानबीन में जुट गई ।वही उदयभान की बेटी दीक्षा जो खलीलाबाद में पुलिस कास्टेबल के पद पर तैनात है। वही भी पहुँच गई। वही दो बेटे दीपांशु, दिव्यांशु यादव बेटी दीपाली का रो रो कर बुरा हाल है। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई एक व्यक्ति के हत्या के मामले में छानबीन की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### दोस्तों के साथ पार्टी मना रहे युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया** । सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते देर रात दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे हैं। जिसमें किसी बात को लेकर युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे देवरिया के पुलिस अधीक्षक ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फोरेंसिक टीम और डॉग स्कवायड की टीम मामले की छानबीन में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के खरजरवा निवासी सन्दीप उर्फ मटेलु (19) पुत्र छोटेलाल यादव मूल रूप से चौरीचौरा के बघडा रहने वाले है। सन्दीप के पिता छोटेलाल बस्ती में पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। सन्दीप देवरिया अपने घर इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए आया हुआ था। बीते देर रात दोस्तो के साथ पार्टी कर रहे थे। जहा उसकी पीट पीटकर हत्या कर दी गयी। जहां सूचना पाकर मौके पर पहुचे पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने मामले की छानबीन में जुट गए। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि युवक की हत्या हुई है। इस मामले कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जजायेगा। वही बड़े भाई शिवशंकर ,अमनमाता निर्जला का रो रोकर बुरा हाल है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कुशीनगर** । हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाटा देवरिया मार्ग पर राइसमिल के पास पैदल घर जा रहे हैं पटनी निवासी मनीष गौड़ उम्र 28 वर्ष पुत्र राम दुलारे की मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा पहुंचाया जहां डॉक्टर ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज विधिक कार्रवाई में जुट गई।

### फंदे से लटका मिला बिहारी मजदूर

**अयोध्या** । कैंट थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र हरिपुर जलालाबाद में मंगलवार को एक मजदूर युवक फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक राजकुमार साहनी (18) पुत्र अनिरुद्ध निवासी सरैया थाना गोविंददास जिला मोतिहारी, बिहार को जिला अस्पताल लाने वाले रिश्ते के बहनोई राकेश कुमार का कहना है कि वह एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था और तीन दिन पूर्व ही गांव से वापस काम पर आया था। सुबह राजकुमार फंदे से लटका मिला ।

# न्याय चला निर्धन के द्वार , लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यमः देवेन्द्र सिंह




**देवरिया** । बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों को निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओमवीर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत संजय कुमार सिंह , एवं समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल जज (सी0डी0) विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों का जीपीएफ कोड एलाट करें डीआईओएसः संजीव चतुर्वेदी

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या** । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी ने जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या डॉ पवन तिवारी से मांग की है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक के आदेश पर पुरानी पेंशन से अच्छादित होने वाले शिक्षकों का शीघ्र ही जी पी एफ कोड एलाट करें जिससे उन शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो जाए। ज्ञातव्य हो कि कुछ ही दिनों पूर्व माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 1 अप्रैल 2005 से पूर्व के विज्ञापनों से चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने का आदेश दिया था। इसके लिए पुरानी पेंशन से अच्छादित होने वाले पूरे प्रदेश के माध्यमिक शिक्षकों की एक सूची भी जिले वार जारी कर दी गई है। जिसमे हजारों शिक्षक शामिल किए गए हैं। सूची जारी होने से पुरानी पेंशन का लाभ पाने वाले शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। यह शिक्षक अब चाहते हैं कि उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र पुरानी पेंशन का लाभ मिल जाए। वहीं शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह आदेश जारी कर दिया है कि वह ऐसे शिक्षकों जो पहले एनपीएस से अच्छादित थे उसकी जगह इन शिक्षकों को जी पी एफ कोड एलाट करें। लेकिन अभी तक इन शिक्षकों का जीपीएफ कोड एलाट नहीं हुआ है जिससे इन शिक्षकों पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि जीपीएफ कोड एलाट होने पर ही शिक्षकों की कटौती उनके खाते में की जा सकेगी। माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट )के प्रयास के चलते ही एक अप्रैल 2005 से पूर्व के विज्ञापनों से चयनित शिक्षकों को सरकार ने पुरानी पेंशन देने का ऐलान किया था। इसके बाद पूरे प्रदेश के ऐसे शिक्षकों को जिलेवार चिन्हित किया गया था जिन्हें पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना था ।बाद में शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा ऐसे शिक्षकों की एक सूची भी जारी कर दी गई और आदेश दिया गया है कि ऐसे शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दे दिया जाए और उनका जीपीएफ अकाउंट खुलवाकर उसका कोड एलाट किया जाए जिससे उसमें कटौती शुरू कराई जा सके।

# महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के जागरूकता के लिए रोटरी क्लब देवरिया में कार्यक्रम का किया

जिला संवाददाता(vol)




**देवरिया** । महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय फूड जंक्शन मे रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल और अर्चना फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वाधान मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्राम्भ नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह शशि सिंह, अनुपम मौर्य, एवं कार्यक्रम संयोजक रोट हिमांशु कुमार सिंह,के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उसके बाद अंजनी द्विवेदी ने ईश्वर बन्दना एवं गणेश वंदन किया ।इसके बाद कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिमांशु सिंह ने संगोष्ठी के विषय संवैधानिक रूप से महिला सशक्त फिर भी उत्पीड़न एवं अपराध के सबसे ज्यादा घटना महिलाओ के प्रति ही क्यों इस पर विस्तार से चर्चा की। कवियत्री गरिमा पाण्डेय ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओ के साथ भेदभाव किया जाता है, तो उर्मिला यादव ने कहा कि हर जगह स्त्री की मूलभूत सुबिधा जैसे पिंक टॉयलेट आदि का शहर मे अभाव रहता है, साथ ही माया सिंह ने कहा कि अपने देश भारत मे स्त्री देवी के रूप मे पूजी जाती है, पर सबसे ज्यादा अपराध भी यही होता है ।नीतू सिंह का कहना था कि भारत मे बलात्कार के केस प्रतिदिन लगभग 90 मामले आते है जिसमें 85% केस मे बलात्कार उनके अपने लोग दवारा किया जाता है। डॉ शबनम का कहना था कि भूर्ण हत्या के मामले मे कभी कभी एक महिला ही दूसरी महिला की दोषी होती है। मुख्य अथिति अलका सिंह ने कहा कि एक महिला के अंदर पुरुष स्पर्श और भावना को पढ़ने की अद्वितीत क्षमता होती है, वह खतरे को तुरंत भाप लेती है ।वन क्षेत्रधिकारी अनुपम मौर्य ने कहा कि वह स्वयं दो परिवार का देखभाल करती हैं, एक स्वयं का दूसरा समाज मे पुत्र समान एक बृक्ष का, । कार्यस्थल पर कई चुनौती का सामना करना पड़ता हैं। श्रम अधिकारी शशि सिंह अधिकारी निशा सिंह ने मोबाइल के प्रयोग ने सुविधा बढ़ाने के साथ परिवार के प्रत्येक सदस्य को एक दूसरे से दूर कर दिया हैं। र्रे सदर श्रुति शर्मा ल्ली कहा कि परिवार मे एक लड़का स्वतंत्रत तो हो लेकिन स्वच्छंद न हो, लड़ाई लड़नी है लेकिन अधिकार की नहीं बल्कि अवसर के लिए लड़ना है। संविधान मे कोई भेदभाव नहीं किया गया है बस सोच ओर मानसिकता को बदलनी होगी ।इस अवसर पर सभी 55 महिलाओ को अंग वस्त्रम, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंजली श्रीवास्तव, शीला श्रीवास्तव, यामिनी कंसल, अंजनी द्विवेदी, मंशा सिंह,उर्वसी पचारिया,अंजली यादव, शमीर्ला सोनी, प्रियंका सिंह, आराधना गुप्ता,, सुचित्रा अवस्थी, नीतू मिश्रा, सीमा सोनी, रेखा श्रीवास्तव, सोनाली शर्मा, चांदनी अंसारी, सीमा जायसवाल, शाइस्ता परवीन प्रेमा केडिया, दीप्ती त्रिपाठी, नीलू शर्मा, नीतू सिंह, कविता पाण्डेय अजय मनोज मधेसिया गोपाल डॉ `'दे' आदि लोग उपस्थित थे।

# मां कामाख्या धाम महोत्सव का आज होगा आगाज



**अयोध्या** । रूदौली विधान सभा क्षेत्र में गोमती नदी के तट पर घने जंगलों में विराजमान मां कामाख्या के दरबार में सात दिवसीय मां कामाख्या धाम महोत्सव का आगाज बृहस्पतिवार को होने जा रहा है। महोत्सव को भव्य स्वरूप देने की तैयारी अंतिम चरण में है। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शिरकत करेंगी।

वह दुरदुरिया कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। इसके साथ ही भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और प्रख्यात गायक अभिनेता पवन सिंह भी कल अपना जलवा बिखेरेंगे। रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने बताया कि छह से 12 मार्च तक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के सभी कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के तहत राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इस महोत्सव में धर्म, कला, संस्कृति और संगीत परंपराओं का समागम होगा। धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही विचार विमर्श के सत्र भी आयोजित होंगे। विधायक ने बताया कि धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बन रहे कामाख्या धाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। इस महोत्सव में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

# डीएम ने किया चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के मडरूवा पड़ाव का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद में होली चैरासी कोसीय परिक्रमा मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मडरूवा पड़ाव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए परिक्रमा मार्ग में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बताते चलें कि होली परिक्रमा मेला का सप्तम पड़ाव मडरूवा में ठहरता है। जहां अनगिनत संख्या में देश विदेश से परिक्रमार्थी मांडव ऋषि के आश्रम पर रुकते हैं और अग्रिम अष्टम पड़ाव जरिगंवा को प्रस्थान करता है।जिस विषय में जिलाधिकारी सीतापुर ने पड़ावों का निरीक्षण किया। वहीं मिश्रिख की पंच कोसीय परिक्रमा पथ का भी निरीक्षण किया।व्यवस्थाओं की गहन जांच एवं निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने पंचायती राज विभाग को परिक्रमा मार्ग में प्रकाश



व्यवस्था, स्वच्छता और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला पंचायत विभाग को श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु टेंट, पंडाल एवं प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परिक्रमा मार्ग के विभिन्न पड़ावों की स्थिति की जानकारी ली और तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दीपरिक्रमा मार्ग की स्थिति की समीक्षा करते हुए

- **प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता सहित अन्य तैयारियों का लिया जायजा**

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि जहां-जहां सड़कें गड्ढायुक्त हैं। वहां तत्काल पैचिंग और मरम्मत का कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मार्ग को समतल एवं सुगम बनाया जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न होसाथ ही सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि परिक्रमा मार्ग में स्थित जीर्ण-शीर्ण पुलियों की मरम्मत शीघ्र की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जो भी पुलिया क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं, उनकी तुरंत मरम्मत कराई जाए ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई समस्या न हो।जल जीवन मिशन के तहत मरम्मत कार्यों का निर्देश निरीक्षण के दौरान जल निगम को यह निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत जिन मार्गों को खोदा गया था और वह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए।उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से यात्रा करने की सुविधा मिले। इसके लिए जल निगम को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य पूरे करने होंगे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोपरि जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चैरासी कोसीय परिक्रमा मार्ग पर हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते हैं।इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और हर छोटी-बड़ी जरूरत का ध्यान रखते हुए योजनाओं को साकार करें।?निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परिक्रमा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन सेवाओं, प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों और अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि यदि कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका समाधान तत्काल किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम ने विद्युत तारों और पोल की समस्या पर दिए निर्देश

### परिक्रमा मार्ग को भव्य बनाने के लिए किये गये विशेष प्रबंध

सीतापुर। उपजिलाधिकारी मिश्रिख के चैम्बर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जर्जर विद्युत तारों और पोल पर प्लास्टिक पन्नी लपेटे जाने तथा लटकते तारों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इस संबंध में कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका और विकास खंड के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परिक्रमा मार्ग पर आने और जाने वाले रास्तों पर सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं, जो यह स्पष्ट करें कि कौन सा मार्ग परिक्रमा के लिए आने का है और कौन सा जाने का।इसके अलावा, उन्होंने परिक्रमा को भव्यता प्रदान करने के लिए मिश्रिख तहसील के चौराहे पर स्वागत बोर्ड लगाने और लाइटिंग सजावट करने के निर्देश नगर पालिका को दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को परिक्रमा के दौरान सक्रिय रहने के लिए भी कहा।?जिलाधिकारी ने परिक्रमा पथ के किनारे स्थित नालों की गंदगी और झाड़ियों की सफाई समय से कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद द्वारा लगाए गए टेंट और अस्थाई शौचालय के पास जिम्मेदार कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश दिए ताकि असुविधा पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि यह कर्मचारी वहां होने वाली समस्याओं को तुरंत दूर करने के लिए उपस्थित रहेंगे।

## मेला मैदान का निरीक्षण और अनधिकृत कब्जे को हटाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने मिश्रिख के मेला मैदान का निरीक्षण किया और उप जिलाधिकारी मिश्रिख, अनिल रस्तोगी को निर्देश दिए कि अनाधिकृत रूप से मैदान में कब्जा किये गए लोगों को विधिक प्रक्रिया के तहत खाली कराया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि भविष्य में मैदान पर किसी का अनाधिकृत कब्जा न हो। इससे मेला मैदान का उपयोग सही तरीके से किया जा सकेगा और श्रद्धालुओं को पर्याप्त स्थान मिल सकेगा।

# हाईवे पर बने अवैध कट का मुद्दा विधायक ने सदन में उठाया



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। हाइवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं के साथ उसमें शिकार होने वाले विद्यालयों के वाहनों पर चिंतित स्नातक विधायक ने सदन में अवैध कट का प्रश्न उठा कर समस्या का स्थाई समाधान की मांग की।

इस दौरान सदस्य के प्रश्न पर परिवहन मंत्री सही उत्तर नहीं दे पाए। कानपुर देहात के अधिकारियों द्वारा जनपद में कोई अवैध कट न होने की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर विधायक ने आश्चर्य व्यक्त किया। जबकि सदन के माध्यम से साक्ष्यों के बाद भी गलत जवाब भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर करवाई किए जाने की मांग की है। मालूम हो कि कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव का प्रतिनिधित्व एमएलसी अरुण पाठक करते है।उनके क्षेत्र में अवैध कट के चलते स्कूल वाहनों के साथ बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर प्रश्न सदन में उठाया। परिवहन सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण के लिए परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा जिला विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों को विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित करने हेतु समस्त जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया था।लेकिन अपनी अक्षमता छिपाने के लिए जनप्रतिनिधियों को बैठक में नहीं बुलाया गया। जिसको लेकर विधायक अरुण पाठक ने सदन के माध्यम से परिवहन मंत्री से सवाल किया।जिस पर उन्होंने पत्र जारी किए जाने की बात। स्वीकार की। जब जनप्रतिनिधि ने नेशनल हाईवे व स्टेट हाइवे पर बने अवैध कट के विषय में पूछा तो कही भी हाइवे पर अवैध कट न होने की जानकारी सदस्य को दी गई।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लगाये स्टाल



सीतापुर।बुधवार को तहसील गेट के पास राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे विविध उत्पादों के स्टाल लगाये गये है।यह स्टाल मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के निर्देशों के क्रम में आगामी होली के पर्व के दृष्टिगत लगवाये गये हैं।इन स्टालों पर विविध खाद्यय सामग्री जैसे कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, मशरुम, सब्जी मसाले, देसी घी इत्यादि के अतिरिक्त दरी, कालीन व साज-सज्जा की वस्तुएं लगायी गयी है।जिलाधिकारी ने फीता काटकर लगाये गये स्टालों का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लगे सभी स्टालों का अवलोकन किया गया है तथा समूहों की दीदियों एवं आकांक्षा समिति की दीदियों को प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों कर्मचारियों एवं आम ?जनमानस से अपील की कि समिति द्वारा बनाये गये प्रोडेक्टों को क्रय करें ताकि इनको और अधिक बढ़ावा मिल सके।?इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

सीतापुर। थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के तिहार चैकी क्षेत्र के नौवा अंबरपुर मोड़ के पास कस्ता से सीतापुर की ओर आ रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई।हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।मौके पर पहुंची थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।दुर्घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक अशोक कुमार 37 पुत्र केशव कुमार निवासी ग्राम पिपरिया अंडू थाना फरधान जिला लखीमपुर अपनी भतीजी के देवर की शादी में पचदेवरा थाना मितौली जिला लखीमपुर में बीते सोमवार यानी 3 मार्च को शामिल होने आये थे मंगलवार की रात अपनी बड़ी भतीजी के दामाद मुकेश कुमार पुत्र हजारी निवासी ग्राम खुर्दा थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर के साथ बिना बताये किसी कार्य से घर से देर रात बाइक से निकले।मृतकों में मुकेश कुमार विकास खंड ईसानगर में बतौर सरकारी अध्यापक अपनी सेवायें दे रहे थे।सूचना मिलने पर जब मौके पर पहुंचे तो दोनों लोग मृत अवस्था में मिले।थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस को सूचना दे दी गई।पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात दोनों बाइक सवार किसी काम से काजीकमालपुर की ओर आ रहे थे।नौवा अंबरपुर मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ टकरा गई।जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।?डेथ प्वाइंट बना नौवा अंबरपुर मोड़ के किनारे लगा पेड़ थाना इमलिया सुल्तानपुर के सीतापुर गोला मार्ग पर लखीमपुर सीतापुर की सीमा पर नौवा अंबरपुर मोड़ दुर्घटना के मामले में सबसे चर्चित जगह है।आये दिन कोई न कोई घटना होती रहती है।सीतापुर लखीमपुर को जोड़ने वाले इस मार्ग पर बहुत तीव्र मोड़ के कारण अक्सर ऐसी दुर्घटनायें होती रहती हैं।बीते नवंबर माह में बहन की शादी की व्यवस्थायें देखने बाइक ये लखनऊ जा रहे शाहजहांपुर के थाना बंडा ते ग्राम निभिचा निवासी सचिन मिश्रा 30 की इसी मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे इसी पेड़ से टकराकर मौत हो गई थी।

# सारा ज्ञान, मान बड़ाई सब श्मशान भूमि पर जाकर खाक हो जायेगाः पंकज जी महाराज

सीतापुर। जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज अपने 86 दिनों की जन जागरण यात्रा के 81 वें दिन पड़ाव पर सिधौली ब्लाक के मिजार्पुर पहाड़पुर पहुंचे।इस मौके पर हर्षउल्लास के साथ गाजा बाजा फूल माला तथा सुसज्जित कलशो द्वारा यात्रा का भाव पूर्ण स्वागत किया।



सत्संग समारोह में पंकज महराज ने कहा कि संत महात्मा सबके होते हैं और भलाई का काम करते हैं।वह धरती पर घूम-घूम कर लोगों को मानव जीवन पाने का उद्देश्य समझाते हैं।आपको मानव शरीर एक निश्चित समय के लिए मिला है।जिस परमात्मा ने यह शरीर आपको दिया है वह अवश्य ही जानता है कि इस शरीर को कब खाली कराना है।उसके सिपाही आएंगे प्राणों की डोरी तोड़ देंगे, तत्काल मृत्यु हो जाएगी।सारा ज्ञान, मान बड़ाई सब श्मशान भूमि पर जाकर खाक हो जाएगा। उधर इसी शरीर से मिलती लिंग शरीर में जीवात्मा धर्मराज की कचहरी में पेश कर दी जाएगी। और जरा सी देर में खोटे बुरे कर्मों के हिसाब से सजा सुना दी जाएगी कि ले जाओ इनको फला नर्क में डाल दो क्योंकि इन्होंने हमारे साफ सुथरे मकान को बुरे कर्मों से गंदा कर दिया। आप विचार करो उस समय आपका कौन साथी होगा ? इसलिए समय रहते किसी जगे हुए संत महात्मा की तलाश करो उनसे नाम भेद लेकर कुछ भजन की कमाई कर लो संत महात्मा ऊपरी मंडलों में जाते रहते हैं। वे ही नर्कों की यातनाओं से आपको बचा सकते हैं। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि आप मानव हैं, इसलिए सबसे पहले आप मानवतावादी बने।मानव धर्म, मानव कर्म को अपनाएं।एक दूसरे की निस्वार्थ भाव से सेवा करें।शाकाहार को अपनाएं तथा नशीले पदार्थ से परहेज करें, तभी एक अच्छा समाज बनेगा।हम गुरु महाराज के पद चिन्हों पर चलते हुए अच्छे समाज के निर्माण में लगे हुए हैं। उन्होंने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक मथुरा जय गुरुदेव आश्रम पर होने वाले होली पर्व पर आने का निमंत्रण दिया। सत्संग आयोजन में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।इस अवसर पर मोतीलाल तहसील अध्यक्ष,विनय कुमार, डॉ रमेश चंद्र,दीपू कुमार, ग्राम प्रधान लवकुश भार्गव, कुलदीप यादव सतीश यादव बालक राम व घूरन प्रसाद आदि उपस्थित रहे। जन जागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु ग्राम बौना भारी के लिए प्रस्थान कर गई।

# जालसाजों ने आशा बहू से की ठगी

सीतापुर। शहर कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित जिला महिला अस्पताल के पास एक आशा बहू से जालसाजों ने जेवरात तथा नकदी की ठगी कर फरार हो गए। घटना की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। पीड़िता के द्वारा शहर कोतवाली में तहरीर दे दी गई है।?कोतवाली देहात के बालाजी बिहार नैपालापुर के रहने वाले धर्मेन्द्र मिश्रा की पत्नी सोनिका मिश्रा आशा बहू के पद पर कार्यरत है।वह अपनी डयूटी पर बुधवार 5 मार्च को जिला महिला अस्पताल जा रही थी। इसी दौरान स्टार मेडिकल दुकान के निकट दो अज्ञात उन्हें मिले और जालसाजी कर बातों में उलझा लिया।इसके बाद उनके कान में पहने सोने के बाला उतरवाकर पर्स में रखवा लिए तथा आंख बंद कर भगवान का ध्यान करने को कहा।?इसी दौरान जब सोनिका ने आंख बंद की तो वह दोनों जालसाज वहां से रफूचक्कर हो गए।इस बारे में जब पीड़िता सोनिका से वार्ता की गई तथा उन्होंने बताया कि मेरी तरफ से इसकी तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज देखे थे।जिसमें पूरी घटना आई है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# 55 साल बाद रौशन हुआ घर



पाटन, उन्नाव। धनकोली निवासी गया प्रसाद यादव उर्फ राजा यादव और उनकी पत्नी दोनों लोग लगभग 55 साल से बिना लाईट के अंधेरे में घर पर गुजारा कर रहे थे।उनकी स्थित कमजोर एवम दयनीय थी।इस गरीब परिवार की पीड़ा को देखकर समाज सेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर उनके बड़े भाई मानवेंद्र सिंह ने तुरंत सोलर पैनल बैटरी पंखा और लाईट लगाकर गरीब परिवार के जीवन में उजाला किया।राजा यादव शारिरिक कमजोर है, व कोई आय का स्रोत नही है।55 साल के इस जीवन में पहली बार घर पर लाईट का उजाला देखकर दोनो के चेहरे पर आँख से खुशी के आसू निकल आए। इस मौके पर पीर मोहम्मद, अशोक पासवान, संदीप यादव, लोटन पासवान, शिवपाल नाऊ, रामू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक

लहरपुर सीतापुर, होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की हुई बैठक। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर चौकी प्रांगण में हुई बैठक में स्थानीय नागरिकों और विभिन्न समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग किया।



बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने कहा कि, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हैं और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखने की बात भी कही।इस मौके पर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने सभी लोगों से त्योहारों को मिल जुलकर मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि, त्योहार हमें प्यार व एकता का संदेश देते हैं इसलिए हम सब मिलकर इसे मनाएं। नगर चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडेय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, बैठक का मुख्य उद्देश्य होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए समुदाय के बीच एकजुटता और समझ को बढ़ावा देना है।इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, सभासद मनीष शुक्ला, संजीव अवस्थी, मोहम्मद सुएब, उस्मान, क्रांती जोशी, अनिल द्विवेदी, विजय कश्यप, रहमत अली,लल्लन खान, मास्टर फुरकान, सतीश शर्मा, डॉक्टर सददन सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पारिवारिक कलह से तंग युवक ने की आत्महत्या

जिला संवाददाता(vol)

बीघापुर, उन्नाव। पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बता दे कि बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम अजब खेड़ा में बुधवार को पारिवारिक कलह से तंगा आकर इरफान अंसारी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र कदीर अंसारी मुंबई वर्तमान पता अजब खेड़ा ने घर के अंदर टीन सेड के पोल से नायलान की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व रोशनी निवासी अजब खेड़ा के साथ मुंबई में हुआ था।शादी के बाद रोशनी अपने पति को लेकर अपने गांव अजब खेड़ा आ गई और वह स्थाई रूप से अजब खेड़ा में रहने लगी। कुछ दिन बाद मृतक रोजी-रोटी के लिए पुनः मुंबई वापस चला गया। पति की गैर मौजूदगी में पत्नी रोशनी का संबंध घर के सामने रहने वाले सलीम पुत्र रोशन जो अपनी ननिहाल में रह रहा है जबकि उसका मूल निवास धानी खेड़ा है के साथ प्रेम प्रसंग हो गया और धीरे-धीरे दोनों का इश्क परवान चढ़ गया। एक माह पूर्व अपने मृतक पति को तलाक देने के पश्चात नोटरी हलफ नामा देकर संबंध विच्छेद कर लिया। अपने प्रेमी सलीम के साथ एक सप्ताह पूर्व निकाह कर लिया और पति-पत्नी के रूप में रहने लगे।बताया गया कि बच्चों के बंटवारे को लेकर मृतक व रोशनी के मध्य विवाद हुआ। मारपीट भी हुई मामला पुलिस की चौखट पर पहुंचा जहां पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ।जिसमें 10 वर्षीय पुत्री सिफर तथा मुस्कान 09 वर्ष मृतक के साथ व फातिमा 4 वर्ष पत्नी रोशनी के साथ रहेगी यह बात तय हुई।शर्तनामा के तहत मृतक अपनी दो पुत्री के साथ अजब खेड़ा अपने मकान में रह रहा था। जिसे 5 मार्च को अपनी दोनों पुत्रियों के साथ महाराष्ट्र जाना था। मृतक महाराष्ट्र जाने की तैयारी कर रहा था कि बड़ी पुत्री सिफर ने फोन कर मां को यह सूचना दे दी।सूचना पर बुधवार को आई रोशनी व मृतक के बीच गाली गलौज व मारपीट हो गई जिसकी शिकायत रोशनी ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की।थाने में पुलिस ने मृतक व पत्नी के बीच हुए विवाद का समझौता बुधवार को कर दिया था। किंतु रास्ते में बच्चों को लेकर दोनों में पुनः विवाद हो गया और मृतक ने तीनों बच्चों को पत्नी रोशनी से ले जाने को कहा और वह बच्चों को देकर घर चला आया और आत्महत्या कर ली।

## फैसले से चल रहा था नाराज

पाटन, उन्नाव। पारिवारिक कलह को लेकर पति-पत्नी के विवाद का मामला जब बुधवार को बिहार थाना पुलिस की चौखट पर पहुंचा तब पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों की जुबानी सुनकर यह तय हुआ कि बड़ी बेटी व छोटी बेटी मां रोशनी के पास व मुस्कान अपने पिता के साथ रहेगी न चाहते हुए भी उसे फैसला मानना पड़ा।फैसले से आहत मृतक ने परिवार को अलविदा कहते हुए आत्महत्या कर ली।हत्या को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हैं।

## मेरी मम्मी को जेल मत कराना

मृतक की बड़ी पुत्री सिफर 10 वर्ष ने रो-रो कर कहा कि मेरी मम्मी को जेल मत कराना और बार-बार सलीम के फोन के आने की बात दोहरा रही थी। तथा कह रही थी जो भी कुछ हुआ वह सलीम की वजह से हुआ इतना कह कर वह पुनः फूट-फूट कर रोने लगी।

मृतक इरफान अंसारी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना पुलिस ने मृतक के परिवारी जन को दी। पुलिस ने महाराष्ट्र में पिता कदीर अंसारी को फोन पर सूचना दी और बताया कि आपके पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।पुत्र के आत्महत्या की खबर सुनकर पिता अवाक रह गया और फफक -फफक कर रोने लगा।

## गांव के लोग प्रेमी-प्रेमिका को दोषी मान रहे

घटना के बाद पूरे गांव में मृतक की पत्नी रोशनी व वर्तमान प्रेमी सलीम के कार्य व्यवहार को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है। दोनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की बात कही जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 9 मार्च को

मौरावां, उन्नाव।लखनऊ प्राइवेट अस्पताल एवं डाक्टर एसोसिएशन तथा सर्जिकल अस्पताल द्वारा आगामी 9 मार्च दिन रविवार को स्थानीय कस्बा के श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल शिव-विहार पुरवा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसमें ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की मुफ्त जांच की जाएगी। साथ ही वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के लिए मुफ्त परामर्श भी दिया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय संचालक एडवोकेट रत्नम चौरसिया ने दी है। उन्होंने बताया कि लखनऊ के वरिष्ठ सर्जन डॉ० आर० सी० सिंह के नेतृत्व में चिकित्सक पैनल आगामी 9 मार्च को विद्यालय में 12 बजे से 3 बजे के मध्य उपस्थित रहकर पीड़ित व बीमार लोगों को निःशुल्क परामर्श देंगे।उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य की मुफ्त जांच कराएं।

## संक्षेप

### बार चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी

बीघापुर, उन्नाव। बीघापुर बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी करते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी निर्मल कुमार व सहायक चुनाव अधिकारी श्यामू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 मार्च को चुनाव संपन्न होंगे।जिसमें 5 मार्च बुधवार को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया तथा 6 मार्च को आपत्तियां स्वीकार की जाएगी। वही सूची का अंतिम प्रकाशन 7 मार्च को किया जाएगा।चुनाव के लिए 11 मार्च व 12 मार्च को नामांकन होगा 12 मार्च को जांच व वापसी होगी।तथा 21 मार्च शुक्रवार को मतगणना 11 से 4 बजे तक होगी, तत्पश्चात मतगणना का कार्य संपन्न होगा।

### बालक के साथ कुकर्म,केस दर्ज

लहरपुर सीतापुर नगर के एक मोहल्ले में एक 14 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म, पुलिस ने दर्ज किया अपराध।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि विगत रविवार को उनका 14 वर्षीय पुत्र, रात को नमाज पढ़ने के लिए गया था जिसे परवेज पुत्र जाकिर 25 वर्ष निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर डरा धमका कर अपने साथ शारदा सहायक नहर पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया और धमकी दी अगर किसी से कुछ कहोगे तो तुम्हें जान से मार देंगे, मेरे पुत्र ने सोमवार को पूरी घटना की जानकारी मुझे व परिजनों को दी उसके बाद पीड़ित पिता ने घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया।कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरोध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) 351(3) व बालिकों के संरक्षण के अधिनियम की धारा 3 ए व 4 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है व आरोपी युवक को बंदी बनाकर न्यायालय भेजा जा रहा है।

### देवगवा पड़ाव पहुंचेगा आस्था का सैलाब

नैमिषारण्य सीतापुर। गुरुवार को श्रीरामनाम के जयघोष के साथ पुनः 84 कोसी परिक्रमा सीतापुर की सीमा में प्रवेश करेगा परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं के आस्था का जनसैलाब नैमिषारण्य से चलकर हरदोई जनपद के चारों पड़ाव की यात्रा पूर्ण कर पचवे पडाव के लिये पुनः रामादल जनपद सीतापुर प्रवेश कर द्रोणाचार्य घाट पर आदिनगंगा गोमती के जल में स्नान कर पुरोहितो को गुड़ कटोरी का दान कर रात्रि देवगवा पड़ाव पर विश्राम करेगे परिक्रमा में आस्था मे मदहोश श्रद्धालु नाचते गाते भक्तिभाव में नजर आ रहे है। परिक्रमा में शामिल व्यासपीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री का मानना है कि इस परिक्रमा में अठासी हजार ऋषि व तैतीस कोटि देवी देवता स्वम परिक्रमा में विराजमान होकर परिक्रमा कर रहे है इसीलिए जितना हो सके तप करें और सबका आदर सम्मान करें क्योंकि पता नही किस भेस ने नारयण की प्राप्ति हो जाये। मुंबई निवासी श्रद्धालु मनीषा दोसी ने बताया कि नैमिषारण्य की महाऋषि दधीचि परिक्रमा महोत्सव में शामिल होकर अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ है इस परिक्रमा में शामिल होना मेरा सौभाग्य है।

### पुलिस आरोपी पिता से कर रही पूछताछ

सीतापुर।रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में छह वर्षीय मासूम की हत्या उसके पिता ने ही की थी।मासूम का पिता मोहित पुलिस की पूछताछ में टूट गया। उसने कबूल लिया है कि अपनी मासूम बच्ची का खुद ही कत्ल किया था।बताया जा रहा है कि पिता मोहित ने नशे की हालत में घटना को अंजाम दिया है।बता दें कि कस्बा रामपुर मथुरा निवासी छह साल की मासूम 25 फरवरी को लापता हो गई थी। अगले दो दिनों तक उनके शरीर के अंग खेतों में बरामद हुए थे।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी।इसके बाद एसपी चक्रेश मिश्र ने मातहतों को खुलासा करने के निर्देश दिए थे।स्थानीय पुलिस के साथ स्वाट व सर्विलांस सहित कई थानों की पुलिस खुलासा करने के लिए प्रयास कर रही थी। इसी बीच मृतका का पिता लापता हो गया।एसओजी को उसकी लोकेशन सीतापुर कचहरी में मिली।इसके बाद ही उस पर शक गहरा गया। एसओजी मोहित को खोजकर वापस घर लाई।इसके बाद पिता मोहित, बाबा व अन्य कुछ महिलाओं से कड़ी पूछताछ की। इस पूछताछ में देर रात मोहित टूट गया।बताया कि उसने अकेले ही घटना को अंजाम दिया था। सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पिता मोहित ने जुर्म कबूल कर लिया है।

संक्षेप

## साइबर क्राइम थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बुधवार को अपराह्न साइबर क्राइम थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस लाईन्स के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निर्माणकार्य पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान कार्यालय, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना आदि का निरीक्षण कर कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा कार्यालय में चलने वाली कम्प्टरीकृत जीडी का निरीक्षण किया गया व पुलिस बल की समस्याओं को सुना गया। साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण व रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। साइबर सेल का निरीक्षण कर आनलाइन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। साइबर अपराधों से बचाव हेतु लगातार अभियान चलाकर स्कूलों, विद्यालयों में जाकर बच्चों व लोगों को जागरूक करने हेतु साइबर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस लाईन्स के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आठ को

**ललितपुर**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एडीजे प्रथम/नोडल अधिकारी यादवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च 2025 के आयोजन के संबंध में प्रोसेस सर्विंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, सीजेएम विभान्शु सुधीर, एएसपी अनिल कुमार, सीओ यातायात कृष्ण कुमार मिश्र, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु ई-चालानी एवं शत प्रतिशत नोटिस/सम्मन की तामीला हेतु निर्देशित किया गया।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना जागरूकता अभियान

**ललितपुर**। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। योजना का लाभ उठाने के लिए युवाओं को जिला प्रबंधक सी.एस.सी ई-गवर्नेंस सर्विसेज ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करना होगा और कुछ दस्तावेज जमा करने होंगे। इस योजना के अंतर्गत सभी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है एवं इस योजना का लाभ ले सकते है इस योजना को गांव में ब्लॉक स्तर पर पहुंचाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से एक जारूकता अभियान कराया जा रहा है जिसमे सभी पात्र प्रतिभागी योजना के अंतर्गत भाग ले रहे है।

# होली का त्योहार आपसी सदभाव से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित



जिला संवाददाता(vol)

**नगीना, बिजनौर**। थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में होली का त्योहार आपसी सदभाव के साथ शांतिपूर्वक मनाएं जाने का आवाहन किया गया। नगीना थाना प्रांगण में मंगलवार की शाम थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के संचालन में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राम अर्ज ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से होली के त्योहार पर कोई नई परंपरा शुरू ना करने की बात कहकर होली का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाये जाने की अपील की। उन्होनें कहा कि रंग में भंग कर अशांति फैलाने का प्रयास करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर कमेटी के अध्यक्ष सलिल अग्रवाल ने इस मौके पर होली के अवसर पर निकाले जाने वाले सभी चार जुलूसों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उधर शांति समिति की बैठक से पहले एसपी देहात राम अर्ज द्वारा थाना नगीना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय/परिसर, भोजनालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय सम्पत्ति व अभिलेख आदि को चेक किया गया तथा सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बैठक को संबोधित करते हुये एसडीएम आशुतोष रामप्यारे जैसवाल सहित अनेक वक्ताओं ने लोगों से होली का त्योहार शांतिपूर्वक मानाये जाने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सेना, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, मुफ्ती उवैस अकरम, सौरभ मित्तल, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, सचिन शर्मा, अतुल विश्नोई, राजकुमार बिश्नोई, हरि गोपाल, प्रधान अफताफ अंसारी, मनोज गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय राखपंचमपुर मेले की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

ललितपुर। सिद्धक्षेत्र राखपंचमपुर में श्रीश्री 1008 सिद्धबाबा मंदिर पर दिनांक 18 मार्च से 23 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले 05 दिवसीय वार्षिक मेले के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालू आते हैं, इसलिए किसी भी व्यवस्था में चूक नहीं होनी चाहिए, अधिकारी पूर्व से ही मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें और कमियों को दूर कराएं। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी मेले की भव्यता को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों की पूर्ति करें, मेंले में साफ-सफाई हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व जिला पंयायत राज अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर मेला परिसर में दो शिफ्टों में सफाई करायी जाये। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस 24 घण्टे तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि मेला अवधि में अस्थायी पुलिस चैकी, पुलिस बल, फायर ब्रिगेड यूनिट तैनात की जाएं। जल संस्थान द्वारा पेयजल हेतु पर्याप्त पानी के टैंकर उपलब्ध रखें, वाहन व्यवस्था हेतु परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में अवगत कराया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राखपंचमपुर में श्री श्री 1008 सिद्धबाबा मंदिर पर 18 मार्च से 23 मार्च तक 05 दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। राखपंचमपुर मेले की इस जनपद में अत्यधिक महत्ता है। रंगपंचमी के दिन इस स्थान पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ एकत्र होती है। मेले के दौरान विभिन्न दुकानदारों द्वारा अपनी-अपनी दुकाने लगायी जाती हैं। उक्त तिथियों में आयोजित होने वाले मेले के आयोजन से सम्बंधित व्यवस्थाओं की तैयारी हेतु आज यह बैठक आयोजित की जा रही है।

बताया गया कि श्रद्धालुओं की भीड़ व्यवस्थित करने के लिए मेले के दौरान एक कक्ष में कन्ट्रोल रुम बनाया जाता है। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, तहसीलदार सदर, अधिशासी अभियंता विद्युत राहुल सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा, नगर पालिका, पंचायती राज, पुलिस, अग्निशम विभाग एवं ग्राम प्रधान राखपंचमपुर सहित मेला समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोक अदालत 8 को, जिला जज ने प्रचार वाहन को किया रवाना




**बांदा**। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दीवानी न्यायालय परिसर से बुधवार को जनपद न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। प्रचार वाहन के भ्रमण का उद्देश्य जिले व तहसील स्तर पर आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों, वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ दिलाया जाना हैं। इस अवसर पर डा० बब्बू सारंग, जिला जज के साथ कमलेश दुबे अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, चंद्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज, डा० विकास श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश एससीएसटी, कविता अग्रहरि-वरि०लि०, राशिद अहमद डी.ई.ओ. व नासिर अहमद के साथ पराविधिक स्वयं सेवक सुमन शुक्ला, राहुल सिंह, रिंकी अहिरवार, अशोक त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहें। 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर वाद, भरण-पोषण सम्बन्धी वाद, चेक बाउन्स व मोटर यान अधिनियम संबंधी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।

## चलते ट्रक से गिरा ड्राइवर, दबकर मौत

**बांदा**। ट्रक की खिड़की से अचानक चालक के गिरने के कारण पहिये के नीचे दबकर उसकी मौत हो गयी। मंगलवार की देर रात थाना मटौंध क्षेत्र के मरौली क्षेत्र के बालू खदान खंड संख्या 5 में हादसा हुआ। मृतक की पहचान अजमेर अली उर्फ सोनू 30 के रूप में हुई है। वह कानपुर नगर के थाना शाह क्षेत्र के रसूलपुर उमरा का रहने वाला है। घटना के समय ट्रक में ओवरलोड मोरम लदा हुआ था। इस दौरान ट्रक को खलासी शिवम कुशवाहा 24 चला रहा था। अजमेर अली खिड़की पर बैठा था। अचानक वह खिड़की से नीचे गिर गया जिससे ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को एंबुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता नायब अली की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मण्डलायुक्त से भेंट कर सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर**। भाजपा की सरकार में लोगों को बुनियादी स्वास्थ सुविधायें तक नहीं मिल पा रहीं हैं, जिसका उदाहरण ललितपुर हैं। जहाँ कि स्वास्थ सुविधायें पूरी तरह से पस्त पड़ चुकीं हैं, मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद मरीजों से इलाज के लिए रुपए मांगे जा रहें हैं। मेडिकल कॉलेज में एमआरआई मशीन जैसी आवश्यक मशीनों का उपलब्ध ना होना, इलाज के नाम पर सिर्फ मरीजो को झाँसी मेडिकल रेफर कर दिया जाता हैं और भ्रष्टाचार इस हद तक बढ़ गया है कि पिछले दिनों एक प्रसुता से इलाज के लिए पैसे मांगे गए और जब पैसों की व्यवस्था ना हो सकी तो इलाज करने से मना कर दिया गया, जिस कारण महिला की मौत हो गई थी। इसी को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं ललितपुर-झांसी के पूर्व सांसद प्रदीप जैन आदित्य ने झांसी में मण्डलायुक्त से मुलाकात की और उन्हें इन समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन भी सौंपा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इस भ्रष्टाचार के खिलाफ और सोई हुई डबल इंजन सरकार को जगाने हेतु आज मण्डलायुक्त से वार्ता कर उन्हें ज्ञापन सौंपा ताकि जल्द से जल्द इस मामले में उचित कार्यवाही की जा सके एवं लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हो सके।

# वन संरक्षक झांसी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। गौना रेंज के रसोई गाँव के पास माहौली वन ब्लॉक में शिकारियों के द्वारा बिछाये गये फंदे में फसकर मृत हुये तेंदुए मामले में बुधवार को वन संरक्षक झांसी महावीर कौलाजी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

- अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए और निगरानी बढ़ाई जाने के निर्देश

इस दौरान उनके साथ प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग गौतम सिंह उप प्रभागीय निदेशक सतेन्द्र कुमार तोमर एवं रेंजर सहित अन्य वन अधिकारी मौजूद रहे। घटना स्थल का वन संरक्षक झांसी महावीर कौलाजी द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया। मौके के सीन को रीक्रिएट के कोण से भी देखा गया तथा आस-पास के दो-तीन किलोमीटर के एरिया में गहन कुम्बिंग कराई गई। जांच के दौरान कुछ और भी तथ्य सामने आ रहे हैं। तेंदुए से फंसी हुई लकड़ी के घिसटने के निशान एवं उसका ट्रेल जांच अधिकारियों द्वारा देखा गया। डीएफओ ने बताया कि ये तथ्य और पुख्ता होने पर आगे की सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

इसी के साथ पूरे प्रभाग में फंदा निरोधी अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जरूरत पड़ने पर जिले की पुलिस विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। वह संरक्षक द्वारा सभी जनपद वासियों कृषक बंधुओं से अपील की गई कि सूअरों को फंसाने के लिए इस तरह के जाल अपने खेतों के किनारे न लगाएं जिसमें जंगली जानवर फंस जाते हैं

। अगर आगे कहीं भी इस तरह का पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए और निगरानी बढ़ाई जाने के निर्देश दिये। डीएफओ ने बताया कि इस केस संबंध में कुम्बिंग एवं छानबीन जारी रहेगी एवं संलिप्त दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस लाइन में संगम के जल का वितरण



**बांदा**। महाकुम्भ 2025 के सफल समापन के बाद प्रयागराज से लाए गए संगम के पवित्र जल को लोगों में पुलिस लाइन से वितरित किया गया। बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा के चलते त्रिवेणी संगम के पवित्र जल का लोगों और श्रद्धालुओं को प्रदेश के सभी जिलों में वितरण किया जा रहा है। इसी के चलते बुधवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले से महाकुंभ में प्रयागराज ड्यूटी पर लगे फायर टेंडर में ड्यूटी से वापस आते समय लगभग 4500 लीटर संगम का पवित्र जल लाया गया है। पुलिस लाइन में राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी व मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा पवित्र जल के विधिवत पूजन अर्चन के उपरांत श्रद्धालुओं को जल वितरित किया गया।

## रोडवेज बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बांदा**। शहर के महाराणा प्रताप चौक के पास तेज गति रोडवेज बस ने बुजुर्ग व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह रोड पर गिर गया। बस की तेज गति होने के कारण बस उसके ऊपर चढ़ गयी। स्थानीय लोगों व पुलिस चैकी के पुलिसकर्मियों ने मिलकर घायल को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। घायल की पहचान दुगार्दास गुप्ता निवासी कांशीराम कालोनी के रूप मे हुई है। उसका पुत्र इंदौर में प्राइवेट नौकरी करता है। पति-पत्नी कांशीराम कालोनी में रहते हैं। वह बीमार होने पर दवा लेकर घर जा रहा था लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गया। मृतक के भाई नत्थू गुप्ता ने बताया कि तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने टक्कर मारी है। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। नत्थू गुप्ता ने दोषी रोडवेज चालक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास की चौड़ाई बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

**बिजनौर**। भाजपाइयों ने नगीना रेलवे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से मंडल रेलवे प्रबंधक मुरादाबाद को पत्र भेजकर नगीना कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर बन रहे अंडरपास की चैड़ाई 10 फुट से बढ़कर 15 फिट किए जाने की मांग की है। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि के साथ बीते दिन दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता नगीना रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने मंडल रेलवे प्रबंधक मुरादाबाद के नाम एक ज्ञापन रेलवे स्टेशन नगीना के स्टेशन अधीक्षक हरीश पंचाल को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि काला खेड़ी नगीना के रेलवे फाटक पर गेट नंबर 470 पर बन रहे अंडरपास की चैड़ाई रेलवे विभाग द्वारा 10 फीट चैड़ी स्वीकृत की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि दो वाहन आमने सामने से आ जाए तो



पैदल आने जाने वाले के लिए भी वाहनों से बचने की जगह नहीं मिल सकेगी और ना ही दोनों वाहन ही अंडरपास से बाहर निकल सकेंगे। इस लिए काला खेड़ी फाटक 470 पर बन रहे अंडरपास की चैड़ाई 10 फीट से बढ़कर 15 फीट किए जाने की मांग की है। भाजपा नेता डा0 भूपेश चैहान ने कहा कि यदि रेलवे अधिकारियों ने इस अंडरपास की चैड़ाई 15 फिट नहीं की तो एक प्रतिनिधि मंडल दिल्ली जाकर रेल मंत्री से मिलेगा और स्थिति से अवगत कराकर अंडरपास के चैड़ीकरण की मांग करेगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पंडित सचिन शर्मा, विकास गुप्ता उर्फ विक्की बाबा, राजकुमार सेठी, बलराज सैनी, सोहन सैनी, लवली चैहान, कृष्ण बलदेव आदि शामिल रहे।

## बजाज पावर प्लांट में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ

**ललितपुर**। जिले में स्थित बजाज पावर प्लांट (ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड) में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 4 मार्च 2025 को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन आयोजन के साथ किया गया। यह सुरक्षा सप्ताह 4 से 10 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं यूनिट हेड ए.एन. सार ने कहा कि प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कार्यस्थल पर सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, भले ही कार्य पूरा होने में थोड़ा अधिक समय लगे। उन्होंने विशेष रूप से कामगार भाइयों को औद्योगिक कार्यस्थल का आधार स्तंभ बताते हुए जोर दिया कि उनकी संरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एक सुरक्षित वातावरण न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाता है, बल्कि संगठन की दीर्घकालिक सफलता में भी सहायक होता है। पूरे सप्ताह भर कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा जागरूकता से जोड ? के लिए विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन की घोषणा की गई। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी आलोक श्रीवास्तव, अविनाश कुमार सहित अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा संरक्षा विभाग अध्यक्ष पी.के. सिंह द्वारा किया गया। आभार दीपक आनंद ने जताया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कंपनी प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बनाने में योगदान दें।

## अपर एसपी विशेष श्रेणी-2 में हुए पदोन्नत




**बांदा**। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज को अपर पुलिस अधीक्षक विशेष श्रेणी-2 में पदोन्नत किए गये हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय उत्तर प्रदेश ने 4 मार्च को आदेश जारी किया था। अब अपर एसपी शिवराज वर्दी पर सफेद धातु में अशोक स्तंभ और एक स्टार धारण करेंगे। बताते चलें कि शिवराज 2001 बैच के पीपीएस अफसर हैं और वर्ष 2018 में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे।

# जहीर ललितपुरी को उत्कृष्ट सृजन सम्मान से सम्मानित

**ललितपुर**। ललितपुर निवासी मशहूर साहित्यकार, शाइर व अनेक पुस्तकों के रचियता जहीर ललितपुरी की एक गजल को उत्कृष्ट सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया है। प्रसिद्ध साहित्यिक मंच जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज ने जहीर ललितपुरी की गजल -करो मत गजब रहने दो, अदब को अदब रहने दो, के लिए यह उत्कृष्ट सृजन सम्मान सम्मानित प्रदान किया है। यह उनकी एक निहायत छोटी बहर की व जदीद लब ओ लहजे (नये व अनोखे अन्दाज की) की नवीनतम व ताजातरीन अनूठी गजल है। इसके हर शेर में अत्यंत कम शब्दों में भावों, विचारों और शब्दों का अभूतपूर्व संगम देखने को मिलता है।



जहीर लगातार साहित्य साधना के माध्यम से वर्तमान काल के उच्च कोटि के साहित्यकारों के समकक्ष अपना स्थान बनाने में सफल होकर अपने जनपद को गौरवान्वित कर रहे हैं। अब तक उनकी लगभग पैंसठ पुस्तकें, साझा संग्रह व अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं। इन पुस्तकों में उपन्यास व कहानी संग्रह के साथ बारह गजल संग्रह और दो गीत संग्रह में उनके एक हजार से अधिक गजलें, गीत, दोहे, रुबाई बगैरह प्रकाशित हुये हैं। उक्त उत्कृष्ट साहित्यिक सृजन सम्मान के अलावा जहीर ललितपुरी पूर्व में विभिन्न संस्थानों के माध्यम से विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किये जा चुके हैं। हाल ही में साहित्यिक मंच जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज ने जहीर ललितपुरी को जिस गजल के लिए सम्मानित किया है वह यहां प्रस्तुत की जा रही है।

## युवक पर छुरी से हमला, मुकदमा दर्ज

**बहेड़ी, बरेली**। चार पहिया वाहन चलाने वाले एक युवक ने नगर के एक युवक पर बुकिंग के पैसे मांगने पर मारपीट करने और पैसे न देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला टांडा निवासी जाने आलम पुत्र खलील अहमद का कहना है कि वह गाड़ी चलाकर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करता है। उसकी गाडी को बिलाल मस्जिद यूनिटी हास्पिटल के बराबर में रहने वाला जमील अहमद बुकिंग पर ले गया था। बीती 3 मार्च को जब वह जमील के घर अपने 10 हजार रुपये लेने गया तो जमील जहां आग बबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना मना करने पर जमील ने उसके साथ मारपीट और छुरी निकालकर उसके ऊपर हमला कर दिया।

## युवा पीढ़ी भटकाव में, संस्कारवान बनाने की आवश्यकताः डॉ. दीपमाला

**बरेली**। विश्व की सर्वश्रेष्ठ सनातन संस्कृति को छोड़ आधुनिकता की दिशा में युवा शक्ति तीव्र गति के साथ दौड़ रही है। यदि यही सिलसिला जारी रहा तो आपसी संबंधों में अविश्वास पैदा हो जाएगा। यह कहना है बरेली गायत्री परिवार की महानगर समन्वयक डॉक्टर दीप माला शर्मा का। वे बुधवार को उपजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी भटकाव की स्थिति में है। उनका मानना है कि युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति से परिचित कराकर उन्हें संस्कार युक्त किया जाए। इसी उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिनी बायपास स्थित क्लब 7 में सेमिनार का आयोजन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया की प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस सेमिनार में छात्रों, पैरामेडिकल के विद्यार्थी, डॉक्टर, साहित्य विभिन्न क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## महाकुम्भ के त्रिवेणी से लाया गया पवित्र गंगाजल वितरित



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने महाकुम्भ 2025 प्रयागराज की समाप्ति के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर लाये गये त्रिवेणी संगम प्रयागराज के पवित्र जल को जनपद के नागरिकों/पुलिस बल के परिवारों के मध्य वितरित किया। जनपद ललितपुर के जो श्रद्धालु किन्ही कारणवश महाकुम्भ में शामिल नहीं हो सके थे, उनको पुलिस अधीक्षक ने गंगाजल की बोतलें वितरित की गयी। ताकि वह भी गंगा जी से जुड़ी अपनी आस्था को महसूस कर सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं को महाकुम्भ का अनुभव देना और उनकी श्रद्धा को और सशक्त बनाना था। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मतलूब हुसैन, प्रोजेक्ट नई किरण के सदस्य व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीआईओएस के रवैये से परेशान शिक्षक संघ करेगा आंदोलन

बांदा। नवागंतुक डीआईओएस के रवैये से परेशान शिक्षक संघ आंदोलन की राह पर जाने को विवश हो रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा है कि समस्याओं के प्रति उदासीनता दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि एक सप्ताह के अंदर सभी समस्याओं का निस्तारण नही हुआ तो शिक्षक होली नही मनाएंगे और बोर्ड परीक्षा के बाद विशाल धरना देंगे। इसके बाद भी यदि समाधान नही हुआ तो होली अवकाश के बाद शिक्षक संघ लंबे आंदोलन की तैयारी अख्तियार करेगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि बीते काफी समय से जिले के शिक्षकों की तमाम समस्याएं और जायज मांगें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लंबित हैं।

शिक्षक नेताओं ने कई बार व्यक्तिगत रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट कर इस बारे में ज्ञापन भी सौंपा है। लेकिन महीनों बीत जाने के बावूजद समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। समस्याओं के प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक के ढुलमुल रवैये और उपेक्षापूर्ण भाव के चलते शिक्षक आहत और आक्रोशित हैं। शिक्षकों ने जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर जिला विद्यालय निरीक्षक को 8 सूत्रीय ज्ञापन दिया है। इसमें कहा गया है कि यदि होली के त्योहार तक समस्याओं का समाधान नही हुआ और शिक्षकों का रूका हुआ वेतन आहरित नही हुआ तो वह होली नही मनाएंगे और 13 मार्च को कार्यालय के बाहर धरना देंगे। संघ के जिलाध्यक्ष राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने अवकाश प्राप्त शिक्षकों को पेंशन में एक नेशनल वृद्धि दी है। किंतु जिला विद्यालय निरीक्षक ने उस पर अब तक कोई कार्रवाई नही की है। जिला मंत्री भारत भूषण दिवाकर ने कहा कि सरकार से मिली सुविधाओं के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय फाइलों को दबाए बैठा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे निपटने के लिए बड़ा आंदोलन होगा।

# जवाबी टैरिफ के हानि-लाभ

कहते हैं संभावित आशंका को लेकर दिमाग में जो भय होता है, वह जब सामने आ जाता है, तो उतना असरकारी नहीं होता है। देश के शेयर बाजार बीते एक-डेढ़ महीने से लगातार नुकसान में बंद हो रहे थे। कारण की अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी जिसका अर्थ यह है कि अमरीका पारस्परिक टैरिफ लगायेगा। जो देश अमरीकी उत्पादों पर जितना टैक्स लगाते हैं, अमरीका भी उतना ही टैक्स दूसरे देश के उत्पादों पर लगायेगा। इस टैरिफ पॉलिसी से भारत ही नहीं चीन से लेकर यूरोप और एशिया तक के बाजारों में दहशत थी। लेकिन जब ट्रंप ने एलान किया कि भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया जायेगा, तब भारत के बाजारों ने जबरदस्त बढ़त दर्ज की। अमरीका भारतीय उत्पादों पर दो-तीन प्रतिशत की टैरिफ लगाता है जबकि भारत अमरीकी उत्पादों पर औसत 10 फीसद टैरिफ लगाता है। इसमें लग्जरी चीजों पर अधिक टैक्स लगता है और जरूरी चीजों पर कम। सभी का औसत नौ-दस फीसद के बीच है। ट्रंप ने चीन, मैक्सिको और कनाडा के बाद अब भारत को भी लपेटे में ले लिया है। ट्रंप की रिस्प्रोकल टैरिफ पॉलिसी सामने आ गयी है और 2 अप्रैल से यह लागू हो जायेगी। रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से भारत और थाईलैंड जैसे देशों पर कुछ असर पड़ेगा लेकिन जितनी आशंका जतायी जा रही है, वास्तविक असर इससे बहुत कम होगा।



**रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी का असर देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत ही मामूली होगा और फायदे कई गुना अधिक।**

लेकिन इसका सामना करने के लिए भारत यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन और खुद अमरीका के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने में सफल रहा, जिसकी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है तो अमरीका को होने वाले निर्यात में जो दो-चार फीसद की कमी आयेगी, उससे कई गुना अधिक की भरपायी यूरोप,एशिया और अफ्रीका के बाजारों से हो जायेगी। इस तरह के विश्लेषण सामने आने के बाद पूंजी बाजार ट्रंप के भय से बाहर निकला और जबरदस्त बढ़त के साथ बाजार बंद हुए। लेकिन सवाल है कि ट्रंप के इस घोर राष्ट्रवाद, संरक्षणवाद और व्यापारवाद का वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पर कितना और किस तरह का असर होगा। नोमुरा के अनुसार भारत और थाईलैंड जैसी इमर्जिंग एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में अमेरिकी निर्यात पर तुलनात्मक रूप से ज्यादा टैरिफ दरें हैं, जिससे वे जवाबी टैरिफ के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकती हैं। एशियाई देशों में कृषि उत्पादों और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर पर हाई टैरिफ लागू है। कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करना राजनीतिक रूप से मुश्किल हो सकता है, लेकिन ऑटोमोबाइल समेत ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में टैरिफ कम किया जा सकता है। अमरीका 2 अप्रैल से भारत पर जवाबी टैरिफ लागू करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने अमरीकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए दो अप्रैल 2025 से भारत सहित कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा, अगर आप ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में यह टैरिफ काफी बड़ा होगा। दशकों से अन्य देशों ने हम पर टैरिफ लगाए हैं, लेकिन अब हमारी बारी है कि हम उनके खिलाफ टैरिफ लगाएं। अगर ट्रंप प्रशासन थर्ड वर्ल्ड के देशों के निर्यात पर टैरिफ लगाता है जो चीन से जुड़े सप्लाई चेन का हिस्सा हैं, तो वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। वैसे एशियाई देशों पर असर का अनुमान लगाने का सबसे अच्छा तरीका यह देखना है कि अमेरिका को एशियाई देशों का निर्यात उनकी जीडीपी का कितना हिस्सा है। आंकड़ों के मुताबिक अगर भारत के संदर्भ में देखें तो अमेरिका को भारत से निर्यात इसकी जीडीपी का 2.2% है। अमरीका के रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था और जीडीपी पर 0.2 फीसद से भी कम असर पड़ेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह इतना सक्षम है कि इतने मामूली असर को बिना किसी गंभीर झटके के आराम से हजम कर लेगी और इसका सामना करने के लिए जो तैयारी भारत करेगा उससे निर्यात में जो वृद्धि होगी, वह कई गुना अधिक होगी। इसलिए ट्रंप की धमकियों से डरने के बजाय भारतीय निर्यातकों व कारपोरेट्स को विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए माकूल तैयारी कर अपनी श्रेष्ठता को एक बार फिर साबित करना चाहिए।

### विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# कंपनियों में चांद पर चौधराहट जमाने की होड़



संजय श्रीवास्तव

**चांद पर उतरने वाले निजी मून लैंडर की संख्या बढ़ती जा रही है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में विशेषतः चंद्र अभियानों में निजी क्षेत्र का यह दखल भविष्य में चांद के व्यावसायीकरण तथा अंतरिक्ष दोहन के क्षेत्र में क्या अर्थ रखता है, भारत के लिये इसके क्या मायने हैं इसे शुरुआत में ही समझना होगा।**

चांद की सतह पर प्राइवेट कंपनी के पहले मून लैंडर 'ब्लू घोस्ट' के उतरने के बाद, वहां अब दूसरा लैंडर भी उतर चुका है और कई उतरने की कतार में हैं। कुछ प्रक्षेपित होने वाले है, कुछ सफर में हैं तो कई प्रक्षेपणों की योजनाएं तैयार हैं। चांद पर चंद्रयानों की भीषण चांदमारी को देखते हुए इनसे संबंधित संभावनाओं और आशंकाओं के आंकलन के साथ ही तमाम सवाल भी सतह पर उभर आये हैं। दुनिया के तमाम देश चांद पर अपनी अपनी चौधराहट की इतनी चाहत क्यों रखते हैं, आखिर वे किस उद्देश्य और उम्मीद में इसके लिये पूरा जोर लगाये हुए हैं? बेशक, चांद पर उतरना, उस पर दावा ठोंकना भविष्य में भारी फायदे का सौदा होगा, तभी तमाम देश इसे इतनी प्रखरता के साथ भारी पूंजीगत व्यय के जरिये प्रयासरत हैं। चंद्रारोहण महंगा अभियान होने के साथ तकनीकी तौरपर बेहद जटिल तथा समयबद्ध और समयसाध्य भी है।
सरकारें चाहे वे महाशक्तियों की हों अथवा विकसित या विकासशील देशों की, सभी ने पाया है कि अंतरिक्ष मिशनों में निजी कंपनियों को शामिल करना सुभीते से भरा है, यह समझौता जन, धन और समय बचाता है। साथ ही कुशलता, दक्षता, समयबद्धता बढाता है,जबकि इससे विफलता साझा हो जाती है। यह तो सरकारी स्पेस एजेंसियों के फायदे की बात है लेकिन प्राइवेट स्पेस एजेंसियां किस लाभ के लिये इतना कठिन कार्य कर रही हैं ? क्या महज इसलिये कि उन्हें सरकार द्वारा दिये गये शोध, विकास, तकनीक और निर्माण संबंधी कार्यों से बेहतर पैसा मिलता है ? इस काम में सफलता और कुशलता उनको वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में स्थापित करायेगी और वे उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष पर्यटन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक कार्गो परिवहन जैसी सेवाएँ प्रदान कर महत्वपूर्ण राजस्व कमाएंगी ? इससे ये आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से पर्याप्त धन जुटाने सक्षम होंगी और उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी निवेश आकर्षित कर पाएंगी? या फिर इसलिए कि वे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नई तकनीकों का विकास करने की प्रक्रिया में ऐसी तकनीक विकसित कर पेटेंट ले सकती हैं, जिसका पृथ्वी पर भी उपयोग हो सकता है, आज भी हम तमाम ऐसी तकनीक तथा वस्तुओं



का आम जीवन में इस्तेमाल करते हैं जिनका आविष्कार वस्तुतः अंतरिक्ष क्षेत्र के लिये किया गया था। जाहिर है इस क्षेत्र में काम करते हुए उनके द्वारा सामग्री विज्ञान, दूरसंचार और रोबोटिक्स में सुधार के दौरान कुछ ऐसा भी निकल सकता है जिसका सामान्य व्यवसायीकरण किया जा सकता है,अथवा इससे बढ़कर वे अपने बुनियादी ढांचे तथा तकनीक विकास के दम पर समूचा विश्व जिस तरह चांद के व्यावसायीकरण के प्रयास में है, उसका दोहन करना चाहता है, उसमें भी अपना कुछ स्वतंत्र हिस्सा देख रहीं हैं?

**विज्ञान**

विदेशी स्पेस कंपनियां जिस तरह चांद पर अपने रोवर भेज कर शोध करने, जानकारी जुटाने के लिये होड़ में लगी हुई हैं, उससे संकेत मिलता है कि भविष्य में वे भी इस व्यवसाय, बाजार का दावेदार बनना चाहेंगी क्योंकि चांद पर किसी देश का हक नहीं है। चांद के दोहन में एक समय बाद कंपनियां संबंधित सरकार की शह पर सरकारी एजेंसियों के समानांतर व्यवस्था बना सकती हैं। प्रश्न यह है कि यह परिदृश्य किसी देश, समाज, विश्व और विश्व आर्थिकी के लिए क्या अर्थ रखेगा? चांद हमारे सौर मंडल का प्रवेश द्वार है, यहां पहुंच जाएं तो हम अंतरग्रहीय अभियान आसानी से चला सकेंगे और अंतरिक्ष दोहन के तमाम रास्ते सुगम हो सकेंगे। चांद पर व्यावसायिक अभियान तथा उनके दवारा बारीक से बारीक जानकारियां इकट्ठा करना इसी उद्देश्य पूर्ति हेतु किया जा रहा है। चंद्रमा पर उतरने वाले लैंडर पता लगायेंगे कि क्या वे पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले जीपीएस उपग्रहों से संकेतों को ग्रहण करके उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे धरती और चंद्रमा के बीच संचार की कड़ी बन जायेगी । वे चंद्रमा के अंदरूनी भाग का राज उजागर कर पता लगायेंगे कि चंद्रमा से गर्मी कैसे निकलती है, वे इसके विकासक्रम को समझने तथा चंद्रमा की धूल से निपटने की काट सुझायेंगे। ये चंद्रमा की सतह पर बर्फ तलाशेंगे, इसमें कामयाब रहे तो भविष्य में इसे पीने के पानी, सांस लेने की हवा और रॉकेट ईंधन में बदला जा सकेगा। वैज्ञानिक समझना चाहते हैं कि जब कोई चंद्रयान चांद की सतह पर उतरता है, तो वहां जो धूल उठती वह चंद्रयान के उतरने के बाद गुरुत्वाकर्षण बल के अभाव में सतह पर कैसे बैठ जाती है। ऐसी और दूसरी तमाम जानकारियां जुटाने, नए प्रयोग करने के लिये इस साल सरकारी अंतरिक्ष एजेंसियां के अलावा ब्लू ओरिजिन, इंट्यूटिव मशीन, आईस्पेस और एस्ट्रोबोटिक जैसी कई निजी कंपनियां भी चंद्र मिशन लॉन्च कर रही हैं। अमेरिका अपने मानव मिशन को चांद पर भेजने के अलावा लंबे समय तक वहां रहने की व्यवस्था भी देख रहा है इसके लिये वह खास इलाका तलाश रहा है जहां ऐसे अंतरिक्ष यात्रियों को उतारा और ठहराया जा सके इसके लिये वह क्षेत्र विशेष में कई रोवर उतारने की तैयारी में है।
अंतरिक्ष के क्षेत्र में सरकारों और निजी अंतरिक्ष कंपनियों का मिलन बेहतर संयोग नजर आता है। पर ये बहुत विशालकाय अर्थव्यवस्था वाली कंपनियां चांद के बाजार को कब्जाने की कोशिश अवश्य करेंगी और भविष्य में अपने वर्तमान तकनीकि निवेश और दूसरे संसाधनों की सहायता का न सिर्फ आर्थिक कीमत वसूलेंगी बल्कि दूसरे अर्थों में भी फायदा उठाने से नहीं चूकेंगी। लेकिन मात्र इस दूरंदेशी आशंका के आधार पर इनकी अनिवार्य उपयोगिता तथा लाभ को खारिज नहीं किया जा सकता। फिलहाल अंतरिक्ष के क्षेत्र में जो अपार विस्तार हुआ है उस दौर में निजी कंपनियों और सरकारों का संबंध अन्योन्याश्रित सा हो चुका है। ऐसे में यह आकलन आवश्यक है कि चंद्र अभियानों में जुड़ी कंपनियों की सरकार के साथ भागीदारी अंतरिक्ष के किस क्षेत्र में किन शर्तों पर हो ताकि वे भविष्य में रक्षा सुरक्षा, गोपनीयता, संचार एवं निजी व्यवसायिक हितों पर नकारात्मक प्रभाव न डालें। विगत वर्षों में भारत ने भी अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों, स्टार्टप्स के लिए खोला और नतीजे बहुत बेहतर हैं। हालांकि भारतीय अंतरिक्ष बाजार में उतरने वाली कंपनियां उतनी विशाल नहीं जितनी कुछ दूसरी देशों की या फिर अमेरिकी स्पेस कंपनियां। इसलिये यहां ऐसी आशंकाएं न्यून हैं। भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार कर रहा है, जिसमें चंद्रमा पर एक बेस स्थापित करने और चंद्रमा पर नियमित मिशन संचालित करने की योजना है। इसरो ऐसा चंद्र रोवर विकसित कर रहा है जिनका उपयोग वैज्ञानिक अनुसंधान और वाणिज्यिक अनुप्रयोगों दोनों के लिए किया जा सकता है। निजी कंपनियां और सरकारें चंद्रमा के व्यावसायीकरण के लिए जो काम कर रही हैं,उसमें भारत की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।
भारत चंद्र संसाधन उपयोग और अंतरिक्ष पर्यटन जैसे वाणिज्यिक अवसरों की खोज कर रहा है, जो आर्थिक विकास और वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद करेगा। भारत के चंद्र मिशन में कई निजी खिलाड़ी शामिल हैं, पर अभी तक किसी निजी कंपनी को अपना रोवर चांद पर भेजने की अनुमति नहीं दी है। सभी चंद्र अभियानों की कमान इसरो के हाथ है, पर क्या भविष्य में इसरो भी अंतरिक्ष क्षेत्र में आये इस तरीके का अनुसरण कर भारतीय अथवा गैर भारतीय निजी उपक्रमों को अपनी देखरेख में चंद्रमा पर अपना रोवर भेजने का काम सौंपेगा? सरकार और इसरो की इस ओर क्या रुख है, यह तो समय बतायेगा पर फिलहाल लगता यही है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों को बड़े स्तर पर शामिल कर उन्हें अति महत्त्वपूर्ण काम भले ही सौंपे पर सरकार इस मामले में परहेज बरतेगी।

### सोशल मीडिया



सरकारी पन्नों पर झूठ व जुमलों की स्याही से लिखा भाषण पढ़ा गया है, सच्चाई यह है कि बिहार आधुनिक सुविधाएं तो छोड़िए अब भी मूल-भूत सुविधाओं के लिए तरह रहा। तेजस्वी यादव.



आज नयी दिल्ली में सीएम डॉ. प्रमोद सावंत जी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोवा में नये आपराधिक कानूनों की समीक्षा के हुई लिए बैठक की अध्यक्षता की। अमितशाह.



पीएम आवास योजना के तहत 3 लाख परिवारों को प्रथम किश्त के रूप में 40 हजार प्रति परिवार की दर से 12 सौ करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण किया गया। नीतीश कुमार.

# विचारशील मस्तिष्क

**अंतर्दृष्टि**

मानव मस्तिष्क अति चिंतनशील है। मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है। अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

# चुनाव काल के गीत... मैं आऊं, आजा!

**व्यंग्यलोक**

चुनावी काल में एक का दामन छोड़ने और दूसरे का दामन पकड़ने का यज्ञ चल रहा दामन छोड़ने-पकड़ने का काम अत्यंत स्वार्थी वातावरण में हो रहा है। एक दल-दल पार्टी से दूसरी दल-बदल पार्टी के साथ यही खेल चल रहा है। एक पार्टी से मेला और दूसरी से झमेला पल रहा है। मंत्री जी ने अपनी पार्टी छोड़ी, क्योंकि वे देश सेवा के लिए सम्मान व स्वाभिमान चाहते हैं। देश सेवा के लिए अपने बीवी-बच्चों का टिकट चाहते हैं। जो पूरा का पूरा परिवार देश सेवा के लिए टिकट मांग रहा है, उन्हें तो मिल ही जाना चाहिए ना! न मिले तो उन्हें रातों-रात एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में घुस जाना चाहिए। निश्चित तौर से पार्टी को इस बात का अंदाजा था कि वह इसको छोड़ेंगे। टिकटों के लिए पूरे परिवार की मारामारी नहीं झेलने वाली दल-दल पार्टी स्वयं दल-बदल करने के लिए तैयार हो रही है। कोई भी माननीय देश सेवक जब भी किसी पार्टी को छोड़ता है तो वह एक ही मंत्र दागता है- यह पार्टी किसानों की विरोधी है। यह दलितों की विरोधी है। मजदूरों-गरीबों की विरोधी है। उनके यहां बहुत अन्याय है। पार्टी छोड़ने वाले मंत्री जी का चमचा भी कहता है- यह पार्टी अन्याय पूर्ण भागीदारी अपनाती है। यह पार्टी गरीब, मजदूर, दलित, महिला की विरोधी है। इसलिए हमारे मंत्री जी ने जनता के हित में ही इस पार्टी को छोड़ा है। जिस पार्टी को कोई पकड़ता है वह उस नई पार्टी के गीत गाता है। वह कहता है- इसी पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है। यही पार्टी देश को आगे ले जा सकती है। यह गरीब, मजदूर, किसानों और दलितों की रक्षा करने में सिर्फ एकमात्र पार्टी है। देश सेवा के लिए सिर्फ यही पार्टी सब कुछ काम कर सकती है। ऐसा कहते हुए वे दुपट्टा धारण कर लेते हैं और उंगलियों से वी का निशान बनाते हुए जोर से चीखते हैं- मैं ही सरकार बनाता हूं और मैं ही सरकार को बिगाड़ता हूं। मैं जिस पार्टी में जाता हूं उसी को पार्टी नंबर वन बना देता हूं। मैंने इस दल-दल पार्टी में 5 साल तक मंत्री बनकर देख लिया। ऐसी अन्यायी पार्टी से अब मेरा मोहभंग हो गया है और मैंने इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, मोबाइल आदि सभी को बता दिया है। सारे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी मैंने बता दिया है। यह कदम उठाया है, वह सिर्फ जनता के भले के लिए उठाया है। अब नई दलिद्दर पार्टी मुझे अपने बेटा, बेटी, बीवी, चाचा, ताऊ, सास, बहू सबको टिकट देकर देश सेवा करने का मौका देगी, जो सबसे बढ़िया बात है। मेरे इस्तीफे का असर आगामी चुनावों में पड़ेगा और सरकार सिर्फ मेरी ही बनेगी। मैंने 5 साल तक मंत्री बनकर इनकी विचारधारा को भी देखा। वह अब मुझे सहन नहीं है क्योंकि सामने चुनाव के 5 दिन ही शेष रह गए हैं। कहते हुए वे नारा उछालते हैं- अन्याय-जुल्म की टक्कर में... ! चमचों का हुजूम कहता है- ये दल-दल पार्टी पड़ गई चक्कर में! बाहर गीत बज रहा है- मैं आऊं, आजा!



राम विलास जॉगिड़

# भक्ति और साधना का महा पर्व है फाल्गुन पूर्णिमा



**पव/त्योहार**

फाल्गुन पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। क्योंकि यह तिथि अनेक प्रमुख पर्वों और अनुष्ठानों से जुड़ी हुई है जैसे इसी दिन होलिका दहन होता है तो इसी दिन शुभ कार्यों के लिए वर्जित आठ दिनों का होलाष्टक समाप्त होता है। इसी दिन चैतन्य महाप्रभु का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है तो इसी दिन कामदेव का पूजन भी होता है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को है। मुहूर्त की नजर से देखें तो मार्च 13, गुरुवार के दिन सुबह 10 बजकर 35 मिनट से पूर्णिमा तिथि की शुरूआत हो जाएगी, जो शुक्रवार 14 मार्च 2025 के दिन दोपहर 12 बजकर 12 मिनट तक रहेगी। इस तरह फाल्गुन पूर्णिमा का व्रत- 13 मार्च 2025, बृहस्पतिवार को किया जाएगा।

**साल का अंतिम दिन**

फाल्गुन माह में आने वाली पूर्णिमा का हिन्दू धर्म में इसलिए भी बहुत महत्व है क्योंकि ये दिन जहां हमारे सबसे बड़े त्यौहार होली का उल्लास लेकर आता है, वहीं जातक इस दिन विधि-विधान से श्री हरि व माता लक्ष्मी की आराधना करते हैं, एवं व्रत रखते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास वर्ष का अंतिम महीना होता है, एवं फाल्गुन पूर्णिमा साल का अंतिम दिन व अंतिम पूर्णिमा होती है। यह भगवान विष्णु को समर्पित पूर्णिमा है। इसीलिए इस दिन सुबह स्नान करने के बाद भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। अधिकांश लोग इस दिन व्रत रखते हैं और श्री सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनते हैं। ऐसा करने से भगवान लक्ष्मी नारायण की कृपा परिवार पर बनी रहती है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन किया गया व्रत-उपवास, पूजा-पाठ और स्नान-दान मनुष्य को जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति दिलाने वाला होता है। यदि आप किसी कारण वश व्रत न भी कर पाएं तो भी अन्न दान अवश्य करें।

**होलिका दहन**

फाल्गुन पूर्णिमा पर भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की आराधना करने वाले भक्तों पर भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की विशेष कृपा होती है। उन्हें जीवनपर्यंत सुख-सौभाग्य, धन और संतान का सुख प्राप्त होता है, तथा मरणोपरांत बैकुंठधाम गमन होता है। फाल्गुन पूर्णिमा की रात को होलिका दहन किया जाता है, जिसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर भक्त प्रह्लाद की कथा का विशेष उल्लेख होता है, जिसमें विष्णु भक्त प्रह्लाद को उसके पिता हिरण्यकश्यप ने होलिका के साथ आग में बैठाया था, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहा और होलिका जलकर भस्म हो गई। इस दिन अग्नि की पूजा करके नकारात्मकता और अहंकार को त्यागने का संदेश दिया जाता है।

**अशुभकाल का समापन**

होलिका दहन के पहले आठ दिन होलाष्टक यानी अशुभकाल होता है, इसमें शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन यह अशुभ काल समाप्त हो जाता है, जिससे नए विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण आदि शुभ कार्य पुनः प्रारंभ किए जा सकते हैं। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, तीर्थ स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। इस दिन किए गए धार्मिक कार्यों का फल प्राप्त होता है।

**चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव**

वैष्णव परंपरा के अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा को भगवान श्रीकृष्ण के महान भक्त एवं भक्तिवाद के प्रचारक चैतन्य महाप्रभु का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन विशेष रूप से वैष्णव मंदिरों में कीर्तन और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कुछ परंपराओं में फाल्गुन पूर्णिमा को कामदेव और रति की पूजा का भी विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव ने कामदेव को भस्म किया था, जिससे यह दिन शिव उपासना के लिए भी महत्वपूर्ण बन जाता है।

**फाल्गुन पूर्णिमा व्रत के लाभ**

पूर्णिमा एक ऐसी पावन तिथि है, जिस दिन जातक स्नान-दान, जप-तप आदि धार्मिक कार्य करके अपने पिछले सभी पापों के प्रभाव को नष्ट कर सकते हैं, साथ ही आने वाले जीवन को सुख-समृद्धि से भर सकते हैं। फाल्गुन पूर्णिमा पर जरूरतमंद को दान देने से भगवान विष्णु अत्यधिक प्रसन्न होते हैं और जातक को अपनी कृपा का पात्र बनाकर उन्हें सुख-सौभाग्य, धन-संतान आदि का सुख प्रदान करते हैं।

**धन-धान्य से भरा रहता है भंडार**

इस दिन गंगा नदी तट पर दीप दान करने से देवी लक्ष्मी अत्यंत प्रसन्न होती हैं, और अपने आशीर्वाद स्वरूप, भक्तों का भंडार धन-धान्य से भर देती हैं। इस पूर्णिमा की रात में चंद्रमा की पूजा करने से चंद्र दोष नष्ट होता है और चंद्र देव को खीर का भोग अर्पित करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे आर्थिक तंगी व असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। **आरसी शर्मा.**

## आपकी बात

### सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### रोजगार के आंकड़े

रोजगार को लेकर आरबीआई ने जो डाटा पेश किया है उस पर तमाम तरह के सवाल हैं। आरबीआई की हालिया रिपोर्ट जिसमें कहा गया है कि बीते तीन-चार सालों में आठ करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं, इसके आने के बाद से ही बीजेपी विपक्ष पर हमलावर है। प्रधानमंत्री ने भी इस रिपोर्ट का हवाला देकर मुंबई में विपक्ष पर हमला बोला। पीएम ने कहा है कि बीते 3-4 साल में करीब आठ करोड़ रोजगार दिए गए हैं। उनके मुताबिक, बुनियादी ढांचे की प्रत्येक परियोजना के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ता है। इस मुद्दे पर फर्जी आंकड़े और बयान देने वालों की जुबान अब बंद हो जानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे अब भी प्रधानमंत्री के दावे को झूठ करार दे रहे हैं। वह रोजगार के मुद्दे को मोड़ कर पेपर लीक, एनटीए और एनटीआर पर ले आए हैं और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने सरीखे सवाल पूछ रहे हैं, बहरहाल उनका अपना एजेंडा हो सकता है लेकिन रोजगार और महंगाई इस दौर के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे हैं। आम चुनाव भी बेरोजगारी से प्रभावित हुआ है, ऐसे विश्लेषण अब सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के बयान के संदर्भ में भी सवाल यह है कि ये रोजगार क्या हैं? नौकरी, दिहाड़ी, स्वरोजगार, ठेका अथवा मनरेगा किस्म का रोजगार है। यदि नौकरियां दी गई हैं, तो वे निजी क्षेत्र में भी कितनी स्थायी हैं? निजी क्षेत्र देश के निर्माण और विकास में बराबर का भागीदार है। विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बनने में निजी क्षेत्र का ज्यादा योगदान है। सरकारी क्षेत्र का दायरा सीमित होता जा रहा है। यदि आज भी करीब 10 लाख सरकारी नौकरियां रिक्त पड़ी हैं, तो यह सरकार की नीयत और इच्छा का ही नतीजा है। सरकारें अपने क्षेत्र को सिकोड़ देना चाहती हैं और सरकारी काम को आउटसोर्स के हवाले कर रही हैं। यह ठीक नहीं है। रोजगार सृजन का दायित्व सरकार और कारपोरेट दोनों का है।

**अनिल कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## बुजुर्ग विदेशी श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या।** परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने आए दक्षिण अफ्रीका निवासी एक बुजुर्ग श्रद्धालु की मंगलवार शाम मौत हो गई। जिला अस्पताल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। शाम नारायण दीनानाथ निवासी सेंट्रल रोड सी काउ लेन एरिया दरबन शहर दक्षिण अफ्रीका अपने पुत्र कपिल दत्त, पुत्रबधु प्रीत तथा पोते प्रणव के साथ सोमवार को दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट से रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या आए थे और शाम को नगर कोतवाली के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पार्क इन होटल में ठहरे थे। मंगलवार को अयोध्या धाम में दर्शन-पूजन के बाद वापस होटल लौटे तो उनको उलझन और घबराहट की शिकायत हुई जिसके बाद बेटे कपिल दत्त ने 5.35 बजे शाम नारायण दीनानाथ (91) पुत्र स्व. दीनानाथ को जिला अस्पताल पहुँचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर डॉक्टर सुमित कुमार ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार का कहना है कि पीएम के बाद यहीं पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि विदेशी श्रद्धालु के शव को पीएम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

# रामलला का दर्शन करेंगे लव के वंशज

जिला संवाददाता(vol)

- दर्शन की सूचना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 115 गांवों में रह रहे सूर्यवंशीय क्षत्रियों को दे दी गई है
- सूर्यवंश क्षत्रिय समाज 9 मार्च के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटा

**अयोध्या।** दशरथ समाधि स्थल के परिसर में सूर्यवंश क्षत्रिय समाज की महापंचायत में 22 जनवरी 2024 को सर्वसम्मति से एक निर्णय लिया गया था कि आज से एक वर्ष बाद रामलला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ व 144 वर्ष में पड़ने वाले प्रयागराज के महा कुम्भ के उपरांत ही हम राम वंशज श्री राम लला के प्रतिमा के समक्ष वैदिक पूजन अर्चन कर दर्शन प्राप्त करेंगे। सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के मुखिया दादा गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि वे प्रभु श्री राम चन्द्र के ज्येष्ठ पुत्र लव के 52 वीं पीढ़ी के राणा चन्द्र सिंह के चार पुत्रों देवा, माधव, धार और मुरार में से ज्येष्ठ पुत्र देवा से मड़ना पट्टी, माधव से पूरा बाजार पट्टी , धार से राजेपुर पट्टी तथा मुरार से सनेथू पट्टी बनी है। चारों पट्टियों के कुल चौदह कोसीय परिधि में पड़ने वाले 115 गांव सूर्यवंशी राजा राम चन्द्र के ज्येष्ठ पुत्र राजा लव के वंशज हैं।

उन्होंने बताया कि महा पंचायत में दिए गए वचन के मुताबिक कि जब पूरे देश दुनिया के साधू ,संत -महंत श्रद्धालु एवं राम भक्त दर्शन लाभ प्राप्त कर लेंगें ,तभी जा कर हम राम वंश प्रभु राम लला के दर्शन करेंगे। लम्बे इंतजार के बाद अब 9 मार्च को अयोध्या के नव निर्मित मंदिर के गर्भगृह में 5 वर्ष के बाल स्वरुप राम लला के दर्शन होने का सौभाग्य राम वंशजों को प्राप्त होने जा रहा है।

सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के जिला मीडिया प्रभारी बिपिन सिंह ने बताया कि वैदिक विद्वानों के शोध के बाद 9 मार्च फाल्गुन शुक्ल दशमी दिन रविवार का समय साढ़े दस बजे सुबह वंशजों के रामलला दर्शन का मुहूर्त बना है जो बहुत ही शुभ माना गया है । उन्होंने बताया कि राम वंशजों के दर्शन की अनुमति जिला प्रशासन ने प्रदान कर दी है ।

इस बावत अध्यक्ष की अनुमति से एक क्षत्रिय प्रतिनिधि मण्डल जिला प्रशासन से मिला था। दर्शन की सूचना उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं 115 गांवों में रह रहे सूर्यवंश क्षत्रियों को दे दी गई है।सूर्यवंश क्षत्रिय समाज के राम लला के दर्शन कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि हजारों- हजारों की संख्यां में रामवंशजों का एक दल केशरिया ध्वज एवं केशरिया पगड़ी में नया घाट के लता मंगेशकर पार्क पर 9 मार्च को इक्ट्ठा होगा ,जो गगनभेदी नारों के साथ राम लला के समक्ष नतमस्तक हो दर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि दीपेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह व अमित सिंह जन संपर्क के लिए 115 गांवों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं।

## मनरेगा के पक्के कार्यों की स्वीकृति दिलाये जाने की मांग



**अयोध्या।** बुधवार को प्रधान संघ अके जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो प्रधानों ने जिले के मुख्य विकास अधिकारी को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा और वार्ता की, ब्लाकों द्वारा मनरेगा के पक्के कार्यों की स्वीकृति दिलाई जाने की मांग प्रमुख रूप से थी पत्रकारों के पूछे जाने पर जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मनरेगा गांव पंचायत के विकास की रीढ़ की हड्डी है बिना कारण वर्षों से मनरेगा के पक्के कार्यों के बिलों की फीडिंग रोकी गई थी जो जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के हस्तक्षेप से शुरू हुई परंतु अब उसी तरीके से वर्षों से नए कामों की स्वीकृति नहीं दी जा रही है जो अधिनियम और पंचायतों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है जिससे जनपद के गांव पंचायतों का विकास बिना कारण ठप हो गया है। क्योंकि 60 प्रतिशत कच्चे कामों के अनुपात में 40 प्रतिशत पक्के कार्यों का प्रावधान है अनुपात होते भी होते हुए भी स्वीकृति न दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ भारत सरकार और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को बाधित किया जाना है जो किसी भी कीमत प्रधान बर्दाश्त नहीं करेंगे पूंछे जाने पर उन्होंने यह भी बताया कि सत्र का अंतिम माह चल रहा है। यदि शीघ्र प्रधानों को स्वीकृत नहीं मिली तो अनुपात समाप्त हो जाएगा और जनपद अयोध्या करोड़ों के विकास से वंचित हो जाएगा इसके लिए जनपद के प्रधान आक्रोशित है और यदि शीघ्र समाधान ना हुआ तो ना चाहते हुए भी जनपद अयोध्या के प्रधान संघर्ष पर सभी ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी व सैकड़ो प्रधान साथी मौजूद रहे।

## हेलमेट,सीटबेल्ट का प्रयोग करते दिखे एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला द्वारा एआरटीओ कार्यालय प्रवेश द्वार पर होमगार्ड रामरुप को कार्यालय आने वाले कर्मचारी व अधिकारी की हेलमेट व सीटबेल्ट लगाये जाने की नियमित जांच हेतु नियुक्त किया गया। जिसके बाद से सुबह कार्यालय आने वाले कर्मचारी व अधिकारी हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करते दिखाई दे रहे है। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी द्वारा सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा कार्यालय आने के दौरान हेलमेट-सीटबेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने के निर्देश के बाद नियमित जांच हेतु होमगार्ड को प्रवेश द्वार पर नियुक्त कर दिया गया है। जिसके बाद से कार्यालय आने वाले कर्मचारी व अधिकारी नियमित रुप से हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग कर नियमो को प्रति जागरुक भी कर रहे है।

## दिशा की बैठक कल

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 07 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गई है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वांछित सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## जुगराज सिंह बने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**बाराबकी।** आम आदमी पार्टी संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने जुगराज सिंह को जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री सिंह के नेतृत्व मे जनपद के सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। तथा प्रदेश में आप के संघर्ष को सफल बनायेगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि पार्टी की विचारधारा और उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को एक विश्वास और सम्मान के रूप में लिया है। और जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभायेगे।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में दी गयी जानकारी

अयोध्या। एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर व जिला उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अयोध्या के सहयोग से पीएम विश्वकर्म योजना पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेनीगंज में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर सहायक निदेशक नीरज कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डाला। अविनाश कुमार ने पीएम विश्वकर्म योजना एवं उसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की एवं लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक सीएससी कमलेश शर्मा ने लोगों को बताया कि कोई भी आवेदक अपने निकटवर्ती सीएससी केंद्र जाकर इस योजना में पंजीकरण कर सकता है एवं इस योजना का लाभ ले सकता है। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मयंक शुक्ला ने प्रशिक्षण के संबंध में अवगत कराया कि उनके यहां से कौन-कौन से ट्रेडों पर ट्रेनिंग अब तक हो चुकी है विषय पर प्रकाश डाला। एल डी एम बैंक ऑफ बड़ोदा गणेश यादव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले ऋण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पांडे ने प्रभागियो को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाहन किया। साथ ही उन्होंने उद्यम स्थापित करने हेतु राज्य सरकार की विभिन योजनाओ के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विशाल वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## एडीए व नगर निगम के कार्यालय निर्माण में आई तेजी

जिला संवाददाता(vol)

- 119.90 करोड़ रुपए से बन रही है बिलिंडग, 60 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण
- सदर तहसील के पास जीआईसी स्कूल के सामने हो रहा निर्माण



**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम का संयुक्त बहुमंजिला निमार्णाधीन कार्यालय का कार्य जोर शोर से चल रहा है। पांच मंजिला इमारत में वो तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी, जो बड़े-बड़े महानगरों में स्थित भवनों में होती है। अब तक 60 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल का कार्य पूरा हो चुका गया। चतुर्थ तल पर स्ट्रक्चर, ब्रिक फील्ड और फायर फाइटिंग का कार्य प्रगति पर है।विग्माइन एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट मैनेजर मेहराम शर्मा ने बताया कि अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्ष यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। काफी दिनों से नगर निगम का नया कार्यालय बनवाये जाने को लेकर कवायद चल रही थी। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्यावासियों की सहूलियत को देखते हुए नगर निगम और विकास प्राधिकरण का कार्य एक जगह बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सदर तहसील के पास जीजीआईसी के सामने निर्माण कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी। 119.90करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन की उपलब्ध जमीन के 37 फीसदी हिस्से पर निर्माण होगा और कार्यालय को सीसीटीवी, लैन नेटवर्क, ईपी बॉक्स सिस्टम, वातानुकूलन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीनरी आदि से आच्छादित किया जाएगा। भवन निर्माण में अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों सीता रसोई, राम मंदिर, दशरथ महल के साथ मुगल स्थापत्य शैली का समावेश देखने को मिलेगा।

प्रस्तावित कार्यालय भवन में नगर निगम का राजस्व/कर विभाग, जन्म/मृत्यु विभाग, एपीडी व रोकड़ विभाग, स्वास्थ्य, सिविल, लेखा, वित्त, एनफोर्समेन्ट, संपत्ति विभाग, आडिट, जलकल, विद्युत, किराया, लाइसेंस एवं पर्यावरण, जीव-जंतु एवं कानून विभग, अधिस्थान एवं समिति विभाग तथा सदन हाल का निर्माण कराया जाएगा। जबकि अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय में नियोजन विभाग, संपत्ति विभाग, भूमि विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, वित्त विभाग और प्रशासनिक विभाग का कार्यालय बनना है। मुख्य ग्राउंड $5 गार्ड रूम, सी.सी. रोड बाउण्ड्री, प्रवेश द्वार, यू. जी. टैंक 150 कि.ली. फायर फाइटिंग सिस्टम, यूपीएस, एलएएन सिस्टम आदि विकसित होगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इस वर्ष तक इसे कम्पलीट कर लें। एडीए के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस भवन के निर्माण के बाद लोगों को काफी सहुलियत मिल जाएगी।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ कल

**बहराइच ।** क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन व जिला खेल कार्यालय बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 07 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे इन्दिरा गांधी स्टेडियम में संसदीय क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत ह्यह्यसांसद खेल महाकुम्भके जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सांसद डॉ आनन्द कुमार गोंड द्वारा शुभारम्भ किया जायेगा। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि संसदीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 08 मार्च 2025 को प्रातः अपरान्ह 02:00 बजे मुख्य अतिथि मा. राज्य मंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

## 18वी पुण्यतिथि पर याद किए गये वरिष्ठ अधिवक्ता अहमद नईम खान



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय अहमद नईम खान की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता करते हुये पूर्व बार अध्यक्ष बृजेश दीक्षित ने कहा कि नईम साहब कहते थे कि अच्छी वकालत के लिए वकील को हमेशा कानून की किताबें पढ़ते रहना चाहिए। पूर्व बार अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह ने कहा की अहमद नईम खान सी0आर0पी0सी के अच्छे जानकार थे। पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अहमद नईम साहब जूनियर अधिवक्ता का बहुत ध्यान रखते थे और उनकी मदद भी करते थे। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश त्रिवेदी ने कहा कि नईम साहब बड़े वकील के साथ-साथ बड़े इंसान भी थे। उनकी कमी हमेशा बार को महसूस होगी। सभा का संचालन ज्येष्ठ पुत्र एड़वोकेट हुमायूं नईम खान ने किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो मे बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, महामंत्री अशोक वर्मा, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, कौशल किशोर त्रिपाठी, भारत सिंह यादव, दानिश सिद्दीकी, ज्ञानेश शुक्ला, मदन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

## थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी

जिला संवाददाता(vol)

- कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, शौचालयों, मेस, बैरिक, आगंतुक कक्ष का लिया जायजा



**बाराबंकी।** थाना नगर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरिक, आगन्तुक कक्ष, शौचालयों आदि का जायजा लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये।

इस दौरान एस0पनी ने थाना कार्यालयों में रखे अभिलेखों को चेक कर रखरखाव एवं लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने, गठित महिला हेल्प डेस्क पर रिसेप्शनिस्ट को आगन्तुक, शिकायत रजिस्टर पर प्राथमिकता के आधार पर फरियादियों की शिकायत सुन इन्द्राज कर प्रकरणों में विशेष रूचि लेकर कार्यवाही करने, सीसीटीएनसी पोर्टल, सीएम हेल्प लाइन, ऑनलाइन जन सेवाओं में लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण करने, अपराधियों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस कर्मियों की बीट बुक का अवलोकन कर एचएस, टाप-10 व विगत 3 वर्षों में जेल से छूटे अपराधियों आदि का चौकी, हल्कावार लिस्ट बनाकर निगरानी रखने, शस्त्रों के नियमित रूप से साफ-सफाई करने हेतु निर्देश दिये।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर आलोक मणि त्रिपाठी समेत आदि अधिकारी मौजूद रहें।

## अवैध चिकन व मटन शॉप पर प्रशासन सख्त, दो दुकानें सील

- एसडीएम सदर व सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में की गयी छापेमारी



**अयोध्या।** शहर में अवैध रूप से चल रहीं चिकन और मटन शॉप पर बुधवार को जिला प्रशासन ने सख्त हो गया। जिला प्रशासन को शिकायत मिल रही थी कि शहर में कुछ ऐसे लोग हैं जो बिना लाइसेंस के चिकन और मटन शॉप चला रहे हैं। यही नहीं मांस को काटकर उसकी गंदगी सड़क पर फैला रहे हैं।एसडीएम सदर विकास धर दुबे और सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के फतेहगंज क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान अवैध रूप से चल रही मटन और चिकन की दो दुकानों को सील कर दिया जबकि तीन दुकानदार दुकान बंद करके फरार हो गए। एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने सभी को हिदायत दी कि जिनको भी चिकन और मटन शॉप चलानी है, वह खाद्य विभाग से लाइसेंस जरूर लें, तभी दुकान खोलें। फरार हुए दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। वहीं, गंदगी फैलाने को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह यदि गंदगी देखें तो मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

**पचास हजार का एक्सपायरी डेट का पान मसाला सीज**

ईद और होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर सतर्क है। डीएम चंद्र विजय सिंह ने सभी एसडीएम के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। इसके अलावा सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद सिंह भी अपनी टीम के साथ दुकानों पर छापा मार रहे हैं। शहर में मटन और चिकन शॉप पर कार्रवाई के बाद सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह ने चैक के पान गली में पान मसाला के सबसे बड़े थोक व्यापारी राजेंद्र चैरसिया के प्रतिष्ठान पर छापा मारा।

सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र ने बताया कि 50,000 रुपए के एक्सपायरी डेट का पान मसाला बरामद हुआ है। इसको सीज कर दिया गया है इसके साथ ही चैक क्षेत्र में ही जो लोग थोक व्यवसाय कर रहे हैं, उनको भी हिदायत दी गई है कि वह तुरंत अपना पंजीकरण करा लें नहीं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने ईद और होली पर्व को लेकर नकली खोया व मिलावटी मिठाई की जांच के लिए टीम गठित की है, जो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक में छापे मार रही है।

## आक्रामक कुत्तों से संबंधित समस्या के लिए ईओ बीडीओ व पशु सीएमओ को करें सूचितः डीएम

**बहराइच।** जिले में कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अपने स्तर पर सावधानी बरतें तथा परिवार के छोटे बच्चों को अकेले जाने आने न दें।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र में यदि आक्रामक कुत्तों एवं बन्दरों इत्यादि से सम्बन्धित कोई समस्या है तो तत्काल सम्बन्धित क्षेत्र के नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों के मोबाइल नम्बर पर इसकी सूचना अवश्य दें। विकास खण्ड मिहींपुरवा हेतु मो.न. 9454464805, नवाबगंज हेतु मो.नं. 9454464806, बलहा हेतु मो.नं. 9454464807, शिवपुर हेतु मो.नं. 9454464808, रिसिया हेतु मो.नं. 9454464809, चित्तौरा हेतु मो.नं. 9454464810, महसी हेतु मो.नं. 9454464811, तेजवापुर हेतु मो.नं. 9454464812, फखरपुर हेतु मो.नं. 9454464813, हुजूरपुर हेतु मो.नं. 9454464814, कैसरगंज हेतु मो.नं. 9454464815, जरवल हेतु मो.नं. 9454464816, विशेश्वरगंज हेतु मो.नं. 9454464817 एवं पयागपुर हेतु मो.नं. 9454464818 पर सूचित किया जा सकता है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बहराइच व नगर पंचायत पयागपुर हेतु मो.नं. 8189078341, नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत रूपईडीहा हेतु मो.नं. 8189078342, नगर पंचायत जरवल हेतु मो.नं. 9415247856, कैसरगंज हेतु मो.नं. 9026966884, रिसिया हेतु मो.नं. 9454416033 तथा नगर पंचायत मिहींपुरवा हेतु मो.नं. 9140756213 पर सूचित किया जा सकता है।

## सांसद तनुज पुनिया ने राज्यपाल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

- रामनगर डिग्री कॉलेज का नाम बदल स्वः राजा रत्नाकर सिंह महाविद्यालय रखे जाने की मांग



**बाराबंकी।** रामनगर के लोकप्रिय राजा स्वर्गीय अमर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह को उनकी जनकल्याणकारी नीतियों और समाज के प्रति समर्पण के लिए आज भी याद किया जाता है। वे एक नेकदिल शासक थे। जिन्होंने अपने परिवार के साथ मिलकर रामनगर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ब्लॉक, तहसील, थाना, इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। विशेष रूप से उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए अपनी 100 बीघा जमीन स्वेच्छा से दान में दी थी।

ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। उक्त उद्गार प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को रामनगर डिग्री कॉलेज का नाम बदलकर स्वर्गीय राजा रत्नाकर सिंह महाविद्यालय, रामनगर रखे जाने की मांग को लेकर पत्र लिखकर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने व्यक्त किये। पत्र मे काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि स्वर्गीय राजा अमर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह और उनके परिवार ने स्वतंत्रता संग्राम में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

आज अगर रामनगर क्षेत्र के युवा शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज में अपना नाम रोशन कर रहे हैं, तो इसका श्रेय रामनगर राज परिवार को जाता है, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपनी निजी संपत्ति समाज के लिए दान कर दी। जनता को उम्मीद है कि राज्यपाल और शिक्षा मंत्री इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेंगे। जिससे क्षेत्र के महान शिक्षाप्रेमी राजा की विरासत को उचित सम्मान मिल सके।

# कुत्तों के हमलों की पुनरावृत्ति होने पर दण्डित किये जायेंगे अधिकारीः डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच ।** जनपद में कुत्तों एवं बंदरों के हमलों पर प्रभावी अंकुश तथा पीड़ित व्यक्तियों के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण जनपद क्षेत्र में अभियान चलाकर हमलावर कुत्तों के बध्याकरण की कार्यवाही की जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सामुदायिक चिकित्सालयों के डाटा का अध्ययन कर अति संवेदनशील एवं संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर तदनुसार कार्यवाही की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों में अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जाय।

लोगों को बताया जाय कि वह अपने परिवार के बच्चों को अकेले खेतों की ओर न जाने दें। डीएम ने कहाकि सम्बन्धित अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर समस्या का पता लगाकर उसका निस्तारण करायें। बैठक में जानकारी दी गई कि सदर अन्तर्गत 279, तेजवापुर में 323, मिहींपुरवा में 345, रिसिया में 391, महसी में 379, शिवपुर 439, फखरपुर में 299, चित्तौरा में 322, जरवल में 421, पयागपुर 372, बलहा में 224, कैसरगंत में 375, नवाबगंज में 361, हुजूरपुर में 237 एवं विशेश्वरगंज में 268 इस प्रकार जिले में 5035 लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगाये गये हैं।

डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों एवं बंदरों आदि से बचाव में कूड़ा प्रबंधन की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जहां पर कूड़े में खाने पीने की सामग्री की अधिकता होती है, वहां प्रायः आवारा पशुओं की संख्या बढ़ जाती है।

अतः कूड़े का नियमित उठान और पृथक्कीकरण आवश्यक है। बैठक के माध्यम से डीएम ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि वह अपने क्षेत्र के हमलावर कुत्तों बंदरों अथवा अन्य पशुओं के संबंध में संबंधित बीडीओ, ईओ व पशु चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल सूचना उपलब्ध करायें।

बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि अब तक जनपद में 76 कुत्तों का बधियाकरण किया गया है तथा 192 ग्रामसभा में जागरूकता अभियान प्रारम्भ हो गया। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि कुत्तों के कारण घायल हुए 81 पशुओं का अब तक इलाज किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीडीओ राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## अहिरौरा में सामुदायिक भवन के निर्माण की मिली स्वीकृति

**बहराइच।** मंगलवार देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में परियोजना स्वीकृति संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत विकासखंड चित्तौरा, ग्राम पंचायत अहिरौरा में प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए भवन निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मोनिका रानी के मार्गदर्शन में जनपद में सभी विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में बनाये जा रहे सामुदायिक भवन निर्माण में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि रू. 21 लाख 81 हजार 86 तथा मनरेगा की आंशिक धनराशि रू. 03 लाख 09 हजार 996 कुल धनराशि रू. 24 लाख 91 हजार 82 की लागत से सामुदायिक भवन (शादी घर) का निर्माण किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीडीओ राज कुमार, डीपीआरओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव खेरवा सकतपुर मजरे जैतपुर में मंगलवार को मवेशियों के लिये हरा चारा लाने गये एक नवयुवक का शव देर शाम बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है थाना क्षेत्र के खेरवा सकतपुर मजरे जैतपुर निवासी शिव सिंह पुत्र सुरेश सिंह उम्र सत्ताइस वर्ष मंगलवार को चार बजे गांव से कुछ दूरी पर स्थित खेत से मवेशियों के लिये हरा चारा लेने गया था जब वह देर शाम तक वापस नही लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु कर दी खेत पहुंचने पर हरा चारा कटा पाया गया वहीं शिवम गायब रहा। आस पास देखने पर एक बाग में गूलर के पेड़ मे रस्सी के सहारे उसका शव लटका मिला। शव लटका देखकर परिजनों में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## एनएसएस शिविर में चला सफाई अभियान

**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (आर आर पी जी) अमेठी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का आयोजन श्री रामबली सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में 4 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। विशेष शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल के आसपास और चयनित ग्राम में जाकर सार्वजनिक स्थल के साफ-सफाई का कार्य किया गया तथा ग्रामवासियों को सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य शिविरार्थियों के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात अखिल विश्व गायत्री परिवार की तरफ से मध्य प्रदेश से पधारे हुए बृजेश कुमार पटेल ने शिविरार्थियों को योग और मेडिटेशन के बारे में विस्तार से बताया है। इस गोष्ठी में गायत्री परिवार के अभिनव और आशीष ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ पवन कुमार पांडेय, डॉ मनीषा सिंह और डॉ सीमा सिंह सहित गौरी, तन्वी, एवं अन्य राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।

## मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** ई-रिक्शा चालक की पिटाई कर रुपये व मोबाइल छीनने का आरोपी संग्रामपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल संग तमंचा व कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया है। लूट में सहयोगी एक युवक को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सोनारीकला गांव निवासी ई रिक्शा चालक रामबहादुर 26 फरवरी को पीपरपुर थाना क्षेत्र के घोरहा पावर हाउस के पास वाहन लेकर जा रहे थे बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रिक्शा रोका और पिटाई कर 630 रुपये संग मोबाइल छीन कर भाग गए इस मामले में पीपरपुर पुलिस ने केस दर्ज कर संग्रामपुर थाना क्षेत्र के धानापुर गांव निवासी सूरज सिंह को गिरफ्तार किया था, जबकि गड़ेरी गांव निवासी सोनू यादव फरार चल रहा था। संग्रामपुर पुलिस ने बालीपुर मोड़ बाग के पास सोनू यादव को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में सोनू ने सहयोगी सूरज संग ई रिक्शा चालक की पिटाई कर मोबाइल छीनने की बात स्वीकार की. एसएचओ संदीप राय ने बताया कि सोनू पर आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज कर उसका चालान कोर्ट भेज दिया गया है।

# भाजपा विधायक ने दलित बस्ती में लगायी चौपाल

### सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की दी जानकारी



**कूरेभार, सुलतानपुर।** सेवा पखवारा अभियान के अंतर्गत भाजपा अनुसूचित जाति बस्तियों में सघन सम्पर्क अभियान चला रही है। जिसके अंतर्गत भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा दलित बस्तियों में संपर्क लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीजेपी के सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने बुधवार को कूरेभार ब्लॉक के कटका ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान सरिता सिंह व प्रधान प्रतिनिधि सुभाष सिंह मिंटू के संयोजन में दलित बस्ती में जन चौपाल लगाई लोगों की समस्याओं से रूबरू होते हुए विधायक श्री सिंह ने समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक ने डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए लोगों से इनके लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सम्बंधित कर्मचारियों से दलित बिरादरी के जो पात्र व्यक्ति योजनाओं से अछूते रह गए हैं, उनकी सूची बनाकर देने को भी बात कही। जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाए इस मौके पर दर्जनों पार्टी पदाधिकारियों सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

**विधायक ने सुदनापुर में चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं**

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** बुधवार को सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह सुदनापुर पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों और बाजार वासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बिजली, आवास, वृद्धा पेंशन जैसी सुविधाओं को लेकर जनता से चैपाल लगा संवाद किया मिली शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान कराने का निर्देश दिया। पूर्व मंत्री व विधायक ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा से कहा कि जिन जरूरतमंदों को अब तक वृद्धा पेंशन या आवास योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्हें सूची में शामिल कराया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। आयोजन मंडल अध्यक्ष कटका पंडित प्रदीप शर्मा के संयोजन में आयोजित किया गया, जहां ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं यहां विधायक विनोद सिंह ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में कहीं भी कोई समस्या होगी तो समाधान के लिए प्रशासन से समन्वय कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी।

# फाइनेंस कंपनी के मैनेजर समेत तीन पर हमला

- किस्त मांगने पर कर्जदार ने साथियों के साथ दिखाई गुंडागर्दी, क्षतिग्रस्त की कार

**कूरेभार, सुलतानपुर।** स्थानीय थानाक्षेत्र के केवलापट्टी लोकेपुर गांव में बुधवार को वाहन का बकाया किस्त मांगना एक फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों को महंगा पड गया। कर्जदार वाहन स्वामी ने अपने साथियों के साथ बकाया वसूली करने पहुंचे टीम पर गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। फाइनेंस कंपनी के मैनेजर की कार लाठी-डंडों से पीट-पीटकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीडित की तहरीर पर कूरेभार पुलिस जांच-पडताल में जुटी है।

कूरेभार पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, प्रमोद कुमार ने लिखा है एक फाइनेंस कंपनी का कलेक्शन एजुकेटिव है। उसका कहना है कि केवलापट्टी (लोकेपुर) निवासी शनि कुमार विश्वकर्मा पुत्र कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने एक ट्रैक्टर का फाइनेंस कराया है, जिसकी चार किस्त बकाया है। कई बार फोन करने के बाद भी शनि ने बकाया नहीं जमा किया तो बुधवार को वह कंपनी के सीनियर सुशील कुमार त्रिपाठी व जिला मैनेजर आशुतोष शुक्ला के साथ बकाएदार शनि के घर पहुंच गया। आरोप है कि बकाया मांगने से आगबबूला हुए शनि ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर 8-10 साथियों को बुलाकर हमला बोल दिया। कार के शीशे तोड डाले और जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो जान बची। इस बावत थानाध्यक्ष शारदेंदु दुबे ने बताया तहरीर मिली है। जांच कर केस दर्ज किया जायेगा।

# सीएमओ ने किया एएनएम सेंटर का निरीक्षण



**अमेठी।** मंगलवार को सीएमओ अंशुमान सिंह ने एएनएम सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिशुओं, गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण करने का निर्देश दिया। सीएमओ ने नेवढ़िया का निरीक्षण ए एन एम सेंटर का निरीक्षण किया तो एएनएम पुनीता सिंह अनुपस्थित मिली वहीं उल्कड प्रिया सिंह 6सितंबर के बाद से कोई दवा इंडेंट नहीं किया था। केन्द्र पर 14 बच्चो का टीकाकरण 3 गर्भवती माताओं का परीक्षण हुआ सभी लॉजिस्टिक्स मौजूद मिले टीकाकरण रीना राव के द्वारा किया गया। सीएमओ ने शिशुओं के समय समय पर परीक्षण के निर्देश दिया।

## डीएम ने बैठक में की आईजीआरएस की समीक्षा

**सुलतानपुर।** डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवांस रीड्रेसल सिस्टम) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, असंतुष्ट फीडबैक और शिकायतों के निस्तारण पर चर्चा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में नोडल अधिकारी स्वयं शिकायतकताओं से बात करें। जिन विभागों में शिकायतें अधिक हैं, वहां पर नोडल अधिकारी के साथ-साथ अन्य जिम्मेदार अधिकारी को भी संवाद में शामिल किया जाए। उन्होंने 34% से कम संतोषजनक फीडबैक वाले विभागों जैसे लोनिवि, विद्युत और श्रम विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

## शुकुल बाजार में परिवहन सेवा की समस्या

**बाजार शुकुल, अमेठी।** जिला मुख्यालय जाने के लिए प्राइवेट वाहनों पर निर्भर, मांग के बाद भी नहीं मिली बस सेवा। अमेठी जनपद के पश्चिमी छोर पर स्थित शुकुल बाजार के लोगों को आज भी परिवहन सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय अमेठी जाने के लिए परिवहन विभाग की एक भी बस सेवा उपलब्ध नहीं है स्थानीय लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए प्राइवेट बसों और टैक्सियों पर निर्भर रहना पड़ता है। शुकुल बाजार से सुल्तानपुर और फैजाबाद जाने के लिए भी परिवहन बसों की कमी है। पहले अमेठी डिपो से एक बस सेवा शुरू की गई थी, लेकिन समय सारिणी उपयुक्त न होने के कारण वह भी बंद हो गई। वर्तमान में केवल लखनऊ के लिए बस सेवा उपलब्ध है। क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय सांसद और विधायक से कई बार मांग की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। विकास के लिए परिवहन सुविधाओं का होना आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से विभिन्न जनपद मुख्यालयों के लिए रूट सर्वेक्षण कराने और बस सेवाएं शुरू करने की मांग की है। इससे क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जनता को भी सुविधा मिलेगी।

# किसानों को रेलवे स्टेशन पर प्रशासन ने रोका

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** वर्ष 2022 एवं 23 से लंबित समस्याओं का निस्तारण न होने से काफी संख्या में आक्रोशित किसान पूर्व में लिए गए निर्णय के मुताबिक बुधवार को लखनऊ के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे किसानों को हंगामा के बीच किसी तरह से समझा बूझाकर प्रशासन ने वापस कराया। एसडीएम मंजुल मयंक के निर्देश पर समस्याओं के निस्तारण के लिए चार टीम गठित की गई और एक दिन पूर्व तीन समस्याओं का निस्तारण किया गया था। भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद गुट के जिला अध्यक्ष कमलेश वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को काफी संख्या में मुख्यमंत्री से लखनऊ में मिलने के लिए किसान रवाना हुए। लंभुआ रेलवे स्टेशन पर काफी संख्या में ट्रेन पकड़ने के लिए हंगामा कर रहे किसानों को एसडीएम मंजुल मयंक, सीओ अब्दुस सलाम तथा कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने समझा बुझा कर किसी तरह से वापस करवाया। प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार उर्फ सूरज सिंह ने बताया कि एसडीएम ने तीन समस्याओं का एक दिन पहले निस्तारण करवाया था, तत्काल कुछ समस्याओं के निस्तारण के लिए चार टीम गठित किया है इसके अलावा अन्य कुछ समस्याओं के निस्तारण के लिए दो महीने का समय लिया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन किसान समस्याओं के निस्तारण में हीला हवाली करेगा तो किसान पीछे नहीं हटेंगे और अंतिम समय तक अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे। 10 दिन के अंदर अगर मुख्य समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो किसान मुख्यमंत्री आवास के लिए पदयात्रा निकलने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, युवा प्रदेश महासचिव संतोष मिश्रा, युवा जिला अध्यक्ष राजपति तिवारी, जिला प्रवक्ता महेश मिश्रा, जिला सचिव कृष्ण कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री अशोक विश्वकर्मा, रामदयाल यादव, विपिन सिंह, उमेश गुप्ता, प्रशांत सिंह, मॉर्गन रजक, हकीमुल निशा, गीता, मालती, मीरा आदि मौजूद रहे।

# अवैध कटों को बंद करायें : डीएम



- डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थिति बचत भवन सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉट के निराकरण हेतु सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा निर्देश दिये गये कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थल पर साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप इत्यादि का कार्य प्राथमिकता से कराया जाये, इसके साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क के डिवाइडर में लगे पेड़ों की छटाई कर झाड़ियों की साफ-सफाई शीघ्र सुनिश्चित करायी जायें। अवैध रूप से निर्मित कटो का चिन्हांकन कर उन्हें प्राथमिकता से बंद कराया जायें। प्रमुख राजमार्गों पर यू-टर्न लेने हेतु साइनेज बोर्ड लगाया जाए, जिससे लोग रॉग साइड में वाहन न चलाये। ब्लैक स्पॉट वाले स्थलों पर स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाये जायें।बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, सीओ सिटी अमित सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) मनोज कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर चालक को पीटा

**रायबरेली।** मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा अज्ञात कारणों से ट्रैकर चालक को बेरहमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है ।ट्रैक्टर चालक को दबंगों द्वारा बेरहमी से पीटा गया और वीडियो कैमरे में कैद हो गया ।वायरल वीडियो में मौजूद लोगों द्वारा ड्राइवर को पीटा जा रहा है ।शहर कोतवाली क्षेत्र के किला बाजार के पास ट्रैक्टर ले जा रहा था ड्राइवरकिसी बात पर भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में पिटाई की गई है जो चर्चा का विषय बना हुआ है ।स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** दो अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। महराजगंज से रायबरेली रोड पर ओम फर्नीचर के पास अनियंत्रित पिकअप मुर्गी के चूजों को लाद कर रायबरेली की तरफ जा रही थी और रायबरेली से मनीष शुक्ला पुत्र जगत नारायण उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी बसकटा थाना महराजगंज अपने छोटे भाई को रायबरेली रेलवे स्टेशन पर छोड़ने गया था ।वापस आते समय वाहन दुर्घटना में युवक की तत्काल मौत हो गई ।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। वहीं दूसरी घटना में सारीपुर गांव निवासी मनीष पुत्र जागेश्वर निवासी सारीपुर उम्र लगभग 20 वर्ष रायबरेली से वापस आते समय बाइक सवार तांगे में घुस गए जिसमें मनीष की मौके पर ही मौत हो गई वही मनीष के शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । लगातार सड़क दुर्घटनाओं से हलकान प्रशासन ने इन कस्बों में सघन चेकिंग की कार्रवाई कराने में जुटा है। तेज रफ्तार और नशा की प्रवृति दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है लगातार क्षेत्र में घट रही घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है ।महराजगंज के हनुमानगढ़ी से लेकर नवोदय विद्यालय चैराहे तक इस समय दुर्घटना बहुल्य एरिया बना हुआ है कई लोगों की मौत इसी एक किलोमीटर की बीच में हो जाती है और अधिकतर घटना इसी के बीच में घटती रहती हैं लेकिन फिर भी प्रशासन किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है ।

## सदर तहसील परिसर में कार धू-धू कर जली

**रायबरेली।** सदर तहसील परिसर में खड़ी कार संदिग्ध परिस्थितियों में आग का गोला बन गई । धू - धू कर जल रही कार से लोगों में अफरा तफरी मच गई ।सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड ने कार में लगी आग को बुझाकर आग पर काबू पाया। सदर तहसील परिसर में खड़ी कार में अचानक आग लग गई आग लगने के उपरांत लोगों में अफरातफरी मच गई बोनट से उठ रहे आग का गुबार देख लोग दहशत में आ गए और घटना मैं कोई हताहत नहीं हुआ । सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया ।




# भोमा नाटक ने उकेरीं किसानों की समस्याएं




- फिरोज गांधी कॉलेज सभागार परिसर में चल रहे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले में मंचित हुआ नाटक

**रायबरेली।** फिरोज गांधी कॉलेज सभागार परिषद में चल रहे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति पुस्तक मेले में बादल सरकार द्वारा लिखे और संतोष डे द्वारा निर्देशित नाटक ॥भोमा॥ ने किसान समस्याओं को गंभीरता के साथ उकेरकर दर्शकों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। नाटक की शुरूआत भूमिहीन किसान भोमा से होती है जिसे खेत में बुआई के लिए बीज, सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है। उसके बिना उसके खेत बंजर रह जाते हैं और भोमा भूख से विचलित जीवन जी रहा है। नाटक राजनीतिक और सामाजिक विद्रूपता को सामने रखते हुए किसान समस्याओं पर फोकस करता है ।किसान एवं हाशिए में पड़े लोगों को केंद्र में रखकर उनके दशा और परिस्थितियों पर आधारित संवाद बोलते हुए नाट्य कर्मी संतोष चैधरी, जनार्दन मिश्र, रेनू श्रीवास्तव, रामदेव शर्मा, लवकुश, रमेश यादव और निर्भय श्रीवास्तव ने विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए प्रभावी छाप छोड़ी। रंगकर्म अपने अभिनय से एक शब्द चित्र गढ़ते चले जाते हैं। उकेरे गए इन शब्द चित्रों को विजुलाइज करने के लिए दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

बादल सरकार द्वारा रचित भोमा इतना कंपैक्ट नाटक है कि किसी तरह के परिवर्तन की संभावना नहीं, फिर भी कोशिश जारी है। बादल सरकार द्वारा रचे गए शब्द चित्र वास्तव में रोमांचित करने के साथ ही अभिभूत करने वाले हैं। अंत में समस्या खड़ी हो जाती है कि जो भोमा सो रहा था वह पूरी तरह जागा या नहीं। बादल सरकार के जन्म शताब्दी वर्ष में उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप मंचित यह नाटक दर्शकों पर अपना प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह सफल रहा। इस मौके पर समाजसेवी अरविंद श्रीवास्तव, श्रीमती छाया शुक्ला, दिनेश शुक्ला, रघुनाथ प्रसाद द्विवेदी, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव राजीव भार्गव, रजनी सक्सेना, विशाली सिंह, प्राची सिंह, अमित यादव, अंशिका आदि मौजूद रहीं।

# एजुकेटर भर्ती में भ्रष्टाचार, कंपनी के निदेशक पर एफआईआर दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** परिषदीय विद्यालयों में एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार की चपेट में नजर आ रही है। आउट सोर्सिंग कंपनी के निदेशक पर ही घूस लेकर एजूकेटर की भर्ती कराने का आरोप है। मामले का भंडाफोड़ होने पर बीएसए ने निदेशक और एक बिचैलिया सफाई कर्मी के खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले के सामने आने के बाद हड़कम्प मचा हुआ है। बेसिक शिक्षा के एमआईएस इंचार्ज इमरान अहमद की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर पर एलाक्षी एजुकेशन प्रा.लि. के निदेशक पवन सिंह और विजय पाल सिंह के खिलाफ धनउगाही का मामला कोतवाली नगर में दर्ज किया गया है। इन पर ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के नाम पर 80 हजार रु. की वसूली करने का आरोप है। तहरीर के मुताबिक 16 फरवरी 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को फोन कर बताया कि उससे ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के लिए 40 हजार रुपये मांगे गए हैं। बाद में 3 मार्च को विकास भवन सुलतानपुर में विजय पाल सिंह द्वारा किसी व्यक्ति से 80 हजार रुपये की मांग करने की शिकायत सामने आई। जांच में सामने आया कि विजय पाल सिंह और पवन सिंह ने इमरान अहमद के नाम पर रिश्वत मांगने की साजिश रची गयी थी। मामला सामने आने के बाद सीडीओ अंकुर कौशिक ने मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। जिसके बाद बीएसए उपेंद्र गुप्ता के निर्देशन में एमआईएस इंचार्ज इमरान ने केस दर्ज कराया है। बीएसए ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद जनपदीय कमेटी के समक्ष पत्रावली भेज दी गई हैं। डीएम की अध्यक्षता में बनी कमेटी अब जांच करेगी। परिषदीय विद्यालयों के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 160 एजुकेटर के पद पर भर्ती होनी थी। कोतवाल नारदमुनि सिंह ने बतया कि पवन सिंह निवासी गोलाघाट, कोतवाली नगर और विजय पाल सिंह लोहरामऊ, कोतवाली देहात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गड्ढा युक्त हुई जेल रोड, राहगीर हलाकान

**रायबरेली** ।सड़कों के गड्ढा मुक्त अभियान को रायबरेली के अधिकारी पलीता लगा रहे हैं । पुलिस लाइन से मामा चैराहे जाना वाला जेल रोड मार्ग कई वर्षों से बदहाल है ।सड़क की मरम्मत के लिए कोई कार्य नहीं हुआ जिससे सड़को पर बड़े बड़े गड्ढों की वजह से आये दिन दुर्घटनाएँ हो रही है । शहर का प्रमुख मार्ग होने के बाद भी सड़क के मरम्मती करण का कार्य नहीं हो रहा है । सड़क के मरम्मत का कार्य नगर पालिका के कार्यक्षेत्र में नहीं है इस वजह से सड़क की मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है। प्रयागराज मार्ग व कानपुर मार्ग को जोड़ने वाली है यह प्रमुख सड़क जिम्मेदार अधिकारी व राजनेता भी इस सड़क को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं ।हादसों का कारण बना हुआ यह जेल रोड मार्ग को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संज्ञान लिया है और जल्द ही इसे दुरुस्त कराने के लिए प्रयास किया जाएगा ।

## पीड़िता ने विपक्षियों पर हत्या करने का लगाया आरोप



**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र में दबंग विपक्षियों द्वारा एक युवक की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने शव रखकर धरना प्रदर्शन किया और हत्या करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की ।लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिवरतन मजरे ऐहार गांव के रहने वाली नीतू पाल ने अपने परिजनों का ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 4 मार्च को रात्रि दबंग विपक्षी दर्जनों लोगों के साथ मिलकर उनके भाई की हत्या कर दी तथा भतीजे अमित वह चचेरे भाई रतिपाल को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया । पीड़िता ने बताया कि लालगंज थाने की पुलिस द्वारा उसके भतीजे अमित कुमार द्वारा दिए गए बयान के आधार पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के नाम मुकदमा पंजीकृत नहीं किया ।मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि दबंग लोगों को क्षेत्रीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त था उसके दबाव में पुलिस पीड़ितों को अमित व रतिपाल से मिलने नहीं दे रही थी ।पीड़िता को आशंका है कि पुलिस अभियुक्त को बचाकर उसके चचेरे भाई व भतीजे को फसाने की कोशिश में जुटी हुई है इसीलिए पीड़िता ने मृतक भाई के शव को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने रखकर विरोध प्रदर्शन किया और घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों पर कठोर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी किए जाने की मांग की।

- एसपी ऑफिस के बाहर शव रख कर परिजनों ने किया प्रदर्शन

# डॉ. सन्त लाल विन्ध्य आईकॉनिक बिजिनेस अवार्ड से सम्मानित

**रायबरेली।** फिरोज गांधी महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दे चुके, साहित्य और समाज के प्रति जीवन समर्पित करने वाले जिले में साहित्य जगत में सक्रिय रहने वाले साहित्यकार डाक्टर संतलाल को स्नेहा इवेण्ट एण्ड मैनेजमेन्ट, मुम्बई का प्रतिष्ठित विन्ध्य आईकॉनिक बिजिनेस अवार्ड से सम्मानित किया गया । डाक्टर संतलाल शहर के दूरभाष नगर में रहते हैं । डॉ० सन्त लाल को यह अवार्ड हिंदी के प्रचार-प्रसार और संवर्द्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया गया। उद्योग, समाज सेवा, साहित्य, कला-संस्कृति, संगीत, कृषि, खेल और सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश के इक्यावन विभूतियों को यह सम्मान दिया गया है। सफेद शेर की धरती रीवा स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में डॉ० सन्त लाल को विंध्य आईकॉनिक अवार्ड-2025 से नवाजा गया । डॉ० सन्तलाल जन जागरण संस्थान के सचिव और. देवास्ता टेक्टिकल सॉल्यूशन्स प्रा. लि० के मुख्य भाषा सलाहकार है। हिंदी सेवा के लिये इन्हें कबीर कोहिनूर अवार्ड, साहित्य शिरोमणि सम्मान सहित अब तक अनेकों सम्मान-अवार्ड से नवाजा जा चुका हैं।




# शिविर में बच्चों को सिखाया गया योग



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला देवी बालिका इंटर कॉलेज भारत नगर में छात्र- छात्राओं को जागरूकता के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय खैंचिला के योग प्रशिक्षक सुनील दत्त तिवारी एवं योग सहायक पूजा ने योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अब्दुल बारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ शशिकांत राम और डॉ रवीन्द्र पांडेय की अध्यक्षता में योग जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान बच्चों को शरीर स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न आसन जैसे ताड़ासन, अर्धचक्रासन, धनुरासन, सूर्य नमस्कार और मानसिक स्वास्थ्य हेतु प्राणायाम जैसे अनुलोम विलोम, भ्रामरी, नाड़ी शोधन एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। शिविर के अंत में योग गुरु सुनील दत्त तिवारी ने हास्यासन, और सिंहासन आदि आसनों के बारे में बताया तो बच्चों ने इसका खूब आनंद लिया। उन्होंने उचित खान पान के बारे में भी सबको बिस्तर से बताया। सुनील दत्त तिवारी ने पढ़ाई में योग की उपयोगिता को बताते हुए नियमित योग करने के लिए सभी को प्रेरित किया। शिविर के दौरान प्रबंधक भरत मिलन तिवारी, प्रधानाचार्या मनसा मिश्रा, रमाकांत पाण्डेय, शिशिर सिंह, राजीव मिश्र सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भारत स्काउट व गाइड प्रशिक्षण का समापन

सुलतानपुर (वीओएल)। रामबरन महाविद्यालय बिभारपुर में आयोजित स्काउट-गाइड शिविर के समापन पर प्रशिक्षुओं ने आपदा सहायता शिविर लगाया। रंगोली बनाई गई और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि, प्रमुख जयसिंहपुर राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने सड़क सुरक्षा, मतदान जागरूकता और रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एकांकी प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। मतदान जागरूकता के तहत ॥चला सखी वोट दै, आई बटन अबकी जमीके दबाई॥ गीत प्रस्तुत कर लोगों को अपने मतदान अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने शिविर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं दिव्यांश शुक्ल, दीक्षा सिंह, मधु पाण्डेय, आयुषी सिंह, वैष्णवी सिंह, अंशिका सिंह को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड में सीखी गई जीवन-रक्षक तकनीकें और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा भविष्य में उपयोगी सिद्ध होंगी।

संक्षेप

## युवक पंखे पर फंदा लगाकर लटका, मौत

**टूंडला।** शादी के रिश्ते से नाखुश एक युवक ने स्कूल में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस तब तक परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। अजय कुमार पुत्र होशियार सिंह निवासी गदलपुरा थाना नगला सिंघी ने आर्मी में भर्ती की तैयारी कर रहा था। दो दिन पूर्व आगरा जिले के बत्तीसा गांव से उसका शादी के लिए रिश्ता तय हुआ था। जिससे वह खुश नहीं था, मंगलवार देर रात्रि प्रेमा देवी विद्यालय में एक कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नगला सिंघी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी नहीं दी है, जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची थी, तब तक परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिजन तहरीर देते है तो कार्यवाही की जाएगी।

## जेई के निधन पर शोक सभा आयोजित

**टूंडला।** भाजपा कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश बिजली विभाग में जे ई पद पर कार्यरत प्रदीप प्रताप सिंह पी.पी सिंह के असमय स्वर्ग सिधार जाने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने शोक सभा का आयोजन किया, जिसमें उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। शोकसभा में वीरेंद्र प्रताप सिंह, अनंत प्रताप सिंह शशांक प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह, सतीश पाल सिंह डॉ जेपी सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह चौहान, दीपू सिंह, सोनू सिंह, हनी जादौन रिंकू सिंह, प्रिय प्रताप सिंह, एडवोकेट स्वदेश सिंह, प्रसून प्रताप सिंह, विकास जादौन, आशीष जादौन, दिनेश पाल सिंह धन्नू, यतेंद्र ठाकुर, रयांक प्रताप सिंह, संजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, हितेंद्र पाल सिंह, धीरेंद्र पाल सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## 2 मोबाइल लुटेरे असलहा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम ने दो लुटेरे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से लूट के 03 मोबाइल घटना में प्रयुक्त बाइक व अवैध असलहा बरामद किया। बुधवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना पर दर्ज मोबाइल लूट के मुकदमे में दो लुटेरे अभियुक्तों, अभी यादव पुत्र राधाकिशन यादव निवासी दयालनगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद व तरूण चौहान पुत्र स्व. धीरेन्द्र सिह निवासी दयालनगर सत्कार टाकीज के पीछे थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद को लूट के 3 मोबाइल घटना में प्रयुक्त बाइक व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया।

## फिर डीएम से मिलेंगे धनगर समाज के लोग

मथुरा। धनगर प्रमाणपत्रों को लेकर एक बार फिर धनगर समाज विकास समिति डीएम से मिलेगी। अध्यक्ष सतीश धनगर ने बताया है कि 7 मार्च को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया जायेगा कि लगभग डेढ़ वर्ष से मथुरा का धनगर समाज अपने हक और अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलनरत है, परंतु प्रशासन अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहा है। मथुरा प्रशासन उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका में दिए गए अंतरिम आदेश की अवमानना करना बंद करे और धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी करना सुनिश्चित करे।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला अग्रणी कार्यालय की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों द्वारा ऋण हेतु दिए गए आवेदनों पर नियमानुसार समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा है कि उन्हें बेहद खुशी हो रही है कि मथुरा जिले के अग्रणी बैंक केनरा बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला वार्षिक ऋण योजना तैयार की है। बैंक ऋण आर्थिक परिवर्तन और जिले में विकास योजना की रीढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। योजना का मुख्य जोर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऋण का उपयोग करके और उन लोगों को लाकर समावेशी विकास हासिल करना है, जिन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से बाहर रखा गया है। नाबार्ड की संभावित लिंक्ड क्रेडिट योजना (पीएलपी) और जिले के सभी 10 ब्लॉकों में उपलब्ध क्षमता योजना तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। जिला/ब्लॉक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों के विकास पैटर्न को ध्यान में रखते हुए एसीपी तैयार करने में नीचे से ऊपर की ओर दृष्टिकोण अपनाया जाता है। मथुरा जिला एक कृषि अर्थव्यवस्था है और इसलिए, परिव्यय का एक बड़ा हिस्सा कृषि क्षेत्र के लिए निर्धारित किया गया है और परिव्यय 4354.60 करोड़ रुपये है। रोजगार के अवसर पैदा करने और नई उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 6200.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2025-26 के लिए कुल परिव्यय 13170.06 करोड़ रुपये है, जिसमें से 10945.06 करोड़ रुपये प्राथमिकता क्षेत्र के लिए निर्धारित हैं।

जिला ऋण योजना बीएलबीसी बैठकों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद तैयार की गई है। इस योजना को सही तरीके से लागू किया जाना चाहिए ताकि समावेशी विकास हासिल किया जा सके और समाज के वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने हितधारकों (मुख्य रूप से बैंकर्स) से आग्रह किया है कि जो जिले के विकास में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, कि वे योजना के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से शामिल हों और विभिन्न क्षेत्रों के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करें, जिससे जिले की प्रगति और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

## बरसाना होली को लेकर व्यवस्थाएं पूर्ण, 7 को आयेंगे सीएम योगी

**मथुरा।** बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू और लठामार होली की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। लड्डू होली में 7 मार्च को मुख्यमंत्री आ रहे हैं, उनका अधिकृत कार्यक्रम भले ही अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन सीएम का आना तय है। ऐसे में तैयारियों में अधिकारियों का पसीना छूट रहा है। बरसाना और नंदगांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। बताया जाता है कि सीएम योगी सात मार्च को बरसाना में सुबह दस बजे से साढ़े दस बजे तक आएंगे। गोवर्धन रोड स्थित एक खेत में हेलीपैड बनाया गया है, जहां से कार से वह बरसाना के मंदिर तक पहुंचेंगे। यहां से वह रोप-वे से मंदिर तक पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि जितनी देर सीएम राधारानी मंदिर में रुकेंगे, उतनी देर रोप-वे आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। ऐसे में सीएम के आगमन को लेकर रोप-वे के सुरक्षा मापदंड परखने के लिए चेकिंग की जा रही है। सीएम बरसाना में निर्माणाधीन टीएफसी का निरीक्षण भी कर सकते हैं।

उधर, मंदिर के शिखर से सीएम योगी के संबोधन की तैयारी भी की जा रही हैं। हेलीपैड से लेकर मंदिर तक सीएम के रूट की सड़क भी दुरुस्त कर दी गयी है। कई विभाग के अधिकारियों ने बरसाना में पहले ही डेरा डाल लिया है। सिंचाई विभाग ने गोवर्धन ड्रेन की सफाई करा दी है। सड़कों के बीच में आ रहे बिजली के खंभों को भी स्थानांतरित किया जा रहा है। तीर्थ विकास परिषद कस्बे की दीवारों पर होली के लेकर पेंटिंग करा रहा है। सीएम योगी का काफिला गोवर्धन रोड से नया बस स्टैंड, पीली कोठी तिराहा, प्रियाकुंड मार्ग से होते हुए रोप-वे स्थल पहुंचेगा। सभी मार्गों की सफाई के साथ होली की पेंटिंग कराई जा रही है। राधारानी मंदिर पर सीएम के आगमन को लेकर पूरे मंदिर परिसर की साफ सफाई की जा रही है। सात मार्च को पूरे मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। डीएम सीपी सिंह ने बताया विश्व प्रसिद्ध लड्डू और लठामार होली की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ब्लू प्रिंट तैयार किया है। बरसाना के रंगोत्सव पर 126 सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। 56 स्थानों पर पार्किंग चार वॉच टावर, 12 एंबुलेंस व 3 मेडिकल टीमें मौजूद रहेंगी। मेला क्षेत्र 7 जोन, 18 सेक्टर में बंटेगा। बरसाना में 56 पार्किंग, 94 बैरियर, 7 कुंडो की बैरिकेडिंग, 6 वॉच टावर बनाए जा रहे हैं। नंदगांव में 16 पार्किंग व 35 बैरियर बनाए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ समापन



**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर एटा रोड टूंडला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में सप्तम दिवस पर स्वयं सेवक-सेविकाओं ने साफ-सफाई कर आकर्षक रंगोली बनाई। इस दौरान समापन कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक डॉ.डीपी सिंह द्वारा मां सरस्वती पूजा कर के किया। तथा छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चन्द्र द्वारा मुख्य अतिथि डॉ.डीबी सिंह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्य गीत, देशभक्ति गीत, नृत्यों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्र अभिषेक द्वारा अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.बीपी ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर रवि भारद्वाज, अनूप कुमार, शिल्पा श्रीवास्तव आदित्य दुबे पूजा सिंह, भारती, अंजली मिश्रा, संदीप ओझा आदि कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

## दूल्हे को धमकी बारात लेकर भिंड आये तो मजबूरन गोली मारनी पड़ेगी, लड़का पक्ष ने लिया ये फैसला

**आगरा।** बरात जाने से दो दिन पहले दूल्हे के गांव में पर्चे फेंके गए। दुल्हन के नाम के साथ इन पर्चों पर लिखा गया कि बरात लेकर भिंड आए, तो मजबूरन गोली मारनी पड़ेगी। इस धमकी के बाद दूल्हा पक्ष के लोग डरे हुए हैं। हालांकि हिम्मत दिखाते हुए इन लोगों ने कहा कि बरात तो लेकर ही जाएंगे। जिले में एक दूल्हे को बरात ले जाने से दो दिन पहले धमकी मिली है। दूल्हा बाह के बासौनी गांव का रहने वाला है। बताया गया है कि गांव में बाइक से आए दो युवकों ने पर्चे फेंके। इन पर्चों के माध्यम से धमकी दी गई। दुल्हन के नाम के साथ लिखा गया कि भिंड में बरात लेकर नहीं आना। यदि बरात आई तो मजबूरन दूल्हे को गोली मारनी पड़ेगी। बताया गया है कि बासौनी क्षेत्र के युवक का रिश्ता भिंड की युवती से तय हुआ है। 25 फरवरी को लग्नोत्सव और दावत हो चुकी है। पांच मार्च को भिंड बरात जाएगी। इससे पहले सोमवार को बाइक सवार दो नकाबपोश युवक दूल्हे के गांव पहुंचे। यहां इन बाइक सवारों ने पर्चे फेंके, जिन पर दुल्हन के नाम लिखा हुआ है। इसके साथ ही धमकी लिखी है कि भिंड में बरात लेकर नहीं आना। इस धमकी के मिलने के बाद दूल्हा पक्ष के लोगों ने दुल्हन के घरवालों से बात की। जानकारी मिलने के बाद दुल्हन के परिवार के लोग भी दहशत में हैं। हालांकि उन लोगों ने कहा कि बरात लेकर आएं। वहीं दुल्हन पक्ष से बात करने के बाद दूल्हा पक्ष के लोगों को भी हिम्मत मिल गई है। इस मामले में एसओ बासौनी ने बताया कि उन्हें पर्चे बांटे जाने संबंधी कोई शिकायत नहीं मिली है। थाने पर कोई शिकायत करने नहीं आई है।

## बीएड और एमएड छात्र-छात्राओं का फतेहपुर सीकरी शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बी.एड एवं एम.एड विभाग के छात्र छात्राओं को ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी देने और उनकी शैक्षणिक क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने फतेहपुर सीकरी का भ्रमण कर मुगलकालीन वास्तुकला, इतिहास और भारतीय संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कॉलेज प्रांगण से शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर की गई। फतेहपुर सीकरी पहुँचने पर छात्राओं ने अकबर के शासनकाल में निर्मित इस ऐतिहासिक किले का बारीकी से अवलोकन किया। बुलंद दरवाजा, दीवान-ए-खास, दीवान-ए-आम, पंच महल, जोधाबाई महल और शेख सलीम चिश्ती की दरगाह जैसे प्रसिद्ध स्थलों को देखकर छात्राओं ने इतिहास के गौरवशाली पन्नों को साक्षात अनुभव किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ वास्तविक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे भारत के समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को गहराई से समझ सकें। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने अपने सवालों के माध्यम से इतिहास के विविध पहलुओं को समझने की कोशिश की, जिस पर विशेषज्ञ शिक्षकों ने विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि फतेहपुर सीकरी भारतीय इतिहास की अनमोल धरोहर है, जिसे देख छात्राओं ने न केवल इतिहास के प्रति अपनी रुचि बढ़ाई बल्कि भारतीय स्थापत्य कला के अद्भुत स्वरूप को भी नजदीक से जाना। छात्राओं ने इस शैक्षणिक यात्रा को रोचक और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यह अनुभव उनके अध्ययन और शिक्षण क्षमता को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार के शैक्षणिक दौरों को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस दौरान महाविद्यालय के कई सम्मानित प्रोफेसरगण भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. बीके गोस्वामी, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. एसके राय, डॉ. रेखा राय, डॉ. रुचि अग्रवाल, डॉ. बृजेश बंसल, डॉ नीलम शर्मा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पंकज कुमार और नीतू शर्मा शामिल रहे।

# राष्ट्र धर्म के पोषक और प्रेरक थे स्वामी वामदेव : वासुदेवाचार्य



वृन्दावन। राम मंदिर आंदोलन के आधार पुरुषों में से एक स्वामी वामदेव महाराज के 28वें श्रद्धांजलि संत समागम तथा 24वें अखंड ज्योति स्थापना दिवस पर देश के प्रमुख साधु-संतों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वामी वामदेव महाराज के 27वें निर्वाण महोत्सव में निर्मल पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानदेव सिंह महाराज की अध्यक्षता में आयोजित संत-समागम में भाजपा के सांसद महंत सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने कहा कि स्वामी वामदेव महाराज का जन्म शताब्दी महोत्सव अगले वर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि सनातन धर्म के उत्थान और उत्कर्ष के अग्रणी महापुरुषों में स्वामी वामदेव महाराज युगों-युगों तक स्मरणीय रहेंगे। अखंडानंद आश्रम के महंत स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि वे सरकार तथा विश्व हिंदू परिषद से मांग करेंगे कि राम मंदिर के अगुवा संतों में प्रमुख वामदेव महाराज का चित्रपट राममंदिर परिसर में लगाया जाए। उमा पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि स्वामी वामदेव का संकल्प और लक्ष्य राम, कृष्ण और विश्वनाथ को साथ लने का था। आज राममंदिर की विरल धरोहर उनके त्याग और कीर्ति की गाथा कहती है। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्याभास्कर महाराज ने कहा कि स्वामी वामदेव कभी भी जाति, पंथ, वर्ण और संप्रदायों की संकीर्णताओं में नहीं बंधे। उन्होंने मानव जाति को राष्ट्र धर्म और चिंतन के साथ ही गौवंश सरंक्षण और संवर्धन के लिए भी आंदोलित किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि जिनका जीवन धर्मस्वरुप हो जाए और जिनके जीवन में अध्यात्म के अतिरिक्त कोई भौतिक इच्छा न रहे, उन्हीं महापुरुषों का निर्वाण होता है, बाकी जीवों की तो मृत्यु ही होती है। संयोजक महामण्डलेश्वर स्वामी अनंतदेव गिरि महाराज ने स्वामी वामदेव महाराज के हिंदू राष्ट्र के प्रति संकल्पित और निष्ठित होने के भाव को निरंतर प्रकाशित करने का आह्वान किया।

## दबंगों ने किराये की दुकान पर डाला ताला हड़प लिया 50 लाख का सामान, केस दर्ज

**आगरा।** हरीपर्वत थाना क्षेत्र में एक युवक की किराये की दुकान पर ताला लगा दिया गया। इसके बाद 50 लाख रुपये का सामान हड़प लिया। मामले में दो महीने बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। हरीपर्वत थाना क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक युवक की किराये की दुकान पर अपना ताला लगा दिया। 50 लाख का सामान भी हड़प लिया। थाना प्रभारी और चौकी इचार्ज पर भी जांच के नाम पर पीड़ित को दो महीने तक गुमराह कर समझौते का दबाव बनाने का आरोप है। शिकायत पर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। धौलपुर हाउस, धाकरे एंक्लेव निवासी नवेद कुरैशी ने थाने में कार्रवाई नहीं होने पर प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय संजय महाडिक से इसकी शिकायत की। बताया कि फतेहाबाद रोड स्थित हेरीटेज टावर निवासी ग्यासुद्दीन की नेहरूनगर में दुकान है। 2017 में उन्होंने किराये पर ली थी। 27 अप्रैल 2021 को उनकी मौत हो गई। तब से वह उनकी पत्नी मुर्सत बेगम को किराया दे रहे थे। 25 दिसंबर 2025 को हेरीटेज टावर, फतेहाबाद रोड निवासी मुस्कान, साहिबा और खुशी अपने साथी फैसल व अज्ञात लोगों के साथ दुकान पर आई। जबरन अपना ताला दुकान में लगा दिया। उनका करीब 50 लाख का सामान भी दुकान में बंद था, जो आरोपियों ने हड़प लिया। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

## भाव की डोर से खींचा ठा. राधागोविंद का दिव्य रथ

- रंगोली बनाकर आराध्य की अगवानी में नाचे, थिरके और भक्तजन



**वृन्दावन।** ठा. श्री राधागोविन्द महाराज के वार्षिकोत्सव समारोह के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों ने भाव और प्रेम के डोर से आराध्य के दिव्य रथ को खींचकर अपने जीवन को कृतार्थ किया।

चैतन्य विहार स्थित राधागोविन्द मंदिर का वार्षिकोत्सव छट महोत्सव के रुप में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार प्रातःकाल लगभग 10 बजे परंपरागत अनुष्ठानों के उपरांत ठा. राधागोविन्द दिव्य रथ पर आरुढ़ होकर चैतन्य विहार स्थित मंदिर परिसर से नगर भ्रमण को निकले। रथयात्रा चैतन्य विहार से इस्कॉन मंदिर, रमणरेती, फोगला आश्रम, विद्यापीठ चैराहा, अटल्ला चुंगी, संत कॉलौनी से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान दिव्य रथ को खींचकर भक्त अपने जीवन को धन्य मान रहे थे। अपने आराध्य को भाव और श्रद्धा की डोर से खींचकर मानो भक्तों की चिरभिलषित अभिलाषा पूरी हो रही थी। रथ के आगे परंपरागत वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियों से समन्वित हो भक्तों की मनभावन टोली दिव्य संकीर्तन करती चल रहे थे। वहीं शोभायात्रा के मार्ग में स्थान-स्थान पर भक्तों ने रंगोलियां बनाकर तथा मार्ग को शुद्ध जल से आच्छादित कर अपने आराध्य का मंगल अभिनंदन किया। मंदिर पहुंचने पर ठा. राधागोविन्द की दिव्य आरती भागवत धर्म समाज संस्थापकाचार्य माध्वगौड़ेश्वराचार्य श्रीपाद कृष्ण बलराम स्वामी महाराज ने द्वारा उतारी गई। इसके उपरांत ठा. राधागोविन्द के सानिध्य में ब्रज की मंडलियों द्वारा परंपरागत होली गायन किया गया। सायंकाल ब्रज की लठामार होली और आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर संयोजक विश्वनाथ दास ब्रह्मचारी आदि मौजूद रहे।

## दर्जनों सपाइयों ने कांग्रेस का थामा हाथ

**मथुरा।** डॉ आजाद ने उत्तर प्रदेश के अनेकों जिलों से आए, डॉक्टर्स साथियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष उ.प्र. प्रदीप माथुर की अध्यक्षता मे कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता कॉंग्रेस प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में ग्रहण की गई। सदस्य ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से डॉ. शैख गुल मो. ,लखनऊ, प्रो. डॉ हलीम ,बलरामपुर, डॉ. बृजेश शुक्ला, बलरामपुर, डॉ. मुजक्किर, संत कबीर नगर, डॉ. सलमान, लखनऊ, डॉ. फिरोज आलम, लखनऊ, डॉ. सैफी, लखनऊ, डॉ. इरफान खान, आगरा, डॉ. फखरुद्दीन खान, लखनऊ, डॉ. वसीम, मथुरा, डॉ. सर्वेश, फिरोजाबाद, डॉ. शारुख, सिद्धार्थ नगर, डॉ अरशद खान, लखनऊ, कृष्णवीर पार्षद, फिरोजाबाद, प्रेमपाल, फिरोजाबाद, राजेश गुप्ता, फिरोजाबाद, सुभाष प्रजापति, आगरा, प्रमोद गौतम, आगरा, अनवर एडवोकेट, मथुरा, शब्दल अली, लखनऊ, तसव्वर अली, लखनऊ, अशफाक अली, लखनऊ, इजहार अहमद, बस्ती, शहजाद, मथुरा आदि सभी लोगो ने डॉ आजाद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा है।

## डीएम और डीआईजी ने किया क्यूआर कोड और ब्रजहोली.को.इन साइट का विमोचन

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक/एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में क्यू.आर.कोड एवं ब्रजहोली.को.इन साइट का विमोचन किया। डीएम ने कहा कि ब्रज में होली का त्योहार एक भव्य उत्सव है, जिसमें देश और विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस दौरान सड़कों पर भारी भीड़ और यातायात की समस्या हो सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए ब्रज की होली के दौरान मार्ग, पार्किंग, डाइवर्जन आदि सहायता प्राप्त करने के लिए क्यूआर को स्कैन कर सकते है या ब्रजहोली.को.इन को अपने मोबाइल फोन पर ओपन कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया



**फिरोजाबाद।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, द्वारा कार्यालय स्टाफ के साथ जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय, फिरोजाबाद में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस दौरान कैप्टन आईएनआशीष कुमार मित्तल अप्रा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दविस के सम्बन्ध में प्रकाश डलते हुये अवगत कराया कि इस दिन को मनाने का मकसद जीवन के सभी पहलुओं में व्यक्तिगत और सार्वजनिक कल्याण को प्राथमिकता देना है। वर्ष 2024 में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम थी, ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व तथा वर्ष 2025 में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम है, सुरक्षा और कल्याण विकसति भारत के लिये अहम यह दिन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। साथ ही उक्त अवसर पर सडक सुरक्षा कार्य संस्थान सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में भी प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में कैप्टन आशीष कुमार, जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद व कार्यालय कर्मचारी राघवेंद्र राम कुमार सिंह, मो.लुकमान, सपना, पूर्व सैनिक, वीर नारी एवं पूर्व सैनिक आश्रित आदि उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

**आगरा।** श्रीमद् भागवत जी स्वयं भगवान का एक रूप हैं। ये दिव्य ग्रंथ माध्यम है भगवत प्राप्ति का। जीव की हर समस्या का समाधान इसकी कथा के श्रवण मात्र से मिल जाता है। नर को नारयण प्राप्ति का सुगम और सहज मार्ग परम पवित्र ग्रंथ में बताया गया हैङ्ग. सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन ज्ञान, वैराग्य और भक्ति पर यह उपदेश दिया कथा व्यास युवाचार्य अभिषेक भाइ जी ने। बुधवार से दयालबाग स्थित श्रीबालाजी धाम आश्रम में दिव्य श्रीमद् भागवत कथा एवं फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व 151 कलशों के साथ भव्य और दिव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश लेकर पीत वस्त्र धारण कर महिलाएं राम मोहन विहार स्थित मंदिर से बैंड बाजों के साथ चलीं। कलश यात्रा की अगुवानी स्वयं प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी की सवारी कर रही थी। पदयात्रा करते भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए अरविंद जी महाराज एवं युवाचार्य अभिषेक भाइ चल रहे थे। मुख्य यजमान कुंजी चौहान सिर पर पवित्र ग्रंथ को लेकर चल रही थीं। कलश यात्रा के बाद प्रथम दिन कथा का महात्म्य हुआ। जिसमें कथा व्यास अभिषेक भाइ जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भौतिक जीवन में रहते हुए कैसे आध्यात्म के मार्ग पर चला जाए ये ज्ञान कराती है। एक गृहस्थ यदि सात्विक बनेगा तो उसका पूरा परिवार भी उसी मार्ग पर आगे बढ़ेगा, यदि परिवार सत मार्ग पर चलेगा तो समाज को भी वही दिशा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि भौतिक जीवन की सभी समस्याओं का निदान कथा में मिलता है। यदि आमजन उसका अंश मात्र भी जीवन में उतार ले तो सद्गति को प्राप्त हो सकता है। श्रीबालाजी धाम आश्रम के संस्थापक अरविंद जी महाराज ने बताया प्रतिवर्ष आश्रम में वार्षिकोत्सव के रूप में श्रीमद् भागवत कथा एवं फाल्गुन महोत्सव मनाया जाता है। 10 मार्ग को महोत्सव के अंतर्गत बृज की फूलों की होली होगी और 11 मार्च को कथा विश्राम के पश्चात प्रसादी एवं भंडारा होगा।

# सीएम के आगमन से पूर्व डीएम ने लगायी झाड़ू



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह आज सुबह तड़के ही होली की व्यवस्थाओं को लेकर बरसाना रवाना हो गए। जहां पर उन्होंने अपने अधीनस्थों के साथ हेलीपेड का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि हेलीपेड के सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएं, हेलीपेड के आस पास गंदगी न रहे तथा हेलीपैड के आस पास पानी का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्विस कॉटेज का निरीक्षण करे तथा उत्कृष्ट साफ सफाई रखे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी रोड पर निकल गए। जिलाधिकारी ने गोवर्धन वाले पुल पर हो रही साफ सफाई को लेकर अवर अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पुल के दोनों तरफ पेंटिंग की जाए तथा दोनों ओर साफ सफाई सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही को निर्देश दिए कि अपनी देख रख में साफ सफाई बेहतर कराएं, जहां धूल उड़ रही हो वहां पर पानी का छिड़काव करवाया जाए। सड़क के दोनों किनारों से पॉलिथिन, कपड़े, पान मसाले के पैकेट आदि को उठवाकर बाहर फेंका जाए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रोप वे पर पहुंच कर व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, ईओ एवं सफाई कर्मियों के साथ रोप वे पर साफ सफाई की और रोप वे की नाली स्वयं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने साफ की। रोप वे पर गंदगी मिलने पर रोप वे स्वामी को नोटिस दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी सहित पूरी टीम ने रोप वे के ऊपर ब्राह्मचंल पहाड़ी पर साफ सफाई की और झाड़ू लगाया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने श्रमदान करते हुए पॉलिथिन, पानी को बोतल, पान मसाले के पैकेट, पानी के पाउच आदि को अपने हाथों से उठाकर स्वयं कूड़े को डस्टबिन में डाला। श्री राधारानी जी मंदिर पर साफ सफाई व्यवस्था को परखा, मंदिर के आस पास साफ सफाई की, रंगाई पुताई आदि के लिए ईओ को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सफाईकर्मियों का हौसला बढ़ाया और कहा के हम और आप एक ही इंसान हैं, हम दोनों में कोई अंतर नहीं है, आप हम सब लोग मिलकर ब्रज की सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने श्री राधा बिहारी इंटर कालेज में चल रहे कार्यों को देखा। उन्होंने मंच, पंडाल, आवागमन मार्ग, पंडाल के आस पास साफ सफाई आदि को देखा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बरसाना में स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का जायजा लिया, जहां उनको कार्य संचालित मिला, साफ सफाई, रंगाई पुताई होती मिली।

## गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च करना पड़ा भारी, एक गलती और खाते से उड़ गयी रकम

**आगरा।** ब्लिंकिट से आया सामान वापस करने का झांसा देकर एक व्यक्ति के खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने गूगल से कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया था। यह साइबर अपराधी का निकला। उन्होंने सामान और रकम वापस करने का झांसा देकर व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। इसके बाद खाते से रकम निकाल ली। मामले में थाना जगदीशपुरा में केस दर्ज हुआ है। नरसी विलेज, राजदरबार कालोनी निवासी नरेंद्र सिंह बाल्यान ने मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा कि उन्होंने 2 फरवरी को ऑनलाइन शापिंग कंपनी ब्लिंकिट से घरेलू सामान मंगवाया था। इसमें दो सामान अतिरिक्त आए थे। उन्होंने सामान लौटाने की प्रक्रिया जानने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर खोजा। इसमें एक नंबर मिल गया, जिस पर कॉल करने पर बात करने वाले ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसने बात करने के लिए दूसरा नंबर दिया। उन्होंने सामान वापस करने के बारे में बताया। इस पर कॉल रिसीव करने वाले ने कहा कि कंपनी का प्रतिनिधि शाम तक सामान वापस ले जाएगा। इसके बाद रकम वापस करने के लिए कहने लगा। उसने व्हाट्सएप पर कुछ प्रक्रिया पूरी कराई, जिसमें मोबाइल पर एक लिंक भी भेजा गया। इसके बाद ही खाते से एक बार 39801 रुपये कट गए। कुछ देर बाद ही 1012 कट गए। बैलेंस कटने का मैसेज आने पर नरेंद्र सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने थाना जगदीशपुरा में ठगी की तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

## वॉल्वो कार इंडिया की एक्ससी90 लॉन्च

नई दिल्ली। वॉल्वो कार इंडिया ने आज लग्जरी एसयूवीएस के लिए एक नई मिसाल कायम करने वाली अपनी एक्ससी90 को लॉन्च किया। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन एलिमेंट्स वाली नई एक्ससी90 की कीमत 1,02,89,900 रुपये (एक्स-शोरूम) है, जो कई अवॉर्ड जीतने वाली और सबसे ज्यादा बिकने वाली फ्लैगशिप एसयूवी को और भी बेहतर बना देते हैं। इस आइकॉनिक एसयूवी ने लंबे समय से हमारी कामयाबी में अहम भूमिका निभाई है और हमें नई एक्ससी90 को भारतीय बाजार में पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

## अकासा एयर ने पेश किया फेस्टिव मेन्यू

नई दिल्ली। अकासा एयर की ऑनबोर्ड मील सर्विस यानी कैफे अकासा ने होली स्पेशल मील का तीसरा एडिशन लॉन्च किया है जिसे होली को और भी शानदार बनाने और आसमान में रंगों के त्योहार का जश्न मनाने के लिए विशेष रुप से तैयार किया गया है। भोजन में स्वादिष्ट दही भल्ला चाट, हरी मटर घुघरा, रबड़ी के साथ मालपुआ, और मनभावन पेय पदार्थ शामिल किए गए हैं जो पारंपरिक स्वाद और उत्सव के आनंद को एक साथ लाकर होली के त्योहार को और भी यादगार बनाते हैं। यह लजीज भोजन मार्च 2025 तक अकासा के पूरे एयर नेटवर्क पर उपलब्ध होगा।

## गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स ने बनाया ट्रस्ट का नया प्रतीक

नई दिल्ली। गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स ने महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। यह कैम्पेन भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड गार्नियर के साथ हेयर कलर्स में विश्वास स्थापित करने में नई राह खोलेगा। जिस तरह धोनी ने अपने प्रशंसकों का दिल जीता है, फिर बात उनके अडिग नेतृत्व की हो, बेबाक बातचीत की हो या हमेशा बदलते लुक की। प्रशंसकों को पूरा भरोसा है कि धोनी हर समय सही निर्णय लेते हैं। इसी तरह गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स भी एक दशक से अधिक समय से लाखों भारतीयों के जीवन को प्रभावित कर रहा है।

## सेंसोडाइन का वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन शुरू

नई दिल्ली। सेंसोडाइन ने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रुपए के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड सेंसोडाइन के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरूआत भी करता है।

## आशीर्वाद ने ग्रैंड फिनाले का उत्सव मनाया



लखनऊ। आईटीसी आशीर्वाद ने यूपी वॉरियर्स के सहयोग से लखनऊ में चार कदम आगे क्रिकेट कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली युवा महिला क्रिकेटरों के नाम की घोषणा के साथ हुआ। ये चयनित लड़कियां अब यूपी वॉरियर्स की सीनियर खिलाड़ियों के साथ विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। आशीर्वाद को इस कार्यक्रम में मिली जबर्दस्त भागीदारी पर गर्व है। इन युवा लड़कियों ने खेल के प्रति अविश्वसनीय प्रतिबद्धता और जुनून दिखाया है। हम उम्मीद करते हैं कि वे यूपी वॉरियर्स के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सपनों को साकार करेंगी।

## मैकडॉवेल्स डबल ओक बैरल की शुरुआत

बंगलुरू। मैकडॉवेल्स एंड कंपनी गर्व के साथ मैकडॉवेल्स डबल ओक बैरल की शुरूआत करती है, जो एक अनोखी डबल परिपक्व है। यह उत्पाद 5 मार्च उपलब्ध हो गया। मैकडॉवेल्स डबल ओक बैरल एक खास है जो युवा लोगों के लिए बनाई गई है जो कुछ ऐसा चाहते हैं जो प्रीमियम गुणवत्ता का हो लेकिन फिर भी जिसका किफायती कीमत पर आनंद लिया जा सकता हो।

# सेंसेक्स में 740 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को जोरदार तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक लंबी छलांग लगा गए। बीएसई सेंसेक्स जहां 740 अंक चढ़ गया, वहीं एनएसई निफ्टी में 10 दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा। निचले स्तर पर बिजली और अन्य शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक लौटी।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंक यानी 1.01 प्रतिशत चढ़कर 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.87 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, निफ्टी में 10 कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा। कारोबार के दौरान यह 312.25 अंक तक चढ़ गया था। छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई समॉलकैप सूचकांक 2.80 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.66 प्रतिशत के लाभ में रहा। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,97,247.7 करोड़ रुपये बढ़कर 3,93,04,041.75 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक और जोमैटो के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक बाजारों में मजबूत संकेतों के साथ घरेलू सूचकांकों में तेजी आई। इसका कारण यह संकेत है कि वैश्विक व्यापार तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन कुछ शुल्क दरों को वापस ले सकता है। इससे धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, फरवरी पीएमआई सूचकांक में वृद्धि जैसे स्थानीय कारकों ने भी बाजारों धारणा को मजबूती दी। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण फरवरी में भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेज वृद्धि देखी गई। इसके चलते उत्पादन में तेजी से विस्तार हुआ और रोजगार में पर्याप्त वृद्धि हुई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई व्यापार गतिविधि सूचकांक जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56.5 से बढ़कर फरवरी में 59.0 हो गया। यह तेज विस्तार को दर्शाता है।

# मजबूत मांग के बीच नये ऑर्डर मिलने से फरवरी में सेवा क्षेत्र की तेज वृद्धिः पीएमआई



नयी दिल्ली। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण फरवरी में भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेज वृद्धि देखी गई। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

इसके चलते उत्पादन में तेजी से विस्तार हुआ और रोजगार में पर्याप्त वृद्धि हुई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई व्यापार गतिविधि सूचकांक जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56.5 से बढ़कर फरवरी में 59.0 हो गया। यह तेज विस्तार को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक से विस्तार का संकेत मिलता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी 2025 में बढ़कर 59.0 हो गया, जो जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56.5 से काफी ऊपर है। उन्होंने कहा कि छह महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी वैश्विक मांग ने भारत के सेवा क्षेत्र के लिए उत्पादन वृद्धि को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

# रुपया 13 पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी, अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे मजबूत होकर 87.06 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क वृद्धि के कदम ने वैश्विक बाजारों में एक श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया शुरू कर दी है, जिससे डॉलर में गिरावट आ रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह 87.18 पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 86.93 के दिन के उच्चतम स्तर और 87.20 के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 87.06 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 13 पैसे की बढ़त है। मंगलवार को रुपया 13 पैसे की तेजी के साथ 87.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया लगातार तीसरे दिन मजबूत हुआ, जो क्षेत्रीय मुद्राओं के अनुरूप रहा क्योंकि जोखिम वाली संपत्तियों में उछाल आया, जबकि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के कारण सुरक्षित डॉलर कमजोर हुआ। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.79 प्रतिशत घटकर 104.91 पर कारोबार कर रहा था।

# ट्रूडो ने की ट्रंप की आलोचना

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को अमेरिकी शुल्क को बेहद मूर्खतापूर्ण बताया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू करते हुए रूस को खुश कर रहे हैं। ट्रूडो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कनाडा ट्रंप के 25 प्रतिशत शुल्क के जवाब में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाएगा। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका ने अपने सबसे करीबी साथी और सहयोगी कनाडा खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू कर दिया। साथ ही, वे रूस के साथ सकारात्मक रूप से काम करने, झूठ बोलने वाले हत्यारे तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करने की बात



कर रहे हैं। ट्रंप ने वाशिंगटन के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों मेक्सिको, कनाडा और चीन के खिलाफ शुल्क लगाया, जिसके कारण इन तीनों देशों ने तत्काल जवाबी कार्वाई की। ट्रूडो ने गुस्से में आरोप लगाया कि ट्रंप कनाडाई अर्थव्यवस्था का पूरी तरह पतन चाहते हैं, क्योंकि इससे कनाडा को अमेरिका में मिलाना आसान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा कभी नहीं होने वाला है। हम कभी भी 51वें राज्य नहीं बनेंगे। बाद में मंगलवार को अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने नरमी के संकेत देते हुए कहा कि शुल्क को रोका नहीं जाएगा, लेकिन ट्रंप कुछ समझौता कर लेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि ट्रूडो ने मंगलवार दोपहर को कनाडा के प्रांतों के प्रधानमंत्रियों के साथ बातचीत में कहा कि उन्हें बुधवार को ट्रंप से बात करने की उम्मीद है।

# नवरत्न बनने के बाद रेल क्षेत्र की अन्य कंपनियों को भी दे सकेंगे वित्त

नयी दिल्ली। हाल ही में नवरत्न का दर्जा पाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय रेलवे की जरूरतें पूरी करने की मौजूदा वित्तपोषण गतिविधियों से आगे बढ़कर समूची रेल पारिस्थितिकी में सक्रिय दूसरी कंपनियों को भी वित्तपोषित कर सकती है।

आईआरएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज कुमार दुबे ने नवरत्न का दर्जा मिलने के बाद संवाददाताओं के साथ चर्चा में कहा कि भारतीय रेलवे को वित्त मुहैया कराने वाली कंपनी के लिए अब रेल लॉजिस्टिक परिवेश में शामिल अन्य सभी कंपनियों और गतिविधियों के भी वित्तपोषण की व्यापक गुंजाइश बन गई है। सरकार ने तीन मार्च, 2025 को रेलवे की ही एक अन्य कंपनी आईआरसीटीसी के साथ आईआरएफसी को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के रूप में मंजूरी दी थी। दुबे ने कहा कि रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के मामले में आईआरएफसी के पास अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बढ़त होगी क्योंकि आईआरएफसी बहुत कम खर्च करती है, सस्ते ज ण तक उसकी पहुंच है और उसे 40 पैसे से अधिक मार्जिन की ही चाहत है।

# भारत को क्वांटम कंप्यूटिंग क्षमता का उपयोग करने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण की जरूरत

नयी दिल्ली। क्वांटम कंप्यूटिंग के समय में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही उभरती प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के लिए द्विपक्षीय भागीदारी भी करनी होगी।

नीति आयोग के बुधवार को जारी शोध पत्र में यह कहा गया है। नीति फ्रंटियर टेक हब (नीति-एफटीएच) ने डेटा



सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में शोध पत्र जारी किया है। इसमें क्वांटम कंप्यूटिंग के तेजी से विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव आदि का उल्लेख किया गया है। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने शोध पत्र जारी किया। इसमें कहा गया है कि क्वांटम कंप्यूटिंग द्वारा उत्पन्न अवसरों और खतरों से निपटने के लिए एक रणनीतिक ढांचा आवश्यक है। एक सक्रिय, बहुआयामी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि क्वांटम युग में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत बनी रहे।

## कोका-कोला इंडिया और एसएलएमजी बेवरेजेस ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया और एसएलएमजी बेवरेजेस ने प्रयागराज महाकुंभ में सबसे बड़े चिल्ड ड्रिंक डिस्प्ले का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि लाखों श्रद्धालुओं को ताजगी देने और उद्योग में नए मानक स्थापित करने के उनके संकल्प को दर्शाती है। इस 250 फीट लंबी शानदार डिस्प्ले में 100 दरवाजों वाली कूलर वॉल बनाई गई, जिसमें 32,737 ठंडी ड्रिंक्स रखी गईं। यह अनूठा दृश्य महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बना। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त यह उपलब्धि कोका-कोला इंडिया और एसएलएमजी बेवरेजेस की उत्कृष्टता, विशाल संचालन क्षमता और लाखों श्रद्धालुओं के लिए यादगार अनुभव बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## समृद्धि धन 2.0 के तहत उच्च स्तरीय चर्चाओं की मेजबानी करेगा उपकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) समृद्धि धन 2.0 पहल के तहत डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) स्केल-अप प्लान 2025 पर एक उच्च स्तरीय चर्चा की मेजबानी करने जा रहा है। यह कार्यक्रम गुरुवार, 6 मार्च, 2025 को यूपीसीएआर कार्यालय सभागार, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में होगा, जिसमें विश्व बैंक, शिक्षाविदों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू), कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), निजी उद्योग और संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारक एक साथ आएंगे। यूपीसीएआर उत्तर प्रदेश में टिकाऊ और जलवायु-लचीली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एचपीसीएल और टाटा मोटर्स ने जेन्युन डीईएफ लॉन्च किया

मुंबई। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और भारत की बड़ी कमर्शियल गाड़ियों की निमार्ता टाटा मोटर्स ने मिलकर को-ब्रांडेड जेन्युन डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड लॉन्च किया है।

यह खास फ्लूड डीजल गाड़ियों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने, परफॉर्मेंस बेहतर बनाने और इंजन की एफिशिएंसी बढ़ाने में मदद करेगा। बीआईएस से मान्यता प्राप्त फैक्ट्रियों में तैयार यह हाई-क्वालिटी डीईएफ



इंडस्ट्री के उच्च मानकों का पालन करता है। इसे एचपीसीएल के 23,000 पेट्रोल पंपों के जरिए पूरे देश में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि ग्राहकों को आसानी से और बिना किसी परेशानी के यह प्रॉडक्ट मिल सके। डीईएफ बीएस-6 मानकों वाली डीजल गाड़ियों के लिए एक जरूरी लिक्विड है। यह गाड़ियों से निकलने वाले हानिकारक नाइट्रोजन ऑक्साइड को सुरक्षित नाइट्रोजन और पानी में बदलकर प्रदूषण कम करने में मदद करता है। टाटा मोटर्स के ग्राहक इस को-ब्रांडेड जेन्युन डीईएफ का इस्तेमाल करके अपनी गाड़ी की परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकते हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मीट एंड ग्रीट का किया आयोजन

लखनऊ। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के प्लेटिनम पार्टनर, बैंक ऑफ बड़ौदा ने वडोदरा में एक विशेष मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम चियर द मास्टर्स का आयोजन किया। इस आयोजन में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले संस्करण में भाग लेने वाले चार महान क्रिकेटरों ने शिरकत की, इस दौरान क्रिकेट की भावना और बैंक की इस खेल के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद भारत के इरफान पठान, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस, इंग्लैंड के इयोन मोर्गन और ऑस्ट्रेलिया के शॉन मार्श ने नेतृत्व, उत्कृष्टता, टीम वर्क और मजबूत इरादों और संकल्प जैसे विषयों पर एक रोचक और सार्थक चर्चा में भाग लिया। इस आयोजन ने बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहकों और कर्मचारियों को इन दिग्गज खिलाड़ियों से मिलने और उनके साथ बातचीत करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया।

## पेज एक का शेष

### यूपी के 41

कल्याण निदेशालय से अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल, अतुल कुमार द्वितीय अपर नगर आयुक्त नगर निगम मुरादाबाद से अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल, राजीव पांडेय को अपर आयुक्त बस्ती मंडल से एडीएम (न्यायिक) इटावा बनाया गया है। मनोज कुमार तिवारी को सहायक नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी से अपर आयुक्त बस्ती मंडल, विनोद कुमार पांडेय को एसडीएम बस्ती से नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद, संजीव कुमार शाक्य एसडीएम आगरा से एडीएम (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) प्रयागराजए ज्ञानेश्वर प्रसाद को विशेष कार्याधिकारी राजस्व परिषद से एडीएम (न्यायिक) मैनपुरी बनाया गया है। खालिद अंजुम को एसडीएम हमीरपुर से एडीएम (न्यायिक) सीतापुर, भारत राम एसडीएम प्रतापगढ़ से एडीएम (न्यायिक) बुलंदशहर, अशोक कुमार यादव एसडीएम वाराणसी से एडीएम (न्यायिक) ललितपुर, संदीप कुमार श्रीवास्तव एसडीएम अयोध्या से एडीएम (न्यायिक) बदायूं, जंग बहादुर यादव एसडीएम कानपुर नगर से एडीएम (न्यायिक) रामपुर बनाए गए हैं। ज्ञान प्रकाश यादव एसडीएम जौनपुर से एडीएम (न्यायिक) सिद्धार्थनगर, रमेश चंद्र एसडीएम संतकबीरनगर से एडीएम (न्यायिक) सोनभद्र, नीरज प्रसाद एसडीएम वाराणसी से एडीएम (न्यायिक) औरैया, रमेश मौर्य एसडीएम प्रयागराज से एडीएम (न्यायिक) एटा बनाया गया है। राजेश चंद्र एसडीएम हमीरपुर से एडीएम (न्यायिक) मेरठ, राम आसरे वर्मा एसडीएम बाराबंकी से एडीएम (न्यायिक) सहारनपुर, मंजूर अहमद अंसारी एसडीएम देवरिया से एडीएम (न्यायिक) कासगंज, सुशील कुमार यादव एसडीएम गोंडा से एडीएम (न्यायिक) मुजफ्फरनगर, जयजीत सिंह हौरा एसडीएम प्रयागराज से एडीएम (न्यायिक) महाराजगंज, जितेंद्र पाल एसडीएम प्रतापगढ़ से एडीएम (न्यायिक) मुरादाबाद, दिग्विजय कुमार सिंह एसडीएम अमेठी से एडीएम (न्यायिक) कानपुर देहात भेजा गया है।

### हवाई अड्डे पर

कर्नाटक स्टेट पुलिस हाउसिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पद पर हैं। मामले में, कुल 17.29 करोड़ रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई, जिसमें 4.73 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य चीजें भी शामिल हैं। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार, 14.2 किग्रा सोने की यह खेप हाल के दिनों में बेंगलुरू हवाई अड्डे पर हुई सबसे बड़ी जब्तियों में से एक है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डीआरआई ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एक यात्री के पास से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की विदेशी छड़ें जब्त कीं। बयान में कहा गया है, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्वाई करते हुए डीआरआई अधिकारियों ने 33 वर्षीय एक भारतीय महिला यात्री को रोका, जो तीन मार्च को एमीरेट्स (एयरलाइंस) की एक उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच करने पर, उनके पास 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं, जिन्हें छिपा कर रखा हुआ था।

### भारत जल्द

गंतव्यों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन गंतव्यों में होटलों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने से पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा, बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध शहरीकरण जरूरी है। हमने शहरी चुनौती कोष के लिए एक लाख करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला किया है। निजी क्षेत्र, खासकर रियल एस्टेट उद्योग को योजनाबद्ध शहरीकरण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचा क्षेत्र के बराबर कौशल विकास को महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि एआई से अर्थव्यवस्था में लाखों करोड़ रुपये का योगदान मिल सकता है। इस दिशा में, हमने बजट में एआई आधारित शिक्षा और शोध के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत एआई क्षमता के विकास के लिए राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है।

### महाकुंभ ने

से लेते थे, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार का जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड है उसके अपने नमूने एकत्र होते थे और प्रयोगशाला भी मौजूद है। हमने कोई आउटसोर्स नहीं किया बल्कि स्वयं के मानव संसाधन से सारे नमूने लेते थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम लोग देखते थे कि जिन क्षेत्रों में खासतौर पर आबादी वाले क्षेत्रों में जहां भैंस-गाय नदी में नहाती हैं तो पानी में फीकल कॉलीफॉर्म की मात्रा बढ़ती है। लेकिन संगम में जब भी नमूने लिए गए तो वे शुद्धता के सभी मानकों को पूरा करते हुए दिखाई दिए हैं। जनवरी से लेकर फरवरी तक हर नमूना वहां पर खरा उतरा है। उन्होंने महाकुंभ के दौरान काशी और अयोध्या में भी बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने का जिक्र करते हुए कहा कि इन धार्मिक नगरियों के आम लोगों ने अपनी असुविधाओं की परवाह न करते हुए अतिथि सत्कार की भावना प्रदर्शित की। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के सदस्यों से मुखातिब होते हुए कहा, आप पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की बात करते हैं। मैं तो एक नाविक की चर्चा कर रहा हूं। एक नाविक परिवार जिसके पास 130 नौकाओं का बेड़ा है, उसने महाकुंभ में 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी के बीच 30 करोड़ रुपए कमाए हैं। आप मुझे बताइए कि क्या इतना पैसा कभी कोई कमा सकता है? प्रतिदिन का अगर आप औसत देखें तो एक नौका से उनकी प्रतिदिन 50 से 55 हजार रुपए की कमाई हुई थी। आदित्यनाथ ने कहा, कौन तबका ऐसा था जिसने महाकुंभ में धन ना कमाया हो। हमारा अनुमान है कि इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक का योगदान हुआ है।

### लोहिया के

को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। इस बयान के बाद यूपी विधान परिषद् में मुख्यमंत्री ने सपा को आड़े हाथ लिया है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे, श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था। उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू है जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उसपर गर्व कर सकते हैं। योगी ने सपा पर भारत की आस्था पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगजेब ने जजिया कर लगाया, मंदिर तोड़े और भारत का इस्लामीकरण करने की कोशिश की। कोई सभ्य मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसे पता है कि वह उसे एक एक बूंद पानी के लिए तरसा देगा। उन्होंने सपा से सवाल किया कि वह महाकुम्भ जैसे आयोजन की आलोचना करती है और दूसरी ओर औरंगजेब जैसे 'दुर्दांत और धर्मांध' शासक का महिमामंडन करती है।

### अमेरिका भारत

है कि भारत को अमेरिका के जवाबी शुल्क से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि शुल्क संरचना पर कोई भी उनसे बहस नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों पर चीन का औसत शुल्क दोगुना है... और दक्षिण कोरिया का औसत शुल्क चार गुना ज्यादा है। जरा सोचिए, चार गुना ज्यादा और हम दक्षिण कोरिया को सैन्य रूप से तथा कई अन्य तरीकों से इतनी मदद देते हैं। लेकिन यही होता है। यह दोस्त और दुश्मन दोनों की तरफ से हो रहा है। यह प्रणाली अमेरिका के लिए उचित नहीं है।

### प्रधानमंत्री मोदी

दिखायेंगे व ट्रैकिंग दल को भी रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा हर्षिल में सार्वजनिक समारोह में शामिल होकर एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यह दौरा उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, प्रधानमंत्री मुखबा व्यू प्वाइंट से ही हिमालय के दर्शन करेंगे। इसके बाद हर्षिल पहुंचकर विंटर टूरिज्म पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। पीएम के दौरे से शीतकालीन यात्रा को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के दौरे से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे उत्तराखंड में स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे, पर्यटन व्यवसाय और सीमावर्ती गांवों के विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

### हाथरस भगदड़

का भ्रमण करने की जहमत तक नहीं की थी। घटना से पहले कार्यक्रम के आयोजन की सूचना आईजी रेंज अलीगढ़, मंडलायुक्त अलीगढ़ और एडीजी जोन आगरा को भी नहीं दी गई। सारी व्यवस्था आयोजकों और सेवादारों के हाथ में सुपुर्द कर पुलिस-प्रशासन बेफ्रिक हो गया था। कार्यक्रम से जुड़ी सारी अनुमतियां भी अधिकारियों ने एक दिन के भीतर ही प्रदान कर दी थीं। इतना ही नहीं, हाथरस के डीएम और एसपी को भी कार्यक्रम की सूचना एक दिन पहले रात में मिली थी। कार्यक्रम अनुमति और शर्तों के मुताबिक हो रहा है कि नहीं, इसे परखने का प्रयास तक नहीं हुआ। नतीजतन 80 हजार लोगों के एकत्र होने की अनुमति वाले कार्यक्रम में 2.50 से 3 लाख लोगों की भीड़ जुटी, जिससे सारी व्यवस्थाएं धराशायी हो गईं। जांच में सामने आया कि सत्संग समाप्त होने के बाद लोग एकाएक हाईवे की तरफ आए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सड़क के किनारे खेतों की तरफ बरसात की वजह से फिसलन थी। भोले बाबा के जाने के बाद हाईवे की तरफ आई भीड़ फिसलन की वजह से ढलान की ओर बढ़ती चली गई। जो जिधर भाग पाया, भागा और जो गिरा, वह उठ नहीं पाया। उसके ऊपर लोग गिरते-पड़ते-कुचलते गए। जिसका मुंह नीचे था, वह नीचे ही दब गया। इसी वजह से अधिकतर लोगों की मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबना भी आई है। किसी भी शव की रिपोर्ट में जहर से मृत्यु होने का जिक्र नहीं है।

### केदारनाथ-हेमकुंड

के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या टट्टुओं, पालकियों या हेलीकॉप्टर द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे का उद्देश्य मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करना तथा सोनप्रयाग और केदारनाथ के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है।

### आखिरकार

करते हुए मचान से निगरानी कर रहा है। डीएफओ डा. सीतांशु पाण्डेय ने बताया कि बुधवार की रात बाघ को पकड़ लिया गया। बाध के पकड़ में आते ही गांव वालो की मौके पर भीड़ लग गयी जो जहां खड़ा था वही से अपने मोबाईल में फोटो खीच रहा था।

# किसी को अपनी कार्य-पद्धति तय करने की अनुमति न दें

## अपने जीवन को नदी की तरह बहने दें, नहर की तरह नहीं : धनखड़

एजेंसी



चंडीगढ़। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को छात्रों को सलाह दी कि वे किसी को भी अपनी कार्य-पद्धति तय करने की अनुमति न दें और असफलता से नहीं डरें। धनखड़ ने यह टिप्पणी सिरसा में जन नायक चौधरी देवी लाल विद्यापीठ (जेसीडी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए की।

इस मौके पर हरियाणा के मंत्री रणबीर गंगवा, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता एवं देवी लाल स्मारक न्यास के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, इनेलो विधायक तथा जेसीडी विद्यापीठ के अध्यक्ष अर्जुन चौटाला भी उपस्थित थे। धनखड़ ने दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन की शुरुआत में उपस्थित लोगों से कहा कि वे हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय हित से बड़ा कोई हित नहीं हो सकता। व्यक्तिगत और राजनीतिक हित महत्वहीन हैं। धनखड़ ने विद्यार्थियों से अपने रुचि और योज्ञता के अनुसार जीवन में कॅरियर चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, अपने जीवन को नदी की तरह बहने दें, नहर की तरह नहीं एक समय था जब बच्चा पैदा होता था और माता-पिता यह निर्णय लेते थे कि उनके बच्चे को क्या कॅरियर चुनना है। उपराष्ट्रपति ने उनसे कहा कि भारत आज युवाओं के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है और उन्हें इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा अगर आप चारों ओर देखें तो आपके लिए अवसरों की भरमार है, यह नीली अर्थव्यवस्था में है, यह अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में है। आप ऐसे समय में भारत में हैं, जब पिछले दशक में कोई भी देश भारत जितना तेजी से नहीं बढ़ा है और इतना बड़ा नहीं हुआ है। धनखड़ ने कहा चाहे वह आर्थिक विकास हो अभूतपूर्व बुनियादी ढांचे का विकास हो, डिजिटलीकरण हो भारत में प्रति व्यक्ति इंटरनेट खपत चीन और अमेरिका की संयुक्त खपत से भी अधिक है। डिजिटल लेनदेन के बारे में उन्होंने कहा कि ये अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के संयुक्त लेनदेन से चार गुना अधिक है।

**❍ धनखड़ ने छात्रों से कहा**

धनखड़ ने कहा यदि हम अपनी अर्थव्यवस्था का अध्ययन करें तो पाएंगे एक दशक पहले हमारी अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर थी लेकिन आज हमारा विदेशी मुद्रा भंडार करीब 700 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का है। उन्होंने छात्रों से कहा आप भाग्यशाली हैं कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जब भारत संभावनाओं से भरा पड़ा है। यहां एक पारिस्थितिकी तंत्र, सकारात्मक सरकारी नीतियां, सहायक नीतियां मौजूद हैं जो आपको अपनी प्रतिभा और क्षमता का दोहन करने तथा अपनी महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का अवसर देती हैं।

# पर्यावरण निधि के कथित दुरुपयोग पर उत्तराखंड सरकार से मांगा जवाब-तलब



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार द्वारा आईफोन तथा अन्य वस्तुएं खरीदने के लिए प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) निधि के कथित दुरुपयोग को लेकर बुधवार को आपत्ति जताई तथा राज्य के मुख्य सचिव से जवाब मांगा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वनरोपण के लिए निर्धारित कैम्पा निधि का कथित रूप से उपयोग आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज की खरीद और भवनों के नवीनीकरण समेत अस्वीकृत व्ययों के लिए किया गया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, कैम्पा निधि का इस्तेमाल हरित आवरण बढ़ाने के लिए किया जाना है।

इसका उपयोग गैर-स्वीकृत गतिविधियों के लिए किया जाना तथा अधिनियम के अनुसार ब्याज को एसससीएएफ (राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि) में जमा न करना गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए हम उत्तराखंड के मुख्य सचिव को इन पहलुओं पर एक हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हैं। कैग रिपोर्ट में 2019-2022 तक कैम्पा निधि के इस्तेमाल की जांच की गई और इसमें कई वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं। आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज, कूलर और कार्यालय नवीनीकरण की कथित अनधिकृत खरीद के अलावा निधि का कथित तौर पर इस्तेमाल अदालती मामलों से लड़ने और व्यक्तिगत खर्चों के लिए भी किया गया था। इसमें कैम्पा अधिकारियों के बार-बार अनुरोध के बावजूद 2019-20 और 2021-22 के बीच 275.34 करोड़ रुपये के ब्याज का भुगतान न करने का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार ने इस मुद्दे की जानकारी होने के साथ यह दावा किया कि ब्याज देनदारी के 150 करोड़ रुपये जुलाई 2023 में जमा कर दिए गए। यद्यपि यह आरोप है कि एक बड़ी राशि का हिसाब-किताब नहीं है।

संक्षेप

## पाक में सैन्य अडडे पर विस्फोट, 12 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक दिन पहले सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर किये गए दोहरे बम विस्फोट में मारे गए 12 लोगों का अंतिम संस्कार करने की तैयारियों के बीच, बुधवार को यहां स्कूल और दुकानें बंद रहीं। प्रांत के बन्नू शहर में मंगलवार की शाम हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी पाकिस्तान तालिबान से जुड़े एक चरमपंथी संगठन ने ली है। इन दो आत्मघाती हमलों के जरिये सैन्य अड्डा परिसर की चहारदीवारी तोड़ दी गई थी। हमले के वक्त, कई स्थानीय निवासी इफ्तार कर रहे थे या निकट की एक मस्जिद में नमाज अदा कर रहे थे। विस्फोटों के बाद, अन्य हमलावरों ने सैन्य अड्डा परिसर में धावा बोल दिया और सैनिकों के साथ उनकी मुठभेड़ हुई। विस्फोट के कारण मस्जिद को भी भारी नुकसान पहुंचा। हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हमले या उसके बाद हुई मुठभेड़ में कितने सुरक्षा कर्मी मारे गए या घायल हुए हैं। बन्नू समुदाय के एक बुजुर्ग सदस्य आलम खान ने बताया कि इलाके के एक खेल परिसर में जनाजे की नमाज अदा की गई। खान ने कहा, सभी शिक्षण संस्थान बंद हैं। अधिकतर दुकानें भी बंद हैं।

# इज़राइल के गाजा में खाद्य व सहायता आपूर्ति रोकने से लोगों के सामने फिर से संकट खड़ा

एजेंसी

यरुशलम। इजराइल ने गाज़ा की 20 लाख की आबादी के लिए खाद्य, ईंधन, दवाएं और अन्य आपूर्ति रोक दी है जिससे कीमतें बढ़ गई हैं तथा मानवीय सहायता समूह शेष भंडार को सबसे कमजोर लोगों तक वितरित करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। सहायता पर रोक से सहायताकर्मियों की वह प्रगति खतरे में पड़ गई है जो उन्होंने पिछले छह सप्ताहों में इजराइल और हमास के बीच जनवरी में हुए संघर्ष विराम समझौते के प्रथम चरण के दौरान भुखमरी से निपटने के लिए हासिल की थी। करीब सोलह महीने के युद्ध के बाद, गाजा की आबादी पूरी तरह से बाहर से आने वाली खाद्य सामग्री और अन्य सहायता पर निर्भर है। ज़्यादातर लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं और कई लोगों को आश्रय की ज़रूरत है। अस्पतालों, पानी के पंपों, बेकरियों और दूरसंचार के साथ ही सहायता पहुंचाने वाले ट्रकों को चालू रखने के लिए ईंधन की ज़रूरत है। इजराइल का कहना है कि घेराबंदी का उद्देश्य हमास पर उसके युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना है।

# तेजस पायलटों के जीवन रक्षक प्रणाली का परीक्षण

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हल्के लड़ाकू विमान तेजस में पायलटों के लिए स्वदेशी जीवनरक्षक प्रणाली का अत्यधिक उंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योज्ञ ऑक्सीजन उत्पन्न करने और उसे नियंत्रित करने के लिए अत्याधुनिक जीवनरक्षक प्रणालियां डिजाइन की गई हैं, जिससे पारंपरिक सिलेंडर आधारित ऑक्सीजन पर निर्भरता समाप्त हो गई है। ये परीक्षण मंगलवार को किये गए।

मंत्रालय ने कहा कि उपयुक्त संशोधनों के साथ इस प्रणाली को मिग-29के और अन्य विमानों में भी उपयोग के अनुकूल बनाया जा सकता है। इसने कहा, डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित रक्षा जैव-इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला ने 4 मार्च को एलसीए तेजस विमान के लिए ऑक्सीजन उत्पन्न करने वाली स्वदेशी प्रणाली (ओबीओजीएस) आधारित एकीकृत जीवनरक्षक प्रणाली (आईएलएसएस) का उच्च उंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आईएलएसएस का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एलसीए-प्रोटोटाइप वाहन-3 विमान पर परीक्षण किये गए।

**❍ डीआरडीओ ने किया परीक्षण**

# वास्तविक लैंगिक समानता के लिए प्रौद्योगिकी में समानता जरूरी : स्मृति

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने वास्तविक लैंगिक समानता के लिए प्रौद्योगिकी में समानता सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत पर बुधवार को बल दिया। महिला सशक्तिकरण पर इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ईरानी ने एआई (कृत्रिम मेधा) प्रणालियों में अंतर्निहित प्रणालीगत पूर्वाग्रहों पर प्रकाश डाला और इन असमानताओं को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने हितधारकों से आग्रह किया कि वे महिला सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में डिजिटल समानता को प्राथमिकता दें। ईरानी ने कहा, एआई के युग में, यह पुरुष का महिला से मुकाबला या महिला का पुरुष से मुकाबला नहीं है। यह मानवता का मुकाबला है कि एआई हमारे साथ क्या करेगा। उन्होंने एक शोध का हवाला दिया, जिससे पता चलता रहै कि दुनिया भर में 133 एआई प्रणालियों में से 44 फीसदी एआई प्रणालियां लिंग-समावेशी नहीं हैं। ईरानी ने एआई-संचालित वित्तीय प्रणालियों में लैंगिक पूर्वाग्रह का एक उल्लेखनीय उदाहरण साझा किया।

# जेलेंस्की का मिला पत्र, बातचीत को तैयार : ट्रंप

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को करीब 100 मिनट तक संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू ही हुआ है। साथ ही उन्होंने अर्थव्यवस्था, आव्रजन तथा विदेश नीति को पुनः दिशा देने में त्वरित और निरंतर कार्वाई का श्रेय लिया। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप के संबोधन का विषय अमेरिकी सपने का नवीकरण था, जिसमें उन्होंने अपनी उपलब्धियों को सामने रखा। साथ ही कांग्रेस से अपील की कि वह उनके आक्रामक आव्रजन अभियान को वित्तपोषित करने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराए। ट्रंप ने कहा , यह कुछ और नहीं बल्कि तेज और अथक कार्वाई रही। लोगों ने मुझे काम करने के लिए चुना है और मैं यह कर रहा हूं। इस दौरान उन्होंने आव्रजन, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की, साथ ही कहा कि अमेरिका का विश्वास और सम्मान लौटा है। लगभग 100 मिनट तक बोलने के बाद अपना भाषण समाप्त करते हुए उन्होंने कांग्रेस से कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू ही हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें एक अहम पत्र मिला है। ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की का प्राप्त एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि युद्ध प्रभावित देश के राष्ट्रपति पुनः वार्ता की मेज पर आना चाहते हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते ओवल ऑफिस में जेलेंस्की की ट्रंप के साथ तीखी नोकझोंक हुई थी जिसके बाद रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के लिए वार्ता को विफल माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा, हमने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है और हमें इस बात के मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं।

## हवाई में ज्वालामुखी से लावा फूटा

होनोलूलू (अमेरिका)। अमेरिका के हवाई में मंगलवार को ज्वालामुखी से लावा फूटा और 150 फुट से ज्यादा उंचाई तक गया। रुक-रुक कर हो रहे विस्फोट के कारण लावे के और उंचाई तक जाने की आशंका है। बिग आइसलैंड के हवाई वोलकेनोज़ नेशनल पार्क में स्थित विश्व के सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक किलाउआ के शिखर पर 23 दिसंबर से विस्फोट होना शुरू हुआ। मंगलवार को 12वां विस्फोट हुआ। हवाई ज्वालामुखी वेधशाला ने कहा कि सुबह हल्के प्रवाह के साथ लावा निकलना शुरू हुआ लेकिन दोपहर में इसमें तेजी आई।

# कुलियों के अधिकारों के लिए लड़ूंगा : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखि़म में डालकर लोगों की मदद की लेकिन सरकार इनकी आवाज़ नहीं सुन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इनकी मांगें सरकार के समक्ष रखेंगे और उनके अधिकारों के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के दौरान लोगों की मदद करने वाले कुलियों के एक समूह से बीते शनिवार को मुलाकात की थी। उसका वीडियो बुधवार को उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। बीते 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया, कुछ दिनों पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच कर वहां के कुली भाइयों से फिर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भगदड़ वाले दिन किस प्रकार सभी ने मिल कर लोगों की जान बचाने के हरसंभव प्रयास किए।

उन्होंने कहा कि भीड़ से लोगों को निकालने, घायलों को एम्बुलेंस तक पहुंचाने और मृतकों के शवों को बाहर निकालने के लिए कुलियों ने हरसंभव तरीके से यात्रियों की सहायता की। राहुल गांधी के अनुसार, उन्होंने इसके लिए कुलियों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, इन भाइयों की संवेदना देख कर बहुत प्रभावित हूं। अभी भी वो आर्थिक रूप से तंगी की हालात में जी रहे हैं - मगर जज़्बे और सद्भावना से भरपूर हैं। उन्हें सहायता की दरकार है, जिसके विषय में उन्होंने अपनी मांगें बताई हैं।

इंटरटेनमेंट...

# 'द डिप्लोमैट' नाम सुनकर ही मैंने बोल दिया था हां : जॉन



मुंबई। एक्टर जॉन अब्राहम जल्द ही फिल्म 'द डिप्लोमैट' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में जॉन डिप्लोमैट जितेंद्र पाल सिंह का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में पाकिस्तान में रह रही भारतीय लड़की उज्मा अहमद के रेस्क्यू की सच्ची कहानी दिखाई गई है। उज्मा के रेस्क्यू में जेपी सिंह का बड़ा अहम रोल था। उस वक्त जेपी सिंह पाकिस्तान स्थित इंडियन एंबेसी में बतौर ज्वाइंट हाई कमीश्नर कार्यरत थे। दिल्ली की रहने वाली उज्मा इंटरनेट के जरिए पाकिस्तान के ताहिर से मिलती है। ताहिर मलेशिया में टैक्सी ड्राइवर था और उसने उज्मा को वहां जॉब का ऑफर दिया। जिसके बाद वो मलेशिया पहुंचती है। कुछ समय बाद उज्मा अपने एक रिश्तेदार से मिलने पाकिस्तान जाती है, जहां फिर से वो ताहिर से टकराती है। ताहिर उज्मा को धोखे से नींद की गोली देता है और बंदूक की नोंक पर निकाहनामे पर साइन कराता है। काफी मशक्कत के बाद उज्मा वतन वापसी के लिए इंडियन एंबेसी पहुंचती, जहां उसकी मदद जितेंद्र पाल सिंह करते हैं। फिल्म 'द डिप्लोमैट' को शिवम नायर ने डायरेक्ट किया है। 14 मार्च को फिल्म रिलीज होने वाली है। जॉन अब्राहम और डायरेक्टर शिवम नायर ने बातचीत की है। हमारी फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म डिप्लोमैट जेपी सिंह के ऊपर बनी है। असल में, डिप्लोमैट बहुत कम शब्द का इस्तेमाल करते हैं। मैं और फिल्म के राइटर रितेश शाह जेपी सिंह से दो-तीन बार मिले थे। हमने उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को स्टडी किया। उनके कैरेक्टर को समझने की कोशिश की। हमने जो स्क्रिप्ट तैयार कि वो काफी शार्प और एडिक्टेड है।

**❍ मैं एस जयशंकर का बहुत बड़ा फैन हूं**

उसमें एक भी एक्स्ट्रा लाइन नहीं जोड़ा जा सकता था। अगर एक भी एक्स्ट्रा लाइन जोड़ दिया जाए तो कहानी का बैलेंस बिगड़ जाता। जब हम जॉन के पास स्क्रिप्ट लेकर पहुंचे तो उन्होंने पढ़कर ही हां बोल दिया था। जॉन- हां, ऐसा ही हुआ था। मुझे इस फिल्म की कहानी के बारे में कुछ भी नहीं पता था। मेरे वर्क डेस्क पर फिल्म की स्क्रिप्ट रखी हुई थी और जब मैंने नाम देखा 'द डिप्लोमैट' तो मुझे वो नाम बहुत पसंद आया। मैं जियो पॉलिटिकली बहुत ज्यादा अवेयर रहता हूं। मुझे डिप्लोमैट बहुत पसंद भी हैं।

मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और बिना रुके आखिर तक पढ़ता गया। स्क्रिप्ट पढ़कर मैं इतना एक्साइटेड था कि उस टाइम मैंने अपने मैनेजर तक को कुछ नहीं बताया। सीधे प्रोड्यूसर को कॉल किया और उनसे कहा कि मैं डायरेक्टर से मिलना चाहता हूं। मैं शिवम से मिला और उसी मुलाकात से हमारी ट्यूनिंग शुरू हो गई। मुझे याद है मुझसे पूछा गया था कि आपकी डेट्स क्या है, कितने पैसे लेंगे? मैंने कहा वो सब भूल जाओ। मैं सिर्फ डायरेक्टर के हिसाब से काम करना चाहता हूं। वो जो बोलेंगे मैं करूंगा।

## 'स्क्रिप्ट में था दम' लेकिन प्रोड्यूसर के इरादे खराब

**मुंबई।** 2014 में मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीत चुकीं मॉडल-अभिनेत्री अलंकृता सहाय अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि कैसे एक पंजाबी फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रोड्यूसर के अजीब व्यवहार ने उन्हें असहज कर दिया, जिससे उन्हें फिल्म छोड़नी पड़ी। बातचीत के दौरान, उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प किस्से शेयर किए। बता दें, अलंकृता ने बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म 'लव पर स्क्वायर फीट' से किया था, जिसमें वह विक्की कौशल के साथ नजर आई थीं। बचपन में मुझे परफॉर्मिंग आर्ट्स का बहुत शौक था। स्कूल में डांस, डिबेट, नाटक - हर चीज में हिस्सा लेती थी। मेरी टीचर और पेरेंट्स ने हमेशा सपोर्ट किया। लेकिन उस वक्त सोचा नहीं था।

# मीका सिंह के बयान पर बिपाशा बसु का पलटवार



**मुंबई।** सिंगर मीका सिंह ने बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर के साथ वेब सीरीज में काम करने के अनुभव को साझा किया है। एक इंटरव्यू में मीका ने कहा है कि क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज डेंजरसमें अभिनेत्री बिपाशा बसु के साथ काम करना उनके लिए बुरा अनुभव रहा। बिपाशा बसु ने मीका सिंह के इस बयान पर पलटवार किया है। एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने अपनी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर करते हुए लिखा है- जहरीले लोग अराजकता पैदा करते हैं, उंगली उठाते हैं, दोष मढ़ते हैं और जिम्मेदारी लेने से बचते हैं। विषाक्तता और नकारात्मकता से दूर रहें। भगवान सब का भला करें। बता दें कि वेब सीरीज डेंजरस को सिंगर मीका सिंह ने विक्रम भट्ट के साथ प्रोड्यूस किया था। पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में सिंगर ने कहा था कि बिपाशा ने सीरीज में काम करते समय नखरे दिखाए थे।

# अभिषेक को बिना वजह मिली नेगेटिविटी



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने उन ट्वीट्स पर रिएक्शन दिया है, जिसमें उनके बेटे और एक्टर अभिषेक बच्चन की तारीफ की गई थी। दरअसल, हाल ही में एक यूजर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इस बात का जिक्र किया था कि अभिषेक बच्चन को बिना किसी कारण के नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा है, जबकि वह एक शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने लिखा, 'अभिषेक बच्चन को बिना वजह के नेपोटिज्म और नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा है, जबकि उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में कीं और कुछ फिल्मों में तो उनका काम बेहद अच्छा रहा। मैं यह सोचता हूं, दोस्तों और आपका क्या सोचना है?' वहीं, इसे रीट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'मैं भी यही महसूस करता हूं, और यह सिर्फ इसलिए नहीं क्योंकि मैं उनका पिता हूं।' अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्म बी हैप्पी के ट्रेलर को शेयर करते हुए एक फैन ने उनके काम की तारीफ की थी। इस पर अमिताभ बच्चन ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'अभिषेक, तुम अद्भुत हो। तुम हर फिल्म के किरदार के साथ जिस तरह से खुद को ढालते और बदलते हो, वह एक कला है, जो अविश्वसनीय है।

**❍ अमिताभ बोले – मैं भी ऐसा महसूस करता हूं**




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com